✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 119 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 24 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

बक्सर में 92 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास करते सीएम सम्राट चौधरी

सीएम सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में 24 एजेंडों पर लगी मुहर

बेगूसराय में रामधारी सिंह दिनकर और पटना में बनेगा माता सीता महिला विश्वविद्यालय

नवादा के वारिसलीगंज में नई चीनी मिल की स्थापना को मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक हुई जिसमें 24 एजेंडों पर मुहर लगी। बैठक में शिक्षा, पशुपालन और उद्योग से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। सरकार ने बेगूसराय में रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय और पटना में मां सीता महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी। वहीं पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री गो-धन विकास ऋण योजना को भी स्वीकृति दी गई। बेगूसराय में रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए पदाधिकारी और कर्मचारियों के वेतन आदि पर खर्च के लिए 15 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने कहा कि दिनकर की साहित्यिक और राष्ट्रचेतना की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। कैबिनेट ने पटना में माता सीता महिला विश्वविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी दी है। विश्वविद्यालय के लिए पदाधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन आदि से जुड़े खर्च की प्रशासनिक स्वीकृति भी दी गई है। सरकार के इस फैसले से राज्य में महिला शिक्षा के लिए अलग विश्वविद्यालय

स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा है। कैबिनेट ने पशुपालकों के लिए मुख्यमंत्री गो-धन विकास ऋण योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत बैंक से लिए गए ऋण के ब्याज पर 100 फीसदी सब्सिडी मिलेगी। इसका मतलब है कि लाभुकों को केवल मूलधन चुकाना होगा। योजना के लिए 1,600 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने कोसी क्षेत्र में डेयरी विकास से जुड़ी आठ परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसके तहत 500 नई दुग्ध सहकारी समितियों और डेयरी सुविधाओं के विकास की योजना है। इन योजनाओं के लिए 126.07 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। नवादा के वारिसलीगंज में नई चीनी मिल की स्थापना को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इस परियोजना में 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव है। सरकार के मुताबिक इससे नवादा के साथ नालंदा, शेखपुरा और जमुई के किसानों को फायदा मिलेगा। इन जिलों के गन्ना किसानों के लिए चीनी मिल बाजार और प्रसंस्करण की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह फैसला अहम है। कैबिनेट के फैसलों में शिक्षा के साथ पशुपालन, डेयरी और चीनी उद्योग पर भी जोर दिया गया है। दिनकर विश्वविद्यालय और महिला विश्वविद्यालय की स्थापना से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई संस्थागत व्यवस्था बनेगी। वहीं गो-धन योजना और डेयरी परियोजनाओं से पशुपालकों को वित्तीय सहायता और डेयरी ढांचे के विस्तार का रास्ता खुलेगा।

बिहार में दारोगा भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने दारोगा भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। 1799 पदों पर नियुक्ति के लिए 27 मई 2026 को दो पालियों में आयोजित मुख्य लिखित परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। आयोग ने आज बुधवार को इससे संबंधित आधिकारिक सूचना जारी की है। आयोग के मुताबिक परीक्षा की नई तिथि के संबंध में अलग से सूचना जारी की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा से जुड़ी आधिकारिक जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट पर नजर रखने को कहा गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद अब 1799 पदों के लिए अभ्यर्थियों को दोबारा मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नई परीक्षा की तिथि की जानकारी अलग से दी जाएगी। ऐसे में सफल घोषित किए गए 10,759 अभ्यर्थियों के साथ परीक्षा में शामिल अन्य उम्मीदवारों के बीच भी अब आगे की प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है। दरअसल बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग की ओर से 1799 पदों पर नियुक्ति के लिए मुख्य लिखित परीक्षा का आयोजन 27 मई को दो पालियों में किया गया था। परीक्षा के बाद सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट वायरल होने के दावे सामने आने लगे थे। ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी भी अभ्यर्थियों को बाहर ले जाने की अनुमति नहीं थी। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर प्रश्न और ओएमआर शीट से जुड़ी तस्वीरें और सामग्री वायरल होने लगी। ऐसे में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठने लगे थे। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने 19 जून को इस मुख्य लिखित परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया था। परिणाम में कुल 10,759 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया था। इसके बाद परीक्षा में कथित गड़बड़ी और प्रश्नपत्र तथा ओएमआर शीट वायरल होने के मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग तेज कर दी थी।

संक्षिप्त समाचार

मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री का दर्ज़ा प्राप्त नेताओं के वेतन में वृद्धि

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार सरकार ने विभिन्न आयोग, बोर्ड, निगम, पर्षद और समितियों के पदाधिकारियों के वेतन-भत्ते में बड़ा बदलाव किया है। मंत्री, राज्य मंत्री और उप मंत्री का दर्ज़ा पाने वाले सदस्यों का मासिक वेतन अब 25 हजार से बढ़कर 65 हजार रुपये हो गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कुल 24 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें वेतन-भत्ते बढ़ाने के साथ कानून व्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े फैसले भी शामिल हैं। कैबिनेट के फैसले के बाद संबंधित पदाधिकारियों के मासिक वेतन में 40 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

पेपर लीक का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार में एइडीओ परीक्षा धांधली मामले में आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने बड़ी कार्रवाई की है। इओयू ने मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल सतीश कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में शिवपुरी पार्क के पास से हुई। इओयू के मुताबिक सतीश कुमार यादव बक्सर का रहने वाला है। परीक्षा में धांधली के बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी तलाश लगातार की जा रही थी।

लगातार पांच दिन बंद रहेंगी बैंक शाखाएं

पटना(नबिटा ब्यूरो)। आगामी सप्ताह में बैंक कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों ने अपने ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को मोबाइल पर टेक्स्ट मैसेज और व्हाटसअप मैसेज के माध्यम से ग्राहकों को बता रहे है 28 से 30 सितंबर के बीच होने वाली तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंकों की हड़ताल होने जा रही है। बैंकों की ओर से अपील की गई है कि शाखा से जुड़े सभी जरूरी कार्य आज और कल में ही निपटा लें ताकि अंतिम समय में किसी असुविधा का सामना न करना पड़े।

बाघ ने महिला को बनाया शिकार

बेतिया(नबिटा ब्यूरो)। बगहा में बाघ के हमले में एक 35 साल की महिला की मौत हो गई है। घटना वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के मदनपुर वन क्षेत्र में बुधवार दोपहर की है। मृतका की पहचान सिरिसिया निवासी कोलाई मियां की पत्नी सलमा खातून के रूप में हुई है। दरअसल, बीते दो महीने में बाघ के हमले में मारे जाने की यह चौथी घटना है। मदनपुर रेंजर नसीम अंसारी ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार महिला जंगल से करीब 200 मीटर दूर चारा काट रही थी, तभी बाघ ने हमला किया।

पटना में हैंड ग्रेनेड और समस्तीपुर में एक साथ कई बम मिलने से हड़कंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। क्या बिहार बारूद के ढेर पर है। दरअसल पटना एवं समस्तीपुर से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। पुलिस के अनुसार राजधानी पटना के अगमकुआं इलाके में शीतला माता मंदिर ओवरब्रिज के पास मंगलवार की रात पुलिस टीम संदिग्ध गतिविधियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध नजर आईं। पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की और इसके बाद उनकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस को पांच जिंदा कारतूस मिले। इसके साथ ही एक हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया गया। हैंड ग्रेनेड मिलने के बाद मौके पर तत्काल सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। विस्फोटक जैसा सामान बरामद होने की सूचना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया। बम निरोधक दस्ते की टीम ने जांच में उसके हैंड ग्रेनेड होने की पुष्टि की गई है। वहीं समस्तीपुर जिला अंतर्गत दिनमपुर उत्तरी पंचायत के सुरौल गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब वहां स्थित एक कब्रिस्तान से कई संदिग्ध जिंदा बम बरामद किए गए। बुधवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों की नजर नारियल के आकार की संदिग्ध वस्तुओं पर पड़ी। इसके बाद देखते ही देखते कब्रिस्तान के आसपास भारी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से पूरे संवेदनशील क्षेत्र को अपने कब्जे में ले लिया और वहां मौजूद भारी भीड़ को उस संदिग्ध सामान से तुरंत दूर हटा दिया। खानपुर थाना प्रभारी पूनम कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों से कब्रिस्तान के भीतर तीन संदिग्ध जिंदा बम होने की जानकारी मिली थी। पुलिस स्थानीय स्तर पर मामले की सघन जांच कर रही है।

28 हजार रूपए रिश्वत लेते बीसीओ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नालंदा जिले में पटना निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले के करायपरसुराय प्रखंड अंतर्गत सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संतोष कुमार को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीसीओ संतोष कुमार को 28 हजार रूपए घूस लेते गिरफ्तार किया गया है। मामला सांध पंचायत से जुड़ा है। बताया जा रहा है कि बीसीओ प्रबंधक का कार्यभार सौंपने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। दरअसल सांध गांव निवासी अभिषेक कुमार को नियमानुसार प्रबंधक का कार्यभार सौंपा जाना था लेकिन बीसीओ संतोष कुमार पिछले दो साल से उन्हें लगातार टहला रहे थे। आरोप है कि कार्यभार देने की प्रक्रिया पूरी करने के बदले बीसीओ ने 28 हजार रुपए की मांग की थी। इसी बात से परेशान अभिषेक कुमार ने घूस देने के बजाय इसकी लिखित शिकायत पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से कर दी। इसके बाद निगरानी की टीम ने मामले की गोपनीय जांच कराई। जानकारी के मुताबिक जांच के दौरान रिश्वत मांगे जाने का आरोप पूरी तरह सही पाए गए। वहीं शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने डीएसपी रीता सिन्हा के नेतृत्व में एक धावा दल का गठन किया। पूर्व निर्धारित योजना के तहत शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार ने जैसे ही बीसीओ संतोष कुमार को केमिकल लगे 28 हजार रूपए थमाए, आसपास सादे लिबास में तैनात निगरानी की टीम ने उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान बीसीओ की जेब से घूस की पूरी रकम बरामद कर ली गई। गिरफ्तारी के तुरंत बाद निगरानी की टीम आरोपी अधिकारी को अपने साथ पटना ले गई जहां आवश्यक पूछताछ के बाद उसे निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस कार्रवाई से प्रखंड मुख्यालय के अन्य दफ्तरों और सहकारिता विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वहीं पूरे मामले पर निगरानी डीएसपी रीता सिन्हा ने बताया कि मैनेजर का पदभार देने के नाम पर करायपरसुराय प्रखंड के बीसीओ ने 28 हजार रुपए घूस की मांग की थी। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी बीसीओ को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। फिलहाल टीम उन्हें पूछताछ के लिए पटना ले गई है जहां से उन्हें निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

हरीश द्विवेदी बने बिहार भाजपा के नए प्रभारी

पटना(नबिटा ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार के लिए नए प्रभारी को नियुक्त कर दिया है। पूर्व सांसद और राष्ट्रीय महासचिव हरीश द्विवेदी को नया प्रभारी बनाया गया है जबकि संगीता यादव और रोहन गुप्ता को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। विनोद तावड़े इससे पहले बिहार बीजेपी के प्रभारी थे लेकिन नितिन नबीन की टीम बनने के बाद उनको उत्तर प्रदेश का प्रभार दिया गया है। अब ऐसे में हरीश द्विवेदी उनकी जगह बिहार संभालेंगे। उनको सह प्रभारी संगीता यादव और रोहन गुप्ता का साथ मिलेगा। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव हरीश द्विवेदी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। वह बस्ती लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं। बिहार के प्रभारी बनने से पहले वह असम के प्रभारी थे। बीजेपी की राष्ट्रीय मंत्री संगीता यादव उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं और फिलहाल राज्यसभा की सांसद हैं। वह चौरी-चौरा से विधायक भी रह चुकी हैं। इसके अलावे बीजेपी महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय मंत्री भी रही हैं। अब बिहार में बीजेपी की सह प्रभारी की जिम्मेदारी संभालेंगी। गुजरात के रहने वाले रोहन गुप्ता लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी। बीजेपी में उनको पहले राष्ट्रीय प्रवक्ता और फिर राष्ट्रीय मंत्री बनाया गया। अब वह बिहार बीजेपी के सह प्रभारी के तौर पर काम करेंगे।

ट्रक की चपेट में आने से तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिले में बुधवार को भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत हो गई है। दरअसल जिले के लौरिया थाना क्षेत्र में एनएच-727 पर एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। इलाज के लिए ले जाने पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घायल तीनों युवकों को इलाज के लिए लौरिया सीएचसी ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच, बेतिया रेफर किया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों की पहचान पलटू साह, अनुकेब मियां और साहिल के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से

फरार बताया जा रहा है। हादसा बेतिया-लौरिया मुख्य पथ एनएच-727 पर जिरिया बंगाली माई मंदिर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रक लौरिया की ओर से बेतिया जा रहा था जबकि बाइक सवार तीनों युवक विपरीत दिशा से आ रहे थे। इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायलों को तत्काल लौरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच, बेतिया रेफर किया गया बता दें कि एनएच-727 पर करीब एक महीने के भीतर यह दूसरा बड़ा सड़क हादसा है। इससे पहले इसी बेतिया-लौरिया मुख्य पथ पर हुए बस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी। अब बाइक सवार तीन युवकों की मौत के बाद एक बार फिर इस मार्ग की सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ हादसों की बड़ी वजह बन रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, नरकटियागंज, बगहा, रामनगर समेत आसपास के कई छोटे-बड़े इलाकों के लिए लगातार बसों का परिचालन होता है। ऐसे में बसों के बीच कम अंतराल और ओवरटेकिंग के कारण कई बार दुर्घटना की स्थिति बन जाती है। लोगों ने इस मार्ग पर वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करने, ओवरटेकिंग पर निगरानी बढ़ाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने की मांग की है।

घर तोड़ना ब्रह्म हत्या जैसा महापाप : हाईकोर्ट

पटना(नबिटा ब्यूरो)। पटना हाईकोर्ट ने पूर्वी चंपारण में बिना किसी वैध आदेश और कानूनी प्रक्रिया के आम लोगों का घर गिराने के मामले में काफी सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस राज कुमार की एकल पीठ ने बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासन की लापरवाही पर कड़ा रूख अपनाते हुए इसे नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करार दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि किसी का घर तोड़ना ब्रह्म हत्या जैसा महापाप है, जिसकी भरपाई केवल मौद्रिक मुआवजे से ही संभव है। जिले के पताही ब्लॉक स्थित बेतौना और पदुमकेर गांव निवासी विष्णु शंकर सिंह, विनोद कुमार सिंह और अरबिंद कुमार सिंह ने आरोप लगाया था कि 11 अप्रैल 2017 को उनके घर और पक्की बाउंड्री वॉल को बिना किसी कानूनी नोटिस या आदेश के ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने वर्ष 2015 में पंजीकृत केवाला के जरिए जमीन खरीदी थी और वे शांतिपूर्ण ढंग से उस पर काबिज थे।

जदयू ने चार एमएलसी प्रत्याशियों का किया ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर जेडीयू ने अपने चार प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नीरज कुमार को प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा दरभंगा से घनश्याम राय को प्रत्याशी बनाया गया है। तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अभिषेक झा और सारण शिक्षण निर्वाचन क्षेत्र से आनंद पुष्कर को प्रत्याशी बनाया है। जेडीयू ने उन्हें साल 2026 में होने वाले तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इससे पहले उन्होंने साल 2024 में इसी सीट पर हुए उपचुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई थी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उन्होंने गठबंधन के ही कुछ लोगों पर भितरघात का आरोप लगाया था। वर्तमान में अभिषेक झा मुजफ्फरपुर, वैशाली और सीतामढ़ी आदि जिलों में घूम-घूम कर स्नातक वोटर्स से संवाद कर रहे हैं ताकि आगामी चुनाव के लिए अपनी जमीन मजबूत कर सकें। अभिषेक झा जेडीयू के एक प्रमुख युवा नेता और पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हैं, जो अक्सर टीवी डिबेट्स और मीडिया में नीतीश कुमार की सरकार और पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में कदम रखने से पहले उन्होंने एनआईटी पटना से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और वर्तमान में वे व्यावसायिक रूप से 'दिशा बिल्डर्स' के मैनेजिंग डायरेक्टर भी हैं।

बक्सर से भागलपुर तक बनेगा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बक्सर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को वामन भगवान का आशीर्वाद लेने बक्सर पहुंचे। दोपहर में उन्होंने वामन भगवान मंदिर में पूजा-अर्चना की और बक्सर समेत पूरे बिहार की सुख-समृद्धि एवं विकास की कामना की। पूजा के दौरान मुख्यमंत्री ने डीएम साहिला से मंदिर और उसके इतिहास से जुड़ी जानकारी ली। उनके साथ बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्र तथा डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मंदिर से निकलते समय मीडिया ने जमुई की घटना को लेकर सवाल किया लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पर कोई सीधा जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने बक्सर और बिहार की कनेक्टिविटी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बक्सर से भागलपुर तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित मार्ग बक्सर, आरा, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, जमुई और बांका होते हुए भागलपुर तक जाएगा। इससे इन जिलों के

बीच सड़क संपर्क को नया विस्तार मिलने की बात कही गई। मुख्यमंत्री ने बक्सर-कोइलवर तटबंध को फोरलेन किए जाने की भी बात कही। इसके साथ ही बक्सर से कोइलवर के बीच प्रस्तावित फोरलेन एक्सप्रेसवे को विश्वामित्र पथ नाम दिए जाने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि बक्सर से भागलपुर तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। यह बक्सर, आरा, अरवल, जहानाबाद और शेखपुरा होते हुए भागलपुर तक जाएगा। उन्होंने कहा कि बक्सर-कोइलवर तटबंध को भी फोरलेन किया जाएगा। रामनपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जीविका दीदियों से संवाद करते हुए महिला सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांव में महिलाओं को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से विशेष व्यवस्था की गई है। किसी भी तरह की परेशानी होने पर महिलाएं तत्काल पुलिस की मदद लें। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि राज्य में करीब 40 हजार महिला पुलिस बल है, जो महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैनात हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या या संकट की स्थिति में महिलाएं 112 नंबर डायल कर पुलिस दीदी को बुलाएं और अपनी पूरी समस्या उन्हें बताएं। सीएम ने कहा कि महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए वे बेझिझक पुलिस दीदी की मदद ले सकती हैं।



डॉ. प्रेम कुमार ने किया ऑस्ट्रेलियाई संसद में बिहार-ऑस्ट्रेलिया सहयोग पर संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सिडनी। बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई संसद का भ्रमण करने के बाद ऑस्ट्रेलियाई अटॉर्नी जनरल माइकल डेली, ऑस्ट्रेलियाई मंत्री जिहाद डिब तथा सांसद स्टीफन बलि, मार्क हॉजेस, ह्यू मैकडरमॉट और वॉरेन किर्बी के साथ शिष्टाचार भेंट कर संसदीय संवाद किया। इस दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्यों के बीच उपस्थित होना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने बिहार विधानसभा की ओर से सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में तीव्र आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बुनियादी ढांचे, डिजिटल अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और संपर्क के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। विश्व बैंक के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और निरंतर बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में राज्यों की प्रगति महत्वपूर्ण है और बिहार इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिहार की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी, प्रतिभाशाली मानव संसाधन, कृषि क्षमता और उद्यमशीलता की भावना है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सड़क और पुल, संपर्क, उद्योग, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्रों में विकास को नई गति दे रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के माध्यम से केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय विकास परियोजनाओं को गति दे रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार का उद्देश्य आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण, निवेश आकर्षित करना, उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए बेहतर अवसर पैदा करना है। इसी आधार पर बिहार और ऑस्ट्रेलिया के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई संसद के सदस्यों से भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग के अगले चरण में बिहार को महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संवाद भारत-ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ बिहार-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी की नींव बन सकता है।

बिहार विद्यापीठ में बी.एड. नवागंतुक प्रशिक्षुओं का उत्साहपूर्ण स्वागत

मानवी और अंकित बने मिस फ्रेशर्स व मिस्टर फ्रेशर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, बिहार विद्यापीठ में बी.एड. सत्र 2026-2028 के नवागंतुक प्रशिक्षुओं के स्वागत के लिए बुधवार को फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक प्रशिक्षुओं के बीच आत्मीय परिचय, सौहार्द, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देना था। उत्साह और उल्लास से भरे वातावरण में प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपर सचिव डॉ. श्यामानंद चौधरी और संयुक्त सचिव . ए के नारायणम ने प्रेरणादायक संबोधन के माध्यम से प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न गतिविधियों और प्रस्तुतियों के आधार पर मानवी को मिस फ्रेशर्स तथा अंकित को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। सपना और अभिनव क्रमशः मिस फ्रेशर्स और मिस्टर फ्रेशर के उपविजेता रहे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा तथा बिहार विद्यापीठ की निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ. मृदुला प्रकाश के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

प्रो. सुनीता सिन्हा 'दुर्गाबाई देशमुख ग्लोबल शिखर सम्मान' से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता सिन्हा को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, उत्कृष्ट सेवा एवं गौरवपूर्ण कार्यों के लिए बुधवार को 'दुर्गाबाई देशमुख ग्लोबल शिखर सम्मान- 2026' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो अबु बकर रिजवी ने प्रदान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से नालंदा कॉलेज परिवार में प्रसन्नता जाहिर करते हुए पीपीयू सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार सहित कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रो. सिन्हा को सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा :निशांत कुमार

पटना में 11वें आयुर्वेद दिवस का आयोजन, स्वास्थ्य मंत्री ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को ज्ञान भवन, पटना में 11वें आयुर्वेद दिवस 2026 का राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयुर्वेद पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई जिसमें राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, कदमकुआं, पटना के गौरवशाली इतिहास, आयुर्वेद की उपयोगिता तथा इसे आधुनिक शोध, प्रमाण आधारित चिकित्सा और नवीन तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा परंपरा है जो रोग उपचार के साथ स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का मार्ग भी प्रदान करती है। बिहार का आयुर्वेद से ऐतिहासिक संबंध रहा है। महर्षि चरक, राजवैद्य जीवक और आचार्य नागार्जुन की परंपरा ने इसे समृद्ध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुर्वेद एवं संपूर्ण आयुष क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 294 आयुष आरोग्य मंदिर/आयुष अस्पताल विकसित किए जा रहे हैं और जर्जर अस्पतालों का जीर्णोद्धार होगा। राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, पटना के आधारभूत ढांचे, शोध प्रयोगशाला, अस्पताल और आईपीडी सुविधाओं को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा तथा आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं को आवश्यक दवा सूची में शामिल करने की दिशा में काम हो रहा है, ताकि चिकित्सक इन्हें लिख सकें और मरीजों को दवाएं निशुल्क मिल सकें। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में आयुर्वेद की अलग इकाई विकसित करने की योजना है। आयुर्वेदिक चिकित्सा के डिजिटलीकरण, मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड, शोध, वैज्ञानिक प्रमाण, आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग पर भी जोर दिया जाएगा। आयुर्वेद की सुविधाएं गांवों और गरीब परिवारों तक पहुंचाने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आयोजन करने की योजना है। स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने कहा कि संतुलन आयुर्वेद का मूल मंत्र है। वात, पित्त और कफ के संतुलन के साथ शरीर-मन तथा मनुष्य-प्रकृति के संतुलन को इसमें महत्व दिया गया है। उन्होंने आयुष और आधुनिक चिकित्सा पद्धति को प्रमाण आधारित शोध से जोड़ने पर जोर दिया।

समारोह में डॉ. वरूण कुमार, डॉ. प्रो. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रो. महेश महतो, डॉ. भगवान सिंह, डॉ. प्रो. दिपाली सुन्दरी वर्मा, डॉ. रत्नेश्वर शर्मा, डॉ. गिन्नी जाखनवाल और आलोक कुमार सिंह को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उद्घाटन से पहले स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की आधुनिक रक्तदान वैन तथा राजकीय आयुर्वेद कॉलेज की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

गुरु सम्मान समारोह में डॉ. आनंद रंजन झा होंगे विशिष्ट अतिथि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर/वैशाली। शिक्षक सम्मान के उद्देश्य से निर्मल इंडिया न्यूज की ओर से आयोजित 'गुरु सम्मान समारोह 2026' में शिक्षाविद् एवं कौशल विशेषज्ञ डॉ. आनंद रंजन झा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है जबकि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महान गणितज्ञ प्रो. के. सी. सिन्हा भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मान समारोह 25 सितंबर 2026, शुक्रवार को रीता पैलेस, हथसारगंज, हाजीपुर (वैशाली) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों के योगदान को सम्मान मिलना शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायी है। समारोह में जिला प्रशासन एवं शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रमुख अतिथियों की सहभागिता प्रस्तावित है।

हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित

सरकारी कार्यों में सरल, सहज एवं सुबोध हिंदी का प्रयोग हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : प्राचार्य पुलक मंडल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था, होटल प्रबंधन संस्थान, हाजीपुर में 14 से 28 सितंबर 2026 तक मनाए जा रहे 'हिंदी पखवारा' के अंतर्गत हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता, रुचि एवं व्यवहारिक प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्थान में निबंध लेखन एवं हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता के लिए 'सोशल मीडिया का हिंदी के विकास में योगदान' विषय निर्धारित किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, डिजिटल माध्यमों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग तथा सोशल मीडिया की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य पुलक मंडल ने कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा ही नहीं, बल्कि हमारे प्रशासनिक एवं व्यावसायिक कार्यों को सरल, सहज और प्रभावी बनाने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि संस्थान में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस ने जारी की राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठों के प्रभारियों की सूची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली/पटना। ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस (जीकेसी) के संगठनात्मक विस्तार और विभिन्न प्रकोष्ठों के सुचारू संचालन को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ प्रभारियों की नई जिम्मेदारियां घोषित की गई है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की ओर से जारी सूची में देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जारी सूची के अनुसार राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में रागिनी रंजन को प्रबंध न्यासी, नवीन कुमार को राष्ट्रीय महासचिव, डॉ. आदित्य नाग को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा कमल किशोर को उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा प्रियरंजन, संजय कुमार सिन्हा, डॉ. हीरालाल कर्ण, अनुराग श्रीवास्तव, डॉ. कुमार मानवेंद्र, आलोक श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, राजीव कांत, सोमिका श्रीवास्तव एवं दीप श्रेष्ठ समेत कई लोगों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। निलेश रंजन को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह सदस्यता अभियान संयोजक बनाया गया है। वहीं सुबाला वर्मा, दिलीप कुमार सिन्हा और अमित श्रीवास्तव रिंकू को राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। मुकेश महान और अतुल आनंद सन्नू को राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा अनिल कुमार दास एवं सुभाषिणी स्वरूप को समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रागिनी रंजन को महिला, कला एवं संस्कृति, कुटीर उद्योग तथा पर्यावरण प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ दीप श्रेष्ठ को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। डिजिटल मीडिया का राष्ट्रीय प्रभार शुभ्रांशु श्रीवास्तव को जबकि सीसीसीआई का राष्ट्रीय प्रभार निष्का रंजन को सौंपा गया है। कोष प्रबंधन की जिम्मेदारी नवीन कुमार को दी गई है। इसी प्रकार युवा, शिक्षा एवं समन्वय का राष्ट्रीय प्रभार डॉ. आदित्य नाग को तथा सह प्रभारी की जिम्मेदारी सुबाला वर्मा को दी गई है। मेडिकल प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभार डॉ. कुमार मानवेंद्र को दिया गया है जबकि मीडिया प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभार कमल किशोर को सौंपा गया है। प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय अध्यक्षों एवं महासचिवों की सूची में महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना वर्मा, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला सौरभ वर्मा, सीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भानु सिन्हा एवं राष्ट्रीय महासचिव रंजीत कुमार वर्मा, कला एवं संस्कृति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजन कुमार एवं राष्ट्रीय महासचिव शिवानी गौड़, डिजिटल मीडिया के नवीन श्रीवास्तव, मीडिया के संतोष श्रीवास्तव, राजनीतिक मामलों के नितिन माथुर तथा लीगल सेल के श्वेतांक सैलकवाल को जिम्मेदारी दी गई है। ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि नई जिम्मेदारियों के माध्यम से संगठन के विभिन्न प्रकोष्ठों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाएगा तथा देशभर में कायस्थ समाज को संगठित करने के साथ सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सेवा गतिविधियों को गति दी जाएगी।

छात्रों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ, मंत्री रमा निषाद ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री रमा निषाद ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और पात्र लाभुकों को समय पर योजनाओं का लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि खासतौर से जो योजनाएं विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण से जुड़ी हुई हैं, उनके क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। छात्रों से जुड़ी योजनाओं के अनुपालन में हर तरह पर अधिकारी मुस्तैदी से निगरानी रखें। ताकि कोई जरूरतमंद छात्र वंचित नहीं रहे। मंत्री बुधवार को पटना स्थित जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होंने जिला स्तर पर योजनाओं की नियमित मॉनीटरिंग और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने को कहा। निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने के साथ छात्राओं के लिए सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में नामांकन, मेस संचालन, खाद्यान्न, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी, रसोइया और आरओ समेत अन्य सुविधाओं की समीक्षा की गई। वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में सीसीटीवी, शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति, पोक्सो एवं पोश समितियों, आपातकालीन वाहन, एएनएम/जीएनएम और एचपीवी वैक्सीनेशन की स्थिति की समीक्षा हुई।

भारत के मुख्य न्यायाधीश 26 सितंबर को करेंगे देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत 26 सितंबर को पटना स्थित बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार में देश के पहले पीड़ित अधिकार केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश एक ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन का शुभारंभ करने के साथ ही मल्टी यूटिलिटी वाहनों के एक बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। पीड़ित अधिकार केंद्र बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की एक पायलट परियोजना है जिसे विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकार के कार्यों के निर्वहन में स्थापित किया गया है। इस केंद्र की परिकल्पना और उसे आगे बढ़ाने का कार्य पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं प्राधिकार के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव तथा पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं प्राधिकार के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुधीर सिंह के दृष्टिकोण और मार्गदर्शन में हुआ है जिनके निर्देश पर इस परियोजना को राज्य के लिए स्वीकृत और लागू किया गया। केंद्र के लिए नीतिगत दिशा पटना उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली संचालन समिति में निहित है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार इसके प्रथम अध्यक्ष हैं। पीड़ित अधिकार केंद्र के साथ शुरू की जा रही ट्रांसजेंडर हेल्पलाइन, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के समेकन, पुनर्वास और न्याय तक पहुंच के लिए प्राधिकार की 2023 की योजना के साथ संचालित होगी जो ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिनियम, 2019 को प्रभावी बनाती है।

48 वां महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 48वां महायोगी गोपीचंद स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ जिसमें उद्घाटनकर्ता के रुप में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह उत्तर प्रदेश शासन, अध्यक्षता के रूप में विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा, मुख्य अतिथि के रुप में अभियान के संरक्षक एवं पूर्व संयुक्त निदेशक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश शासन धर्मेन्द्रपति त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका प्रो. रागिनी वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक डॉ अनिल कुमार चौबे, वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, बी डी महाविद्यालय पटना के पालि विभागाध्यक्ष प्रो.एच.के.सिंह, अभियान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा के सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, मगध विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की सहायक आचार्या डॉ एकता वर्मा, डॉ दीप्ति कुमारी, मनीषा बोदरा, मुरलीधर शुक्ल, तारा विश्वकर्मा, बीजेन्द्र सिंह, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल, मुकेश पण्डित, उमा हेनोते, वन्दना पटेरिया, मोनिका झा सहित शिविर के सभी सदस्य ने संस्कृत में विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने के लिए महायोगी गोपीचंद स्मृति संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मोनिका झा एवं डॉ दीप्ति कुमारी को प्रथम पुरस्कार, डॉ एकता वर्मा, डॉ विश्वजीत रुद्रपाल एवं तारा विश्वकर्मा को द्वितीय पुरस्कार, उमा हेनोते एवं मुरलीधर शुक्ल को तृतीय पुरस्कार तथा मनीषा बोदरा, बीजेन्द्र सिंह एवं वन्दना पटेरिया को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रो. रागिनी वर्मा ने शिविर सदस्यों के विचारों की प्रशंसा की संस्कृत प्रेमियों को शिविर में आने की अपील की। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि शिविर के माध्यम से महायोगी गोपीचंद के विषय सभी सदस्यों को ज्ञान एवं संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। अन्त में वरिष्ठ संस्कृत प्रचारक एवं संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, मनीषा बोदरा एवं डॉ अनिल कुमार सिंह ने संस्कृत में गीत गाकर शिविर सदस्यों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

सहकारी बैंकों में नए खाताधारकों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाएं : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने आज सहकारी बैंकों के कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सहकारी बैंकों को पारंपरिक बैंकिंग व्यवस्था से आगे बढ़कर आधुनिक, डिजिटल एवं ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवा प्रदाता के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि सहकारी बैंक किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों का महत्वपूर्ण आधार हैं। अब इन्हें तकनीक और आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से और मजबूत करना है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि ग्राहक को बैंकिंग सुविधा के लिए बैंक तक आने की आवश्यकता कम से कम पड़े और अधिकाधिक सेवाएं उसके मोबाइल एवं उसके गांव तक पहुंचें। उन्होंने निर्देश दिया कि सहकारी बैंकों में नए खाताधारकों को जोड़ने के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार की जाए तथा विशेष कैंप एवं जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों के खाते खोले जाएं।

वीबी-जी राम जी योजना से बदलेगी बिहार के गांवों की तस्वीर

375 तरह के कार्यों से होगा पंचायतों का विकास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। विकसित भारत-जी राम जी योजना अंतर्गत विकसित ग्राम पंचायत योजना के निर्माण पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में आयोजित किया गया। इसमें सभी जिलों से जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, अधीक्षण अभियंता/कनीय अभियंता और कार्यक्रम पदाधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में वीबी-जी राम जी योजना से ग्राम पंचायतों के विकास और योजनाओं को लागू करने से संबंधित विशेष प्रशिक्षण उपस्थित सभी पदाधिकारियों को दिया गया।

प्रशिक्षण में वीबी-जी राम जी योजना के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह आयुक्त अंजनी कुमार ने कहा कि सबसे पहले पंचायतों में पूर्ण कराए गए और अधूरे कार्यों का सर्वे कराना होगा। विकास संबंधी योजनाओं के गैप असेसमेंट के बाद बाकी कार्यों के लिए नए सिरे से योजनाएं तैयार करनी होगी और उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी पदाधिकारी प्रखंड, जिला और अनुमंडल स्तर पर प्रशिक्षण देंगे ताकि ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं को क्रमबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। बिहार ग्रामीण विकास समिति में आईटी एंड ई-गवर्नेंस के निदेशक सरोज कुमार ने पीपीटी के सहारे पंचायतों में योजनाओं का चयन, उनका क्रियान्वयन और विकास से संबंधित विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की प्रक्रिया बताई। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना के अस्तित्व में आने से पहले पंचायतों के लिए व्यक्तिगत योजनाएं तैयार की जाती थीं, लेकिन अब पंचायतों की सारी योजनाएं एकीकृत होंगी। यानी वीबी-जी राम जी योजना में अन्य विभागों की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण करना होगा। पंचायतों से जो भी योजना पारित होगा वह पहले प्रखंड और फिर जिला स्तर पर अंतिम अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना के तहत पंचायतों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को चार श्रेणियों में बांटा गया है जिसमें कुल 375 प्रकार के कार्य कराए जाने हैं। विकसित भारत-जी राम जी योजना 2047 के विकसित भारत बनाने की एक परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है।

चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन, सीइसी के इस्तीफे की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। चुनाव आयोग के विभिन्न निर्णयों एवं आयोग के भीतर दर्ज आपत्तियों के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा पटना के इनकम टैक्स गोलंबर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में आक्रोश मार्च सह प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया एवं इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने कहा कि चुनाव आयोग सरकार और सत्तारूढ़ दल के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहा है। पार्टी का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था के प्रमुख की भूमिका के बजाय सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त स्वयं को संस्था से ऊपर मानकर काम कर रहे हैं और अन्य चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों एवं असहमतियों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है।

डीएम और डिहरी विधायक ने हाई स्कूल खेल मैदान प्रेमनगर का किया निरीक्षण

खेल मैदान के विकास को दिसंबर तक पूरा करने का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। डिहरी विधानसभा के विधायक राजीव रंजन सिंह एवं जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा द्वारा अकोढ़ी गोला प्रखंड अंतर्गत प्रेमनगर हाई स्कूल खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने खेल मैदान में प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खिलाड़ियों की सुविधा के लिए पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों हेतु अलग-अलग चेंजिंग रूम एवं शौचालय निर्माण की दिशा में आवश्यक अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास लैब की व्यवस्था एवं कार्यप्रणाली की जांच की गई। विद्यालय के पहुंच पथ को बेहतर बनाने को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने विद्यालय के छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा उन्हें नियमित रूप से अध्ययन करने, नई तकनीकों का उपयोग करते हुए ज्ञान अर्जित करने एवं अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी डेहरी श्री नीलेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विनय प्रताप एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

डीडीयू मंडल में स्वच्छता, खानपान एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में स्वच्छता ही सेवा 2026 के अंतर्गत 22 एवं 23 सितंबर को विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। 22 सितंबर को मंडल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड, डिहरी ऑन सोन, भभुआ रोड, गया सहित अन्य स्टेशनों एवं रेल परिसरों में सघन साफ-सफाई अभियान चलाया गया। पेंट्री कारों एवं खानपान से संबंधित क्षेत्रों में साफ-सफाई के साथ खानपान स्टॉलों पर स्वच्छता संबंधी जागरूकता गतिविधियां भी की गईं। 23 सितंबर को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत स्रोत स्तर पर चार श्रेणियों–गीला कचरा, सूखा पुनर्चक्रण योग्य कचरा, सैनिटरी कचरा एवं खतरनाक कचरा के पृथक्करण के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। रेलकर्मियों एवं यात्रियों को कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग श्रेणियों में रखने तथा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उसके संग्रहण एवं निस्तारण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

जनता दरबार में एसपी मिस्टर राज ने सुनीं 28 फरियादियों की समस्याएं

समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दरबार में कुल 28 लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की शिकायतों को बारी-बारी से सुनते हुए संबंधित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों के त्वरित एवं नियमानुसार निस्तारण के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। एसपी ने फरियादियों को उनकी शिकायतों के समाधान के लिए उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को मामलों की गंभीरता से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित इस जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की शिकायतों को सीधे सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। अधिकारियों को दिए गए निर्देश के बाद फरियादियों में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर उम्मीद जगी।

मकराइन में फाइलेरिया जांच शिविर, 40 लोगों के रक्त नमूनों की हुई जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। जिला स्वास्थ्य समिति, रोहतास के तत्वावधान में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डिहरी नगर परिषद के वार्ड नंबर 11 स्थित मकराइन में निःशुल्क फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रात्रि रक्त पट्ट संग्रह अभियान के तहत 40 लाभार्थियों के रक्त नमूने लेकर उनकी जांच की गई।

कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू यादव, डॉ. राजीव रंजन, मनीष कुमार, गणेश प्रसाद, राजू शंकर लाल तथा पीरामल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों को फाइलेरिया से बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया। शिविर में एएनएम रिशु कुमारी एवं चिंता कुमारी के साथ आशा कार्यकर्ता ज्योति कुमारी और रंजू कुमारी उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने बताया कि फाइलेरिया की समय पर पहचान और उपचार से बीमारी के गंभीर प्रभावों से बचा जा सकता है।

सिपाही ने पहले बहन को मारी गोली, फिर खुद को भी उड़ाया, कमरे में मिले शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में मिथिला कॉलोनी मोड़ स्थित किराए के मकान में देर रात सनसनीखेज वारदात हुई। मोतिहारी में तैनात सिपाही ओम चंद्र ने अपनी बहन गायत्री देवी को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। शुरुआती जांच में पुलिस इसे हत्या के बाद आत्महत्या का मामला मान रही है। बताया जा रहा है कि देर रात पड़ोसियों ने गोली चलने की आवाज सुनी।

डीएम और एसडीएम ने किया कई स्थानों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। बुधवार को जिलाधिकारी रोहतास एवं अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा नासरीगंज प्रखंड में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया जिसके तहत सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय नासरीगंज एवं अंचल कार्यालय नासरीगंज का निरीक्षण कर कार्यालयों में संचालित विभिन्न कार्यों, अभिलेखों के संधारण, जन शिकायतों के निष्पादन और आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया गया और संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को सरकारी कार्यों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन तथा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही नासरीगंज प्रखंड अंतर्गत अतिमी पंचायत स्थित खेल स्टेडियम का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देने के लिए आधारभूत संरचनाओं के समुचित उपयोग व रख-रखाव तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में नासरीगंज प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी के जलस्तर का निरीक्षण कर वर्तमान जलस्तर, आसपास की स्थिति और संभावित प्रभाव की जानकारी ली गई तथा अधिकारियों को जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने, निचले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने, आपात सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को देने और आम लोगों को नदी व जलमग्न क्षेत्रों में अनावश्यक न जाने की अपील करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय नासरीगंज के नवनिर्मित भवन में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति, गुणवत्ता एवं वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और निर्माण एजेंसी को निर्धारित मानकों व गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध कार्य पूर्ण करने तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।

पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल पर रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटर टैप, वाटर फिल्टर तथा पाइप लाइनों की नियमित सघन जांच एवं रख रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु संवर्धन परीक्षण एवं रासायनिक परीक्षण किये जा रहे हैं। स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता जांच के दौरान जहां भी पेयजल गुणवत्ता से सम्बन्धित प्रतिकूल परिणाम प्राप्त हो रहे हैं वहां तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है। यह विशेष अभियान पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के सभी रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालयों के सभी पेयजल स्थलों के परीक्षण तथा उनके सुधार तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है, ताकि रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। रेल प्रशासन रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

प्रतियोगी छात्रों के लिए शुरू हुई निःशुल्क टेस्ट सीरीज

मेधावी अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र तक आने-जाने, रहने व भोजन की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे रोहतास जिले के छात्र-छात्राओं के लिए जनसेवक अनुज कुशवाहा एवं उनकी टीम ने निःशुल्क टेस्ट सीरीज की शुरुआत की है। प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली इस टेस्ट सीरीज में बीपीएससी, बिहार पुलिस, दरोगा, शिक्षक भर्ती, सीटीईटी, रेलवे व एसएससी सहित विभिन्न परीक्षाओं के अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। अनुज कुशवाहा ने बताया कि विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में मानक प्रश्न-पत्र तैयार किए जाएंगे जिससे अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी का आकलन करने का अवसर मिलेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के दौरान विशेष सहयोग दिया जाएगा। जिले से बाहर परीक्षा केंद्र होने पर आने-जाने, रहने और भोजन की व्यवस्था भी टीम की ओर से निःशुल्क की जाएगी। टेस्ट सीरीज के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू है। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए एनिकट रोड स्थित गैस गोदाम के सामने अनुज कुशवाहा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। मौके पर शम्भु राम, दादुल बाबा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गगनयान की नई जिम्मेदारी पर दीपक कुमार सिंह को नूतन कुमारी ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

तिलौथू। औरंगाबाद जिले के साम्हुता गांव निवासी दीपक सिंह को इसरो में गगनयान समूह के मानव अंतरिक्ष उड़ान यांत्रिकी प्रभाग (एच.एस.एम.डी.) के प्रमुख की नई जिम्मेदारी मिलने पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू की सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका एवं समाजसेवी नूतन कुमारी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। दीपक सिंह के पिता अर्जुन सिंह एवं माता ललिता देवी हैं। साधारण ग्रामीण परिवेश से निकलकर अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक पहुंचना न केवल उनके परिवार, बल्कि बिहार के लिए भी गौरव की बात है। नूतन कुमारी ने कहा कि दीपक सिंह की उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए प्रेरणादायी है क्योंकि उनका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू से भी विशेष जुड़ाव रहा है। वर्ष 2024 और 2025 में विद्यालय में इसरो से जुड़े अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें इसरो की टीम द्वारा दो दिवसीय अंतरिक्ष प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें जिलेभर से विद्यार्थी एवं शिक्षक पहुंचे और अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इन कार्यक्रमों में इसरो के निदेशक डॉ. निलेश एम. देसाई, वरिष्ठ वैज्ञानिकों तथा दीपक कुमार सिंह की उपस्थिति ने तिलौथू विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इसे यादगार अवसर बना दिया। डॉ. देसाई का बिहार में प्रथम आगमन तिलौथू विद्यालय में होना भी जिले के लिए गौरव का विषय रहा। इस पूरे आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को यह प्रेरणा मिली कि ग्रामीण परिवेश की प्रतिभाएं भी देश के बड़े वैज्ञानिक अभियानों का हिस्सा बन सकती हैं। दीपक सिंह वर्ष 2009 से इसरो से जुड़े हैं। उन्होंने जी.एस.एल.वी कार्यक्रम, स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन, संचार एवं रिमोट सेंसिंग उपग्रहों सहित अनेक महत्वपूर्ण अंतरिक्ष परियोजनाओं में योगदान दिया है। वर्ष 2019 में उन्हें यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। नूतन कुमारी ने कहा कि साम्हुता से शुरू होकर इसरो के महत्वपूर्ण दायित्व तक पहुंचा दीपक सिंह का सफर बिहार के विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत प्रेरणा है। उन्होंने दीपक सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक बच्चों में विज्ञान, अनुसंधान और अंतरिक्ष क्षेत्र में आगे बढ़ने का आत्मविश्वास पैदा होगा और जल्द ही दीपक सिंह का आगमन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलौथू,सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) में होगा।

अनुमंडल स्तरीय भूमि विवाद की बैठक में परिवादियों की सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय भूमि विवाद से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए परिवादियों द्वारा भूमि विवाद से संबंधित अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों से मामले की जानकारी लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पक्ष एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद के मामलों में दोनों पक्षों के तथ्यों एवं अभिलेखों की समुचित जांच करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें तथा अनावश्यक विलंब न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

बिहार पुलिस दारोगा परीक्षा रद्द, जल्द घोषित होगी नई तारीख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार पुलिस परीक्षा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। बिहार में दरोगा परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से दरोगा भर्ती को लेकर आयोजित मुख्य लिखित परीक्षा को रद्द करने की सूचना जारी की गई है। यह सूचना पुलिस अधीक्षक, बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के तरफ से दी गई है। आयोग की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 27 मई 2026 को दरोगा भर्ती के लिए दो पालियों में मुख्य लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

प्रखंड कार्यालय परिसर के पंचायत भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज /दावथ (रोहतास)। मनमंडल क्षेत्र के प्रखंड कार्यालय परिसर सूर्यपुरा स्थित पंचायत भवन में बुधवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला जिसमें 70 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाएं एवं चश्मे भी वितरित किए गए। शिविर में मुख्य रूप से आंखों की जांच के साथ-साथ बीपी, शुगर सहित कई तरह की सामान्य स्वास्थ्य जांचें की गईं। स्वास्थ्य जांच के लिए डॉ. साहिर मो. शमीम, फार्मासिस्ट, एएनएम रम्भा रेशमी समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे जबकि नेत्र विभाग से सौरभ कुमार ने आंखों की विशेष जांच की, शिविर में आए लोगों को जांच के बाद स्वास्थ्यकर्मियों ने जरूरी परामर्श दिया और आंखों की देखभाल, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, किसी भी शारीरिक परेशानी को नजरअंदाज न करने और समय पर डॉक्टर से सलाह लेने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर भी जोर दिया गया और लोगों को संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या, साफ-सफाई और व्यायाम के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों ने इस तरह के शिविर के आयोजन को लाभदायक बताया और कहा कि प्रखंड स्तर पर इस तरह की पहल से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को अपने घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा नोटिस

सं0–44 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। **(1)कार्य का नाम एवं लोकेशन:**निविदा सं0–04–डीडीयू–अधिशासी अभियन्ता–सेतु–26–27 पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवीजन में वरीय अनुभाग अभियन्ता/सेतु/डीडीयू के तहत जीसी सेक्शन में ब्रिज नं0 345 डाउन (एसपी–10 से 19), आर0ओ0बी0/कुदरा बो स्ट्रिंग गर्डर, 345अप, 383अप, 391अप, 493अप, 493डाउन, 611अप, 611 डाउन, 611 प्रतिवर्ती, 676अप, का समय–समय पर पेंटिंग। **(2)कार्य का अनुमानित लागत:**रू.4413922.20 **(3)धरोहर राशि:**रू.88300.00 **(4)ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:**14.10.2026 को 12:00 बजे तक **(5)बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in** नोट:–विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, पं0 दी.द.उपा0

पीआर/0977/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/28

राज्यभर में खाद्य सुरक्षा को लेकर सघन अभियान जारी

पनीर में मानक से अधिक नमी, कम दुग्ध वसा एवं स्टार्च की पुष्टि, गुड़ एवं धनिया पाउडर के नमूने भी असुरक्षित पाए गए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य में आम लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, खाद्य नमूना संग्रहण एवं प्रयोगशाला जांच की कार्रवाई लगातार जारी है। स्वास्थ्य सचिव-सह-खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा टीमों द्वारा विभिन्न जिलों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की जा रही है। इसी क्रम में 27 अगस्त से 23 सितंबर 2026 तक राज्य के विभिन्न जिलों में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए भेजे गए। वहीं जहां खाद्य सामग्री एक्सपायर्ड, खराब अथवा मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई गई, वहां नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। संयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रयोगशाला, पटना द्वारा नवादा में संग्रहित पनीर के नमूना में रद्दी पाया गया। प्रयोगशाला जांच में पनीर में 74.95 प्रतिशत नमी पाई गई जबकि निर्धारित सीमा 60 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। वहीं दुग्ध वसा ड्राई मैटर का 8.38 प्रतिशत पाया गया जबकि निर्धारित न्यूनतम 50 प्रतिशत है। जांच में मिलाया गया स्टार्च भी पॉजिटिव पाया गया। मुजफ्फरपुर के बेनीपुर, पंचगछिया स्थित मेसर्स गायत्री ट्रेडर्स से संग्रहित गुड़ के नमूने को प्रयोगशाला जांच में अनसेफ पाया गया। 21 सितंबर 2026 को जारी रिपोर्ट के अनुसार नमूने में स्टार्च पॉजिटिव पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नमूना संग्रहित किया गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित मामले में नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित जय माता की किराना स्टोर से संग्रहित धनिया पाउडर का नमूना भी अनसेफ पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संग्रहित नमूने की जांच में मिलाया गया रंग (सुडान-1) एवं स्टार्च पॉजिटिव पाए गए। मामले में खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। 23 सितंबर 2026 को पटना के गांधी मैदान क्षेत्र स्थित विभिन्न होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा दूध, पनीर एवं खोवा की जांच की गई। साथ ही किचन, स्टोर रूम एवं वेस्ट मटेरियल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। खाद्य प्रतिष्ठानों में उपयोग किए जा चुके तेल के उचित निस्तारण, साफ-सफाई एवं खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। टीम द्वारा मौके पर फॉर्मेलिन एवं स्टार्च की जांच की विधि के संबंध में खाद्य कारोबारियों एवं उपस्थित लोगों को जागरूक भी किया गया। वहीं, 22 सितंबर 2026 को दाउदपुर एवं मोर क्षेत्र के लगभग सात खाद्य प्रतिष्ठानों में दूध, खोवा एवं पनीर की जांच की गई। जांच के दौरान फॉर्मेलिन एवं स्टार्च की उपस्थिति नहीं पाई गई। राज्य के विभिन्न जिलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा दुकानों, होटलों, मिठाई प्रतिष्ठानों, डेयरी एवं अन्य खाद्य कारोबारियों के यहां निरीक्षण किया गया। इस दौरान पनीर, दूध, खोवा, मिठाई, खाद्य तेल, मसाले, सॉस, दाल एवं अनाज सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों की जांच की गई।

नगर निगम सेवा समिति ने दुर्गा पूजा में आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने को जिला प्रशासन को दिया पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। नगर निगम सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू कुमार सोनी व कार्यकारी महामंत्री संजय वैश्य समाजवादी दिनेश चौधरी सूचना मंत्री सभी ने बुधवार को डीएम, एसपी एवं एसडीएम, नगर आयुक्त को आवेदन दिया। आने वाला विजयादशमी एवं नवरात्रि पर्व के दौरान सासाराम नगर, ग्रामीण क्षेत्रों एवं मां ताराचंडी धाम में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा एवं नागरिक सुविधा 11 अक्टूबर 2026 से 21 अक्टूबर 2026 तक सासाराम नगर के 48 वार्ड व सभी अंदर गली व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा मां ताराचंडी धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ विशेष रूप से सप्तमी, अष्टमी, नवमी एवं विजयादशमी के अवसर पर पूजा-पंडालों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अत्यधिक रहती है। साथ ही 21 अक्टूबर 2026 को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन जुलूस गाजा बाजा एवं अखाड़ा प्रदर्शन एवं नगर भ्रमण करते हुए दुर्गाकुंड में प्रतिमा विसर्जित होती है। इस विशिष्ट पर्व के शुभ अवसर पर जनहित में निम्नलिखित समस्याओं के निदान हेतु सहयोग अपेक्षित है। दैनिक सफाई, फॉगिंग सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति विद्युत आपूर्ति, प्रकाश, चिकित्सा, अग्निशामक, विधि व्यवस्था, खुफिया निगरानी, सीसीटीवी कैमरा, अश्लिल संगीत पर रोक, सोशल मीडिया पर पैनी नजर की अपील की है।

पूर्व रेलवे

निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/784, दिनांक 22.09.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तेल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3562–आर, काम का नाम:** एईएन/टीआर/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पी.वे/हावड़ा के अधीन कार्यरत गैंग संख्या 1, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11,12, 13, 14, 17 एवं 18 और एसएसई/पी.वे/बामनगाछी के अधीन कार्यरत गैंग संख्या 2, 3, 4, 6 एवं 7 के लिए गैंग हट के प्रावधान के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य:** रु. 25,74,863/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 51,500/– **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच –25–21–3624–आर, काम का नाम:** तालित स्टेशन पर पुराने और जीर्ण-शीर्ण पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों को ईआई में बदलने के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य:** रु. 41,71,151/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 83,400/–, **क्रम संख्या 3, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3634–आर1, काम का नाम :** हावड़ा में पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन के 100 स्थानों/स्टेशनों/केबिनों में एयर-कंडीशनिंग का प्रावधान। **टेंडर का मूल्य:** रु. 3,83,21,422/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 7,66,400/– **क्रम संख्या 4, टेंडर नंबर: ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3571–आर, काम का नाम:** "वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के तहत लिलुआ, बेलुड़ (एबीओ), कोन्नगर (एबीओ और एमबीओ), हिंदमोटर (एबीओ और एमबीओ), उत्तरपाड़ा (एबीओ और एमबीओ), बैद्यबाटी, मानकुंडु, हरिपाल, आरामबाग, मायापुर, देबीपुर, पाण्डुआ, बैंचीग्राम और रसूलपुर स्टेशनों पर बुकिंग कार्यालयों में सुविधाओं के उन्नयन के साथ-साथ पुनर्निर्माण/सुधार/नवीनीकरण" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **टेंडर का मूल्य:** रु.1,03,98,253/–, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 2,08,000/–, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन (प्रत्येक हेतु)। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 09.10.2026 को 15.00 बजे। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-347/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

राजस्व व्यवस्था में सुधार और किसानों के हक के लिए भारतीय किसान संघ का आंदोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ी समस्याओं, दाखिल-खारिज में देरी और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय किसान संघ (बिहार प्रदेश) ने चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है। प्रथम चरण में राज्यभर की ग्राम समितियां किसानों की भूमि संबंधी समस्याओं को सूचीबद्ध कर मुख्यमंत्री और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री को पत्र व ज्ञापन भेज रही हैं। संघ की समय-सारिणी के अनुसार पहला चरण 17 से 30 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान ज्ञापन ई-मेल और स्पीड पोस्ट से मुख्यमंत्री सचिवालय तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के कार्यालय को भेजे जा रहे हैं। दूसरे चरण में अक्टूबर में प्रखंड स्तर पर धरना-प्रदर्शन और प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। 11 से 20 अक्टूबर

तक दुर्गापूजा के कारण कार्यक्रम स्थगित रहेगा। तीसरे चरण में 1 से 15 नवंबर तक विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों से संवाद किया जाएगा। चौथा चरण 15 से 30 नवंबर तक जिला मुख्यालयों पर होगा। 22 दिसंबर को पटना में राज्य स्तरीय महाआंदोलन प्रस्तावित है। संघ ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन, एलपीसी और भूमि पैमाइश के आवेदनों को बिना ठोस कारण खारिज करने पर रोक, 10 वर्ष से अधिक पुराने मामलों के निस्तारण और भू-अभिलेखों की त्रुटियां सुधारने की मांग की है। ज्ञापन में उचित मुआवजा, टोपोलैंड पर मालगुजारी रसीद, बकाश्त व गैर मजरुआ भूमि पर रैयती अधिकार तथा किसान सम्मान निधि में प्रति किस्त 1000 रुपये अतिरिक्त राज्य अंशदान की मांग भी की गई है।

कृषि विज्ञान केंद्र में छात्रों का कार्यक्रम संपन्न, प्रमाण पत्र देकर किया पुरस्कृत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी, मेरठ (उत्तर प्रदेश) से आए छह कृषि छात्रों का एक माह का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम का सफलतापूर्वक बुधवार को समापन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छह छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एक माह की प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न उन्नत प्रशिक्षण इकाइयों का अवलोकन किया। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों की वास्तविक समस्याओं, फसल प्रबंधन, पशुपालन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह

प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह ने छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण से कृषि छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों की जमीनी समस्याओं को समझने का अवसर मिलता है। इससे छात्र भविष्य में कृषि क्षेत्र के विकास में अधिक प्रभावी योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम इंचार्ज डॉ. शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, रजत रंजन, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, मनोज कुमार, सलोनी कुमारी, अनिल कुमार, पप्पू कुमार, पिंटु पासवान सहित कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

एक नजर

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती मनी

नारदीगंज (नवादा)। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती बुधवार को मनाई गई। लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य श्रीकांत सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात कवि, साहित्यकार व निबंधकार दिनकर जी की राष्ट्रवादी रचनाओं ने देशवासियों में नया जोश भरा था। उनकी प्रमुख रचनाएं उर्वशी, रश्मिरथी, संस्कृति के चार अध्याय और कुरुक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हैं। उर्वशी के लिए उन्हें साहित्य का सर्वोच्च 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला तथा 1959 में 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया। वे राज्यसभा सदस्य और कई विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक भी रहे। 24 अप्रैल 1974 को दिवंगत हुए दिनकर जी को आज भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।

24 से 27 सितंबर तक होंगी ग्राम सभाएं

कौआकोल। आवास प्लस 2024 के तहत सर्वेक्षण के माध्यम से योग्य परिवारों की सूची तैयार करने को लेकर कौआकोल प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में 24 से 27 सितंबर तक ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, कौआकोल द्वारा आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी ग्राम सभाएं सुबह 10 बजे से आयोजित होंगी। 24 सितंबर को पाली, लालपुर एवं केवाली पंचायत, 25 सितंबर को देवनगढ़, सेखोदेवरा, पहाड़पुर एवं खरसारी पंचायत, 26 सितंबर को छबैल, सरौनी एवं दरावां पंचायत तथा 27 सितंबर को पाण्डेयगंगोट, कौआकोल, महुड़र, नावाडीह एवं मंझिला पंचायत में ग्राम सभा होगी। बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार ने सभी ग्रामीण आवास सहायकों को पंचायत सचिवों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित तिथि एवं समय पर ग्राम सभा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन के अनुसार ग्राम सभाओं के माध्यम से योग्य परिवारों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इसकी सूचना सभी संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक एवं वरीय अधिकारियों को भी दी गई है।

शिक्षिका के निधन पर शोकसभा आयोजित

पकरीबरावां। कन्या प्राथमिक विद्यालय डुमरावां की शिक्षिका वीणा राय के निधन पर शिक्षकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। वीणा राय डुमरावां गांव की रहने वाली थी। उनके निधन की खबर सुनते ही शिक्षक समाज में शोक की लहर फैल गई। उनके असमायिक निधन पर प्राथमिक शिक्षक संघ भवन में शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, सचिव चंदन कुमार, रामरतन प्रसाद, अजीत कुमार, प्रधान शिक्षक राकेश कुमार, प्रधान शिक्षक डॉ.मुकेश कुमार सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, उनके निधन पर दिलीप कुमार रंजन, डॉ. प्रेमजीत कुमार उर्फ विपिन प्रसाद, मुकेश सिंह, अभय सिंह, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शंभु कुमार सहित अन्य ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

सड़क हादसे में दिव्यांग युवक की मौत

पकरीबरावां। सड़क हादसे में इलाज के दौरान हुई पकरीबरावां थाना क्षेत्र के पकरी गांव के युवक की मौत के बाद गुस्साए लोगों ने बुधवार को पकरीबरावां- नवादा पथ को पकरी मोड़ के पास जाम कर दिया। हादसा मंगलवार की देर रात को हुई थी। पकरी गांव के पास बाइक की चपेट में आने से सड़क किनारे पैदल चल रहे शिवदानी पासवान का पुत्र रविन्द्र पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक स्थिति में नवादा रेफर कर दिया गया था। वहां से घायल व्यक्ति को पटना रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब प्रखण्ड मुख्यालय के छोटी तालाब के मो.फुरकान अपने एक दोस्त मोहम्मद इश्तियाक के साथ बाइक से जा रहा था। इस दौरान सड़क किनारे चल रहे पकरी गांव के रविन्द्र पासवान को तेज गति से धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शव के पहुंचते ही आक्रोशित हुए लोग बुधवार की सुबह पांच बजे के करीब पटना में इलाज के दौरान रविन्द्र पासवान की मौत हो गई।

कर्मा : रजौली में बहनों ने मांगी भाइयों की लंबी उम्र

एकादशी और मंगलवार के शुभ संयोग पर हुई विष्णु-हनुमान की आराधना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रजौली। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक कर्मा-धर्मा पर्व मंगलवार को पूरे रजौली क्षेत्र में अगाध आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पुरानी बस स्टैंड, सती स्थान, ऊपरटंडा, संगत, नीचे बाजार, डाक बंगला चौराहा, संतोषी मां मंदिर मोड़ समेत चितरकोली,अमावां अंधरबारी, हरदिया सहित ग्रामीण इलाकों में बहनों ने दिनभर उपवास रखकर अपने हाथों से मिट्टी

की गौरा (माता पार्वती), श्रीगणेश और भगवान शिव की प्रतिमाएं बनाईं। मंगलवार की रात पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की मन्नतें मांगी। इस दौरान थाना द्वार पर भी युवितयां बने नवनिर्मित चबूतरे पर डीजे लाइट लगाकर धूमधाम से पूजा अर्चना करते दिखाई दी।

विष्णु और हनुमान जी की भी हुई आराधना :- सुबह से ही घरों में पूजा की तैयारियां तेज हो गई थीं। महिलाओं और किशोरियों ने स्नान के बाद पूजा स्थल को पवित्र किया और मिट्टी की मूरत गढ़कर स्थापित किया। प्रतिमाओं पर फूल, अक्षत, रोली, सिंदूर और फल-नैवेद्य चढ़ाए गए। इस बार एकादशी और मंगलवार का दुर्लभ शुभ संयोग होने के कारण शिव परिवार के साथ-साथ भगवान विष्णु और संकटमोचन हनुमान जी की भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। शाम ढलते ही आंगनों में महिलाएं समूह में एकत्रित हुईं और कर्मा-धर्मा की लोककथा सुनी। इस दौरान गाए गए पारंपरिक भजनों, जतसार और लोकगीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा।

बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हिसुआ प्रखंड में धावा दल की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। श्रम अधीक्षक चंद्रशेखर सिंह के निर्देश के आलोक में बाल श्रम के उन्मूलन एवं रोकथाम को लेकर 22 सितंबर 2026 को हिसुआ प्रखंड में धावा दल द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों का निरीक्षण किया गया। धावा दल द्वारा कार्रवाई करते हुए एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। बाल श्रमिक को नियोजित करने के मामले में संबंधित नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है। श्रम विभाग के पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, हिसुआ सोनू कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, वारिसलीगंज सुशील कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मेसकौर ओम प्रकाश कुमार एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, नारदीगंज अंजनी कुमार शामिल रहे। जिले में बाल श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए श्रम विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण करते हुए बाल श्रमिकों के नियोजन के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

शराब सहित अन्य मामलों में 30 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा पुलिस ने बुधवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर हत्या के प्रयास, पॉक्सो एक्ट, मद्यनिषेध समेत अन्य मामलों में कुल 30 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस कप्तान अभिनव धीमन की ओर से जारी गिरफ्तारी एवं बरामदगी संबंधी रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान 12 लोगों की हत्या के प्रयास के मामले में, एक की पॉक्सो एक्ट के तहत, नौ की मद्यनिषेध से जुड़े मामलों में तथा आठ अभियुक्तों की अन्य मामलों में गिरफ्तारी की गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान नगर थाना क्षेत्र में चोरी की बैट्री, चार्जर और इनवर्टर समेत सामान बरामद किया गया। वहीं साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध से जुड़े मामले में नौ एटीएम कार्ड, एक टैब, तीन मोबाइल, आठ सिम कार्ड, पहचान पत्र, चार बैंक पासबुक, एक चेकबुक, दो नोटबुक तथा आरसी कार्ड की छायाप्रति बरामद की। नारदीगंज थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, अभियान के दौरान तीन मोटरसाइकिल और अन्य सामान भी बरामद किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 316.5 लीटर महुआ शराब और 162.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। थाली थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मुरली पहाड़ स्थित माधोपुर जंगल से 152 लीटर विदेशी शराब के साथ राजू राजवंशी और सुनील राजवंशी को गिरफ्तार किया। अकबरपुर थाना पुलिस ने कन्नौज से 98 लीटर महुआ शराब जब्त की। वहीं नरहट थाना पुलिस ने गजरा चातर से 13.5 लीटर महुआ शराब बरामद की। दोनों मामलों में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

नवादा

जमुई छात्रा यौन हिंसा के विरोध में भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जमुई में छात्रा के साथ हुई यौन हिंसा के विरोध में अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन के राज्यव्यापी आह्वान पर बुधवार को बिहारशरीफ में भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने प्रतिरोध मार्च निकाला। मार्च भाकपा माले जिला कार्यालय, कमरुद्दीनगंज से शुरू होकर एलआईसी मोड़, सरकारी बस स्टैंड और देवी स्थान होते हुए अस्पताल चौराहा पहुंचा, जहां यह सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए महिला नेत्री रेणु देवी ने बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे। उन्होंने सवाल किया कि जमुई की घटना के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपनी कही बातों की जिम्मेदारी कब लेंगे। रीकम देवी ने कहा कि 19 सितंबर की जमुई की घटना ने बेटियों की सुरक्षा को लेकर

सरकार के दावों पर सवाल खड़े किए हैं। भाकपा माले जिला स्थायी कमेटी सदस्य एवं हरनौत प्रभारी बिरेश कुमार ने कहा कि लंबे समय से सत्ता में रहने के बावजूद अपराध पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका है। उन्होंने पुलिस और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। रामप्रीत केवट ने कहा कि सरकार को पुरानी घटनाओं का हवाला देने के बजाय वर्तमान में अपराध पर नियंत्रण के लिए जवाबदेही तय करनी चाहिए। अनिल पटेल ने भी सरकार की नीतियों की आलोचना की। वक्ताओं ने जमुई कांड के आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, स्पीडी ट्रायल से सजा, मुख्यमंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे तथा पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की। मार्च में सोना देवी, प्रवीला देवी, जीरा देवी, कुसुम देवी, दारूना देवी, इंदु देवी, बसंती देवी, लालती देवी, गीता देवी, सुशीला देवी, किरण देवी, कौशल्या देवी, महेंद्र प्रसाद, राजेश रविदास और बढ़न पासवान समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

पीएम आवास सूची में नाम नहीं रहने पर ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय घेरा

बीडीओ ने पात्र परिवारों का दोबारा सर्वे कराने का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हरनौत। प्रधानमंत्री आवास योजना की फाइनल सूची में नाम नहीं रहने से नाराज सरथा पंचायत के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने बुधवार को हरनौत प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने सूची में पात्र परिवारों का नाम शामिल करने और दोबारा सर्वे कराने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप था कि पंचायत के कई परिवार आज भी झुग्गी-झोपड़ी या जर्जर मकान में रहने को मजबूर हैं, इसके बावजूद उनका नाम आवास योजना की सूची में नहीं है। उर्मिला देवी और मालती देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि वे लंबे समय से आवास की उम्मीद लगाए हुए थे, लेकिन अंतिम सूची में नाम नहीं मिला। ग्रामीणों ने सर्वे के दौरान अनियमितता का आरोप लगाते हुए फोटो खींचने के नाम पर पैसे लिए जाने की भी शिकायत की। मामले की जानकारी मिलने पर मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर कुमार

सिंह प्रखंड कार्यालय पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बीडीओ डॉ. पंकज कुमार से मुलाकात की। ग्रामीणों की ओर से बीडीओ को आवेदन भी सौंपा गया। मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि पंचायत के विभिन्न गांवों में करीब 1650 परिवारों का सर्वे हुआ था, जबकि अंतिम सूची में केवल 482 लाभुकों को चिह्नित किया गया है। बीडीओ ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद आश्वासन दिया कि पात्र परिवारों की स्थिति की जांच कर नियमानुसार दोबारा सर्वे कराया जाएगा। जांच में पात्र पाए जाने वाले परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

भूमिहीन परिवारों ने जमा किए 110 पर्चे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिलसा। प्रखंड कार्यालय हिलसा में भूमिहीन परिवारों की समस्याओं को लेकर पर्चा जमा करने की प्रक्रिया आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से भूमिहीन परिवारों द्वारा कुल 110 पर्चे जमा किए गए। मौके पर अंचल एवं प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।अंचलाधिकारी रूपम शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार और थाना प्रभारी चंद्र भानु की मौजूदगी में पर्चे जमा किए गए। अधिकारियों ने कहा कि प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच और समीक्षा की जाएगी। इसके बाद पात्र लाभुकों के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष आशुतोष कुमार, मंडल अध्यक्ष (पूर्वी) सोनू बिहारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक बंटी कुमार, शहजादा, कौशल कुमार और अजीत कुमार सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।पर्चा जमा होने के बाद भूमिहीन परिवारों में भूमि एवं आवास संबंधी मांगों के समाधान की उम्मीद जगी है। प्रशासन की ओर से प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया।

एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिए जुटें कार्यकर्ताः श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर एनडीए ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को बेन प्रखंड में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में पूरी मजबूती के साथ जुटने का आह्वान किया।मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव सामान्य चुनाव से अलग है। इसमें स्नातक या उससे उच्च शिक्षा प्राप्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को शिक्षित मतदाताओं से लगातार संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को समझना चाहिए। साथ ही सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी

मतदाताओं तक पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए गए हैं। विद्यालयों से लेकर उच्च शिक्षा तक आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, शिक्षण संस्थानों के विकास और विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज और देश के विकास की बुनियाद है।मंत्री ने कार्यकर्ताओं से पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा स्नातक मतदाताओं से संपर्क अभियान तेज करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करे।बैठक में जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, भाजपा अध्यक्ष निर्मल सिंह, चुनु मांझी, सत्येंद्र सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, शंभू पासवान, प्रो. भूषण, रामानुज सिंह, विजय कुमार, संतोष कुमार, लखन यादव, जितु कुशवाहा, कुमुद कुमार, सुनील पासवान, कलीम साहब, वहाब उद्दीन, शैलेंद्र पाल, सुधीर प्रसाद सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व चेयरमैन के निधन पर नगर निगम में शोकसभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अरुण कुमार उर्फ अद्दू के आकस्मिक निधन पर बुधवार को नगर निगम की ओर से शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। 20 सितंबर 2026 को उनका निधन हो गया था। बुधवार को दोपहर तीन बजे स्मार्ट सिटी सभागार भवन में आयोजित शोकसभा में नगर निगम की महापौर, नगर आयुक्त, सभी पार्षद, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत पूर्व चेयरमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और नगर के विकास में उनके योगदान को याद किया। नगर निगम परिवार के सदस्यों ने उनके निधन को नगर के लिए अपूरणीय क्षति बताया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा के दौरान उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आवास योजना के 511 लाभार्थियों की सूची पेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत कैला पंचायत के पंचायत सरकार भवन कैला में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया शम्भू कुमार ने की। इस दौरान पंचायत में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर चर्चा की गई।ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए चयनित लाभार्थियों की सूची पंचायत आवास सहायक द्वारा प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत सूची में पंचायत के कुल 511 लाभार्थियों के नाम शामिल हैं। सूची को ग्राम सभा के समक्ष रखते हुए लाभार्थियों से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की

गई।ग्राम सभा में पंचायत स्तर पर योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन तथा पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस अवसर पर उप मुखिया जितेन्द्र प्रसाद, सरपंच मंटू ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन पासवान, पंचायत रोजगार सेवक विजय पटेल, पंचायत सचिव कृष्णा रजक, विकास मित्र रेणु कुमारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक पवन कुमार सहित वार्ड सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इस्लामपुर। इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नौरंगा गांव में छापेमारी कर 32 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान नौरंगा गांव निवासी शुभम कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि नौरंगा गांव में एक युवक द्वारा शराब की डिलीवरी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने शुभम कुमार उर्फ गोलू के घर की घेराबंदी कर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने रॉयल स्टैग ब्रांड की 32 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की और मौके से शुभम कुमार उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सेवा पखवाड़ा के तहत चला स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिला युवा कार्यालय, नालंदा के तत्वावधान में संचालित सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को परिसर में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नालंदा महिला कॉलेज की छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए परिसर की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण में योगदान दिया।अभियान के दौरान छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों ने परिसर में उगी झाड़ियों की कटाई-छंटाई, अनावश्यक कचरे की सफाई, पौधारोपण और भूमि के समतलीकरण सहित विभिन्न कार्य किए। इस दौरान परिसर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने पर विशेष जोर दिया गया।जिला युवा पदाधिकारी, नालंदा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिलेभर में स्वच्छता, जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को भविष्य में भी स्वच्छता एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

पइन में डूबकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नगरनौसा। नगरनौसा थाना क्षेत्र के लच्छू बिगहा स्टेशन के पास पइन में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक कर्मा को लेकर मिट्टी लाने गया था। मृतक की पहचान बलधा गांव निवासी रामकुमार पासवान के 19 वर्षीय पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कर्मा को लेकर मिट्टी लाने लच्छू बिगहा स्टेशन के पास पइन में गया हुआ था जहां स्नान करने के दौरान युवक गहरा पानी में चला गया जिससे युवक की डूबकर मौत हो गयी। इधर घटना की जानकारी मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।

बाइक-टेंपो की जोरदार टक्कर में तीन घायल, दो रेफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। सारे थाना क्षेत्र के बेनार मोड़ के पास बुधवार को बाइक और टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान शाहपुर गांव निवासी चलितर पासवान के पुत्र रामप्रवेश पासवान, शिवल यादव के पुत्र दिलखुश कुमार और मिथुन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रामप्रवेश पासवान और दिलखुश कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ रेफर कर दिया। वहीं, मिथुन कुमार का स्थानीय स्तर पर इलाज चल रहा है।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

पितृपक्ष मेला में सुरक्षा, सुविधा और भीड़ प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। पितृपक्ष मेला 2026 में देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले मेले के मद्देनजर हरिदास सेमिनरी के प्रेक्षागृह में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर पदाधिकारियों और महिला दंडाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने की। जिला पदाधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 45 जोन और 365 सेक्टर में बांटकर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, महिला दंडाधिकारी, महिला पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को जॉइंट ऑर्डर का गंभीरता से अध्ययन कर अपने ड्यूटी स्थल और दायित्व की जानकारी रखने का निर्देश दिया। 25 सितंबर को गोदावरी तालाब में तर्पण से प्रमुख अनुष्ठानों की शुरुआत होगी और 10 अक्टूबर तक विभिन्न पिंड वेदियों व सरोवरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। उन्होंने कहा कि क्राउड मैनेजमेंट सबसे बड़ी चुनौती होगी और देवघाट, विष्णुपद मंदिर सहित प्रमुख स्थलों पर भगदड़ जैसी स्थिति रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रमुख सरोवरों और देवघाट पर एसडीआरएफ, प्रशिक्षित गोताखोर, लाइफ जैकेट, आवश्यकतानुसार नाव, बैरिकेडिंग और साइन बोर्ड की व्यवस्था की गई है। शमशान घाट से गया जी डैम तक एक समय में करीब 40 से 50 हजार तीर्थयात्री बैठकर तर्पण कर सकेंगे। विष्णुपथ और सीता पथ क्षेत्र में भी बड़े घाट व पंडाल बनाए गए हैं। घाटों से विष्णुपद मंदिर तक सुरक्षित रूट और कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आपात स्थिति में त्वरित सहायता के लिए एम्बुलेंस, अग्निशमन और अन्य आपात सेवाओं के नंबर सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किए गए हैं। पिंडदान गयाजी मोबाइल ऐप के माध्यम से शिकायतें दर्ज कर उनके त्वरित समाधान की व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी ने पंडा समाज और तीर्थयात्रियों से निरंतर संवाद, स्वच्छता, पेयजल, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी का निर्देश दिया। सेक्टर स्तर पर सफाई, पीएचईडी और विद्युत विभाग की बहु-विभागीय टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला गयाजी की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक नहीं होने देने का निर्देश दिया। उन्होंने एटीएम केंद्रों के आसपास पेट्रोलिंग, वन-वे और पार्किंग व्यवस्था का सख्ती से पालन तथा भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने को कहा। मंदिर के समीप अस्थायी थाना बनाया गया है और संवेदनशील स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम व मैनपैक के साथ पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। बैठक में नगर पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था सहित अन्य वरीय पदाधिकारी और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में एनएसएस स्थापना दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं महाविद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किया तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समारोह में उत्साह का माहौल बनाया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राकेश राय ने स्वागत भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्यों और महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने और उनमें सेवा भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता, सह-अस्तित्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह ने युवाओं की ऊर्जा एवं प्रतिभा को रचनात्मक दिशा देने में एनएसएस की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। गया कॉलेज, गया के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न वर्गों से जोड़ता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नाजिर अख्तर ने एनएसएस स्वयंसेवकों की गतिविधियों की सराहना की।

शिक्षक राष्ट्र के निर्माता : प्रो. केसरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग में द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं की ओर से प्रथम वर्ष के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए नवागंतुक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ उन्हें विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों और महाविद्यालय के वातावरण से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने शिक्षा शास्त्र विभाग में आंवला का पौधा लगाकर की। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। संबोधन में प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषयगत ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र और नैतिक मूल्यों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ शैक्षणिक जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने शिक्षा के विभिन्न आयामों पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन तथा शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मार्कंडेय पांडे ने भी शिक्षक से संबंधित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षक अमरेंद्र कुमार, डॉ. मोहम्मद सदरे आलम, निकहत परवीन और विदुशी कुमारी तथा शिक्षकेतर कर्मचारी संगीता राय, ताजवर नाज, मुजाहिद इमाम अहमद, अश्वनी कुमार, साबिर अली और विकास कुमार सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन अखिल कुमार, प्रिया बाला, अंकित कुमार, अपूर्वा, राजलक्ष्मी और सिंपी कुमारी ने किया। आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में प्रथम वर्ष के छात्र ऋषभ कुमार को मिस्टर फ्रेशर और छात्रा हर्षिता राज को मिसेज फ्रेशर चुना गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएन प्रदर्शनी ने किया।

कर्मा पूजा में महिलाओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर ग्रामीण पर हमला, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। कर्मा पूजा के दौरान महिलाओं के साथ कथित रूप से छेड़छाड़ किए जाने का विरोध करने और आरोपित युवकों को समझाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना में भुजौल निवासी योगेंद्र मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का इलाज कराया गया है। योगेंद्र मांझी ने बताया कि कर्मा पूजा के दौरान कुछ लोग महिलाओं को परेशान कर रहे थे। इस बात को लेकर उन्होंने आपत्ति जताई थी। बुधवार को वह मामले को लेकर संबंधित लोगों को समझाने के लिए गए थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान ही उनके साथ मारपीट शुरू कर दी गई।

गोशाला के बाद अस्पताल पहुंचे एसडीएम, व्यवस्था में सुधार के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। नगर पंचायत अंतर्गत रानीगंज स्थित श्री सेंट्रल गोरक्षिणी का बुधवार को आईएएस अधिकारी सह शेरघाटी एसडीएम जतिन कुमार ने निरीक्षण किया। पहली बार गोशाला पहुंचे एसडीएम ने परिसर का भ्रमण कर गायों के रखरखाव, चारा-पानी, साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। गोशाला की व्यवस्था और प्रबंधन देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

निरीक्षण के बाद एसडीएम ने गोरक्षिणी समिति और गोशाला से जुड़े लोगों के साथ बैठक की। समिति के सदस्यों ने गायों की देखभाल में आने वाली समस्याओं तथा आवश्यक सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। सदस्यों ने कहा कि पूर्व में यहां लाई गई कुछ गायों के रखरखाव के लिए संबंधित पदाधिकारी को अनुदान उपलब्ध कराने का आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक राशि नहीं मिली है। इसके कारण गोशाला के संचालन में आर्थिक परेशानी हो रही है। वहीं इस संबंध में एसडीएम जतिन कुमार ने कहा कि लंबित अनुदान के संबंध में संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर राशि दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं पहली बार इस गोशाला में आया हूं। यहां का प्रबंधन और व्यवस्था देखकर अच्छा लगा। गोशाला के विकास तथा गोमाता की रक्षा और सेवा के लिए हम सभी मिलकर काम करते रहेंगे। गोशाला से लौटने के दौरान एसडीएम ने इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मिली कमियों पर नाराजगी जताते हुए उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को कड़ी फटकार लगाई तथा व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर गोशाला के उपाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वर्मा, सत्यनारायण गोयल, संतोष सौंडिक, पीयूष अग्रवाल, संजय कुमार, पंचू सिंह, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद उर्फ नीनू सिंह, गजेंद्र दास, गंगाधर पाठक, मनोज पांडेय और भानु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एएसआई से एसआई बने आठ पुलिस पदाधिकारी, कंधे पर सजे सितारे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक पद पर प्रोन्नत आठ पुलिस पदाधिकारियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। आंती थाने में पदस्थापित तीन पदाधिकारियों राजीव कुमार, मुस्तफा कमाल और गौरव कुमार को गया के एसएसपी सुशील कुमार ने स्टार लगाकर बधाई दी। उन्होंने सभी को निष्ठा और अनुशासन के साथ कर्तव्य निर्वहन की नसीहत दी। वहीं कोंच थाने में पदस्थापित पांच एएसआई शैलेश कुमार सिंह, सुरेश कुमार, संजय कुमार, रमेश कुमार सिंह और बृजकिशोर सिंह को एसआई पद पर प्रोन्नति मिली। थानाध्यक्ष आलोक रंजन और अपर थानाध्यक्ष सोहराब अली ने उन्हें स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

फुटबॉल टूर्नामेंट में दिखा खिलाड़ियों का जोश, गया कॉलेज और मिर्जा गालिब कॉलेज फाइनल में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 के तीसरे दिन बुधवार को गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। सेमीफाइनल मुकाबलों में गया कॉलेज, गया और मिर्जा गालिब कॉलेज, गया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में एस. सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद और गया कॉलेज, गया की टीमें आमने-सामने हुईं। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए जोरदार प्रयास किया। रोमांचक मुकाबले में गया कॉलेज, गया की टीम ने बाजी मारते हुए फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में आर.एल.एस.वाई. कॉलेज, औरंगाबाद और मिर्जा गालिब कॉलेज, गया के बीच मुकाबला हुआ। इसमें मिर्जा गालिब कॉलेज, गया के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और फाइनल में अपनी जगह बनाई। मिर्जा गालिब कॉलेज के सचिव शकील अहमद खान ने सेमीफाइनल मुकाबले का शुभारंभ गेंद को किक मारकर किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, सचिव शकील अहमद खान, चेयरमैन काउंसिल अशफाक अली, शिक्षाविद सदस्य एस.एम. ओबैदुल्लाह, डॉ. मो. शहाबुद्दीन, डॉ. जोफैल हसन, डॉ. मो. सफदर अली, सैयद नियाजुद्दीन, मो. शमीम, खतीब अहमद, शब्बीर आलम, डॉ. प्रियंका तथा लुब्ना अंबरीन समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्टेडियम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं और फुटबॉल प्रेमी उपस्थित रहे तथा खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता 21 से 24 सितंबर 2026 तक आयोजित की जा रही है। हालांकि जारी सूचना के अनुसार टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 27 सितंबर 2026 (रविवार) को दोपहर दो बजे गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल में गया कॉलेज, गया और मिर्ज़ा गालिब कॉलेज, गया की टीमें आमने-सामने होंगी। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉ. इबरार खान एवं डॉ. अकरम वारिस ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में खासा उत्साह है। सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

खिजरसराय पहुंचे जमुई सांसद अरुण भारती, पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार की मदद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। खिजरसराय के कुड़वां और पथरा गांव में हुई अलग-अलग घटनाओं को लेकर जमुई सांसद अरुण भारती बुधवार को पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेताओं के साथ पहुंचे सांसद ने परिजनों से घटनाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान पार्टी की ओर से दोनों पीड़ित परिवारों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के चेक दिए गए। अरुण भारती ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। यह राजनीति करने का समय नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने और उन्हें सरकारी सहायता जल्द उपलब्ध कराने का समय है। परिजनों ने सांसद को बताया कि घटना के बाद वह पहले नेता हैं जो उनके बीच पहुंचकर उनका हाल जानने आए हैं। जमुई की नाबालिग से जुड़ी घटना के संबंध में सांसद ने कहा कि मामले को लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक से लगातार जानकारी ली जा रही है।

पोते का शव आने से पहले दादा ने तोड़ा दम

एसडीएम की पहल पर ठेकेदार ने दिए 25 हजार, चार दिनों में डेढ़ लाख देने का आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

इमामगंज। घर में जवान पोते का शव आने वाला था, लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत के गम में डूबे 80 वर्षीय दादा गणेश साव ने भी दम तोड़ दिया। बुधवार को सिद्धपुर गांव से जब दादा और पोते की अर्थियां एक साथ निकलीं तो पूरा गांव गमगीन हो गया। परिजनों की चीख-पुकार और ग्रामीणों की नम आंखों के बीच दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों के अनुसार इमामगंज थाना क्षेत्र के सिद्धपुर गांव निवासी रवि कुमार रोजगार के लिए तिरुपति गया था। वहां काम करने के दौरान 17 सितंबर को उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद ठेकेदार ने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का भरोसा दिलाया था, लेकिन निर्धारित राशि नहीं मिली। बुधवार को रवि का शव गांव पहुंचते ही परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर डुमरिया मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित हो गया। वहीं सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी सुकेश कुमार और थानाध्यक्ष अमित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान रानीगंज स्थित श्री सेंट्रल गोरक्षिणी का निरीक्षण करने जा रहे शेरघाटी एसडीएम जतिन कुमार का काफिला भी जाम में रुक गया। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम ने ठेकेदार अनवर अली को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का निर्देश दिया। इसके बाद ठेकेदार ने तत्काल 25 हजार रुपये उपलब्ध कराए और चार दिनों के भीतर डेढ़ लाख रुपये देने का आश्वासन दिया। भरोसा मिलने के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

बंद घर से बक्सा उठा ले गए चोर, जेवर-नकदी पर हाथ साफ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। थाना क्षेत्र के मीठापुर शिवा बिगहा गांव में चोरों ने बंद घर से बक्सा उड़ा लिया। बक्से में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए गए। पीड़िता सुनीता देवी उर्फ मंगरी देवी पति अजीत यादव ने कोंच थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि मंगलवार रात वह अपने दो बच्चों के साथ घर के आंगन में सोई थी। सुबह करीब चार बजे नींद खुली तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला। घर में रखा बक्सा गायब था। खोजबीन पर घर से करीब 200 मीटर दूर ताला टूटा हुआ बक्सा मिला। उसमें रखी सोने की चेन, सोने की बाली, चांदी की पायल, सोने का बजरंगबली लॉकेट, अंगूठी और नकदी गायब थी। इधर, थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय पुण्यदेव यादव ने कहा कि चोरी की घटना अक्सर हो रही है जिससे लोग सहमे हुए हैं।

आरक्षण में वर्गीकरण की मांग, 18 वंचित जातियों के हक में उठी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेरघाटी। आरक्षण में वर्गीकरण की मांग को लेकर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतन राम मांझी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन की ओर से चलाए जा रहे अभियान को पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समर्थन दिया है। बुधवार को हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज मांझी, विशाल डोम समेत अन्य नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस कर अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण लागू करने की मांग उठाई। मनोज मांझी ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग में शामिल 22 जातियों में से कुछ जातियों को आरक्षण का अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिल रहा है जबकि 18 जातियां अब भी अपेक्षित लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों तक आरक्षण का लाभ समान रूप से पहुंचाने के लिए वर्गीकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व की ओर से वंचित जातियों के अधिकार को लेकर शुरू की गई मुहिम का वे पूरी तरह समर्थन करते हैं। केंद्र और राज्य सरकार को इस दिशा में आवश्यक पहल करनी चाहिए, ताकि आरक्षण का लाभ उन परिवारों तक भी पहुंच सके जो लंबे समय से इसका अपेक्षित लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मनोज मांझी ने लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष से भी जीतन राम मांझी की मांग को सुनने और समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि वंचित जातियों को उनके हिस्से का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण व्यवस्था में आवश्यक सुधार किया जाना चाहिए।

परसावां में पीएम आवास योजना को लेकर ग्रामसभा, पात्रता सूची पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच (गया)। प्रखंड के परसावां पंचायत के शेख बिगहा स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर ग्रामसभा का आयोजन किया गया। मुखिया दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामसभा में भारत सरकार एवं ग्रामीण विकास विभाग, पटना के निर्देश के आलोक में आवास प्लस ऐप 2.0 (2024) के माध्यम से जोड़े गए परिवारों की प्रतीक्षा सूची में अंकित योग्य-अयोग्य लाभार्थियों के अंतिम अनुमोदन पर चर्चा की गई। ग्रामसभा में आवास सहायक सह पर्यवेक्षक रवि कुमार सहित सभी जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि किन लोगों को आवास का लाभ मिलेगा और कौन वंचित रहेंगे। वहीं जिनका नाम सूची में नहीं था, उनमें आक्रोश देखा गया। हल्के हंगामे के बीच ग्रामसभा की कार्यवाही संपन्न हुई।

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की पूर्व संध्या पर गया कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के एक दिन पूर्व, 23 सितंबर को गया कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज एवं राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एवं मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता के विकास का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संरक्षक गया कॉलेज, गया जी के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। स्थापना दिवस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में निर्णायक मंडल के रूप में गया कॉलेज के डॉ. मार्कण्डेय पाण्डे (मनोविज्ञान विभाग) डॉ अनूप पति तिवारी (दर्शनशास्त्र विभाग), डॉ श्रुति प्रिया (अर्थशास्त्र विभाग), डॉ हर्षवर्धन सिंह चौहान (गणित विभागाध्यक्ष), एवं डॉ. आनंद कुमार (मनोविज्ञान विभाग) शामिल रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर एकल नृत्य, भाषण, समूह नृत्य एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पायल कुमारी और दिव्यांशु कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि एकल नृत्य प्रतियोगिता में रिया कुमारी और खुशबू कुमारी ने प्रथम स्थान, रंजन वैभव ने द्वितीय स्थान एवं श्रुति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में सैफ खान एवं उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में नंदिनी एवं श्रुति की टीम ने प्रथम स्थान एवं रंजना वैभव, श्रुति कुमारी और स्नेहा कुमारी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के दौरान स्वयंसेवकों ने अपनी कला, अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांशु कुमार एवं रिया सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवा, सामाजिक जागरूकता, व्यक्तित्व विकास एवं सांस्कृतिक चेतना के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

टिकारी थाना के छह एएसआई बने एसआई, थानाध्यक्ष ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टिकारी। टिकारी थाना में पदस्थापित छह सहायक अवर निरीक्षकों (एएसआई) को विभागीय पदोन्नति मिलने के बाद बुधवार को अवर निरीक्षक (एसआई) बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार ने पदोन्नत पुलिस पदाधिकारियों के कंधों पर एसआई का स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि पदोन्नति के साथ पुलिस पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में जनता के प्रति जवाबदेही और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना महत्वपूर्ण है। पदोन्नति पाने वाले पुलिस पदाधिकारियों में सुनील कुमार, साजिद अहमद, दीनानाथ सिंह, मनोज कुमार, विकास कुमार सिंह और मुरारी राय शामिल हैं। सभी ने पदोन्नति मिलने पर वरीय अधिकारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से सौंपी गई नई जिम्मेदारियों का पूरी तत्परता और निष्ठा के साथ पालन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान थाना में तैनात अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी पदोन्नत एसआई को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। समारोह में पुलिसकर्मियों के बीच उत्साह का माहौल रहा।

संपादकीय

बंगाल में भाजपा का 'खेला'

पश्चिम बंगाल में महज एक उपचुनाव जीतने को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा जिस तरह के खटकरम कर रही है, वह स्वस्थ लोकतंत्र की दृष्टि से कतई सही नहीं माना जा सकता। मामला उस नंदीग्राम विधानसभा सीट पर उपचुनाव का है, जो मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद रिक्त हुई है। शुभेंदु विस चुनाव में दो सीटों से लड़े और जीते थे। लेकिन बाद में उन्होंने भवानीपुर सीट अपने पास रखने और अपनी परंपरागत नंदीग्राम सीट से इस्तीफा देने का फैसला किया। चूंकि यह शुभेंदु की पक्की सीट है, इसलिए उसे जीतना और वो भी सत्ता में रहते हुए भाजपा के लिए बाएं हाथ का खेल था। भले ही कांग्रेस और तृणमूल मुकाबले में क्यों न होती। लेकिन वहां जो कुछ हो रहा है, वह वाकई हैरान करने वाला है। इस सीट से पहले तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक ममता बैनर्जी ने संचिता डे प्रधान को टिकट दिया। लेकिन नाम वापसी के दिन अचानक संचिता ने अपना नामांकन वापस लेकर सभी को चौंका दिया। नाम वापसी के बाद वो मुख्यमंत्री शुभेंदु से जाकर मिली। इससे लोगों का शक और गहरा गया। इस मोर्चे पर मात खाने के बाद ममता ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को अपना समर्थन दे दिया। उसके बाद अचानक पुलिस ने मिलन प्रधान को भी एक पुराने जमीन अधिग्रहण के मामले में किए गए आंदोलन के प्रकरण में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में अदालत ने भी प्रधान की 14 दिनों तक पुलिस कस्टडी दे दी। खास बात यह है कि यह आंदोलन में तृणमूल कांग्रेस के तत्कालीन नेता और आज के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में ही हुआ था। इसका सीधा मतलब है कि प्रधान अब चुनाव प्रचार भी नहीं कर पाएंगे। इस बीच एक और विधानसभा क्षेत्र रेजीनगर में, वहां भी उपचुनाव हो रहा है, पुलिस ने एक निर्दलीय प्रत्याशी निर्दलीय उम्मीदवार सैफुल इस्लाम को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान दो समूहों के बीच हुई झड़प के पांच साल पुराने मामले में की गई थी। दूसरी तरफ ममता बैनर्जी की तृणमूल कांग्रेस में विभाजन के चलते चुनाव आयोग ने तृणमूल का पारंपरिक चुनाव चिन्ह फूल और घास को फ्रीज कर दिया है और दोनों गुटों को अलग अलग नाम और चुनाव चिन्ह दे दिए हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि फिलहाल दोनों प्रतिद्वंद्वी गुट एक ही पार्टी के नाम और आरक्षित चुनाव चिह्न का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आयोग का अंतिम फैसला दोनों गुटों के दावों की विस्तृत जांच के बाद होगा। इसे भी ममता दीदी को राजनीतिक रूप से खत्म करने की चाल के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि ममता ने आयोग के फैसले को 'ब्लैक डे' करार देते हुए कहा है कि वह चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। चुनाव आयोग के फैसले पर ममता बनर्जी ने ममता ने साफ किया कि वह आयोग की इस अंतरिम व्यवस्था को पार्टी के नाम और चिह्न पर अंतिम समझौते के रूप में स्वीकार नहीं करेंगी। उन्होंने मूल टीएमसी नाम और 'फूल-घास' चिह्न वापस हासिल करने के लिए राजनीतिक, लोकतांत्रिक और कानूनी लड़ाई जारी रखने की बात कही। कोर्ट इस मामले में क्या रूख अपनाता है, यह देखने की बात है। राजनीतिक और कानूनी दांव पेंच अपनी जगह है, लेकिन इससे यह संदेश जाना सही है कि सत्तारूढ़ भाजपा चुनाव मैदान से सभी विरोधियों को हटा देना चाहती है। ऐसे हालात में जो चुनाव होगा, उसकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता भी संदिग्ध होगी। और धीरे-धीरे लोगों में इसके प्रति असंतोष बढ़ेगा। चुनाव जीतना अच्छी बात है, लेकिन उसका अर्थ तभी है, जब वो पारदर्शी तरीके से हो।

यूपीआई पर शुल्क से उलझन में कारोबारी

खतरा यह है कि व्यापारियों पर लगाये गये शुल्क का बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ सकता है।जिस प्रकार क्रेडिट कार्ड के मामले में, छोटे व्यापारी एमडीआर की राशि उपभोक्ताओं पर डाल देते हैं। यूपीआई के मामले में भी ऐसा ही हो सकता है। दूसरा, इस तरह का शुल्क यूपीआई लेनदेन के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करेगा और नगदी का चलन बढेगा। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यूपीआई की वित्तीय स्थिरता का समाधान लेनदेन पर शुल्क लगाने से ही संभव है, या सरकार और भुगतान कंपनियों को इसके लिए वैकल्पिक वित्तीय मॉडल तलाशने चाहिए? यदि शुल्क व्यवस्था लागू होती है तो इसकी निगरानी भी जरूरी होगी, ताकि व्यापारी उपभोक्ताओं से अलग से यूपीआई शुल्क वसूल न करें और नकद भुगतान को फिर से बढ़ावा न मिले। यूपीआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की आधारभूत संरचना बन चुका है।

यूपीआई ने भारत में डिजिटल भुगतान को आसान, तेज और लगभग बिना लागत के बनाकर छोटे दुकानदार से लेकर आम उपभोक्ता तक वित्तीय लेनदेन की आदत बदल दी है। ऐसे में बड़े व्यापारियों पर 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने का फैसला केवल भुगतान प्रणाली की लागत वसूलने का सवाल नहीं है, बल्कि इसके व्यापक आर्थिक और सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। बाजार में आनलाइन कारोबार के कारण व्यापारी भारी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और कॉर्पोरेट रिटेल चेन इस एमडीआर शुल्क को खुद वहन कर लेते हैं, जिससे स्थानीय छोटे दुकानदारों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर हो रही है।छोटे दुकानदारों का मार्जिन 0.5 से 1 प्रतिशत के बीच होता है। ऐसे में 0.4 प्रतिशत का अतिरिक्त भार व्यवसाय करना असंभव बना देगा। दूसरी ओर भुगतानों पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की सर्विस फीस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का प्रावधान है।उदाहरण के रूप में 10,000 रूपये के ट्रांजैक्शन पर एमडीआर चार्ज 0.4 प्रतिशत की दर से 40 रूपये होगा और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी के हिसाब से 7.20 रूपये अतिरिक्त लगेगा। अर्थात व्यपारी को कुल प्रोसेसिंग चार्ज 47.20 रूपये का भुगतान करना होगा। व्यापारियों की मांग है कि जिस प्रकार क्रेडिट-डेबिट कार्ड पर शुल्क में छूट दी जाती है, उसी प्रकार यूपीआई को भी शुल्क मुक्त रखा जाए, ताकि कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता रहे। एमडीआर शुल्क के विरोध में देश भरके व्यापारी लामबंद हो रहे हैं। एमडीआर वह फीस या शुल्क है जो एक व्यापारी को अपने ग्राहकों से डिजिटल भुगतान जैसे क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या क्यूआर कोड स्वीकार करने के बदले अपने बैंक और पेमेंट गेटवे को देना पड़ता है। यह शुल्क आमतौर पर कुल लेनदेन राशि का 0.5 से 2 प्रतिशत तक होता है। आरबीआई के अनुसार, डेबिट कार्डों के लिए सभी कार्ड नेटवर्कों पर लेनदेन मूल्य का 0.90 प्रतिशत तक का एमडीआर पहले से ही लागू है। जब कोई ग्राहक भुगतान करता है, तो बैंक एमडीआर काटकर बची हुई राशि व्यापारी के खाते में ट्रांसफर करता है।भारत में डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई से पेमेंट करने पर एमडीआर को शून्य किया गया था, यानी व्यापारियों को इसके लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ता है।केंद्र सरकार और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया(एनपीसीआई) ने हाल ही में यूपीआई के लिए एक नई एमडीआर व्यवस्था को मंजूरी दी है, जो 15 अक्टूबर 2026 से लागू होने जा रही है। ग्राहकों के लिए सभी यूपीआई ट्रांसफर हमेशा की तरह मुफ्त रहेगा। चाहे वो पेमेंट 2000 रुपये से कम का हो या ज्यादा का हो। यदि कोई ग्राहक किसी बड़े व्यापारी या दुकानदार को 2,000 रुपये से अधिक का भुगतान यूपीआई से करता है, तो उस व्यापारी पर 0.4 प्रतिशत का एमडीआर लगेगा। इस शुल्क की अधिकतम सीमा 300 रुपये तय की गई है। यानी 75,000 रुपये या उससे अधिक के बड़े पेमेंट्स पर भी अधिकतम 300 रूपये का ही शुल्क कटेगा।

रेलवे, पेट्रोल पंप, बीमा प्रीमियम, यूटिलिटी बिल और टेलीकॉम जैसे चुनिंदा सेक्टर्स में 2,000 रूपये से ऊपर के ट्रांजैक्शन पर 0.4 प्रतिशत के बजाय सीधे 5 रुपये की फ्लैट फीस लागू होगी।अपने किसी दोस्त, परिवार के सदस्य या किसी भी व्यक्ति के बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करते हैं, तो राशि कितनी भी हो, वह पूरी तरह से फ्री रहेगा। अर्थात नए यूपीआई ढांचे में व्यक्ति-से-व्यक्ति लेनदेन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।सरकार का कहना है कि यूपीआई में यह बदलाव वित्त संबंधी स्थायी समिति की 32वीं रिपोर्ट में दी गई सिफारिश के अनुरूप है। वर्ष 2025-26 में 314 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 24,000 करोड़ बार से अधिक यूपीआई लेनदेन किए गए। यदि व्यक्ति से व्यापारी (पीटूएम) के बीच कुल यूपीआई लेनदेन की बात करें, तो वर्तमान वार्षिक आंकड़ों के अनुसार यह लगभग 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। अगस्त 2026 में यूपीआई का कुल लेनदेन का मूल्य 29.82 लाख करोड़ रुपये था। इसमें व्यक्ति से व्यापारी के बीच लेनदेन लगभग 30 प्रतिशत है, और इसमें से 2,000 से अधिक का लेनदेन मूल्य लगभग 67 प्रतिशत है। 0.4 प्रतिशत की दर से गणना करने पर, मासिक एमडीआर राशि लगभग 2,400 करोड़ रुपये है, वार्षिक लगभग 28,800 करोड़ रुपये होता है। कुल मर्चेंट ट्रांजैक्शन की संख्या (वॉल्यूम) में से सिर्फ 4 प्रतिशत लेनदेन ही 2,000 रुपये से अधिक की राशि का होता है। परन्तु संख्या में यह सिर्फ 4 प्रतिशत है, लेकिन रकम (वैल्यू) के लिहाज से बड़े पेमेंट्स की संख्या ज्यादा है। व्यापारियों को होने वाले यूपीआई भुगतानों की कुल राशि का लगभग 67 प्रतिशत हिस्सा 2,000 रुपये से अधिक के बड़े ट्रांजैक्शन से आता है। यूपीआई का संचालन वार्षिक लागत लगभग 20,000 करोड़ रुपये है, लेकिन सरकार की वार्षिक सब्सिडी अधिकतम 3,631 करोड़ रुपये थी, और वित्तीय वर्ष 2026 के बजट में केवल 2,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 10ए में कहा गया था कि कोई भी बैंक या सिस्टम प्रदाता धारा 269 एसयू के तहत निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से किए गए भुगतानों पर कोई शुल्क नहीं लगा सकता है। ये माध्यम थे रूपे, डेबिट कार्ड, भीम-यूपीआई और यूपीआई- क्यूआर कोडावर्तमान संशोधन ने ऐमेजॉन और फिल्पि कार्ड जैसे बड़े व्यापारियों को यूपीआई और रूपे डेबिट कार्ड से किए गए भुगतानों पर एमडीआर शुल्क लगाने का मार्ग प्रशस्त किया है।नई अधिसूचना कराधान और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पिछले महीने संसद सत्र में पारित किया गया था।

इस विधेयक ने भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 10ए में संशोधन करके आयकर अधिनियम की धारा 269 एसयू के तहत इलेक्ट्रॉनिक भुगतानों पर बैंक शुल्क से छूट को समाप्त कर दिया गया है। फोन -पे वालमार्ट द्वारा नियंत्रित है और दूसरी गुगल -पे है,यह दोनों अमेरिकी कंपनी है। जो वास्तव में इस नई नीति से लाभान्वित होगी। खतरा यह है कि व्यापारियों पर लगाये गये शुल्क का बोझ अंततः उपभोक्ता पर ही पड़ सकता है।जिस प्रकार क्रेडिट कार्ड के मामले में, छोटे व्यापारी एमडीआर की राशि उपभोक्ताओं पर डाल देते हैं। यूपीआई के मामले में भी ऐसा ही हो सकता है। दूसरा, इस तरह का शुल्क यूपीआई लेनदेन के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करेगा और नगदी का चलन बढेगा। सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या यूपीआई की वित्तीय स्थिरता का समाधान लेनदेन पर शुल्क लगाने से ही संभव है, या सरकार और भुगतान कंपनियों को इसके लिए वैकल्पिक वित्तीय मॉडल तलाशने चाहिए? यदि शुल्क व्यवस्था लागू होती है तो इसकी निगरानी भी जरूरी होगी, ताकि व्यापारी उपभोक्ताओं से अलग से यूपीआई शुल्क वसूल न करें और नकद भुगतान को फिर से बढ़ावा न मिले। यूपीआई भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की आधारभूत संरचना बन चुका है। इसलिए इसके भविष्य का निर्धारण केवल राजस्व और लागत के आधार पर नहीं, बल्कि उपभोक्ता हित, छोटे व्यापारियों की क्षमता, डिजिटल समावेशन और नकदी पर निर्भरता घटाने के व्यापक उद्देश्य को ध्यान में रखकर होना चाहिए। नई एमडीआर व्यवस्था की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह भुगतान प्रणाली को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाते हुए यूपीआई की सबसे बड़ी ताकत, सुलभता और कम लागत को कितना सुरक्षित रख पाती है।

इसलिए यूपीआई को सामान्य व्यावसायिक भुगतान सेवा के बजाय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मानकर सरकार इसकी मूल संचालन लागत का एक निश्चित हिस्सा बजट से दे सकती है। यह मॉडल पहले भी अपनाया गया है। डिजिटल भुगतान से नकदी प्रबंधन, कागजी प्रक्रिया और कुछ सरकारी भुगतान प्रणालियों में दक्षता बढ़ सकती है। इनसे होने वाली प्रशासनिक बचत का एक हिस्सा यूपीआई के रखरखाव में लगाया जा सकता है।सवाल यह है कि यूपीआई को महज एक भुगतान सेवा माना जाए या भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के रूप में वित्तपोषित किया जाए। सरकार छोटे दुकानदारों पर एमडीआर शुल्क लगाने के बजाय बड़े ई-कॉमर्स, ओटीटी, टेलीकॉम, बड़े अस्पताल, एयरलाइंस आदि जैसे उच्च-मूल्य वाले डिजिटल कारोबारियों से अलग शुल्क लिया जा सकता है। इससे छोटे व्यापारियों का यूपीआई से मुक्त रखा जा सकता है। यदि यूपीआई ने नकदी आधारित अर्थव्यवस्था को डिजिटल अर्थव्यवस्था में बदलने में सार्वजनिक भूमिका निभाई है, तो उसकी बुनियादी लागत का पूरा बोझ व्यापारियों और अंततः उपभोक्ताओं पर डालने के बजाय साझा वित्तीय मॉडल पर विचार किया जाना चाहिए।

अध्यात्म

सेवा भाव ना भूलें, क्षमाशील बनें

एक राजा था, उसने 10 खूंखार जंगली कुत्ते पाल रखे थे। जिनका इस्तेमाल वह लोगों को उनके द्वारा की गयी गलतियों पर मौत की सजा देने के लिए करता था एक बार कुछ ऐसा हुआ कि राजा के एक पुराने मंत्री से कोई गलती हो गयी।

अतः क्रोधित होकर राजा ने उसे शिकारी कुत्तों के सम्मुख फिकवाने का आदेश दे डाला। सजा दिए जाने से पूर्व राजा ने मंत्री से उसकी आखिरी इच्छा पूछी।

राजन ! मैंने आज्ञाकारी सेवक के रूप में आपकी 10 सालों से सेवा की है...मैं सजा पाने से पहले आपसे 10 दिनों की मोहलत चाहता हूँ ।

मंत्री ने राजा से निवेदन किया राजा ने उसकी बात मान ली। दस दिन बाद राजा के सैनिक मंत्री को पकड़ कर लाते हैं और राजा का इशारा पाते ही उसे खूंखार कुत्तों के सामने फेंक देते हैं। परंतु यह क्या कुत्ते मंत्री पर टूट पड़ने की बाजए अपनी पूँछ हिला-हिला कर मंत्री के ऊपर कूदने लगते हैं और प्यार से उसके पैर चाटने लगते हैं।

राजा आश्चर्य से यह सब देख रहा था उसने मन ही मन सोचा कि आखिर इन खूंखार कुत्तों को क्या हो गया है ? वे इस तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं ?

आखिरकार राजा से रहा नहीं गया उसने मंत्री से पुछाः ये क्या हो रहा है, ये कुत्ते तुम्हे काटने की बजाये तुम्हारे साथ खेल क्यों रहे हैं?

राजन! मैंने आप से जो 10 दिनों की मोहलत ली थी, उसका एक-एक क्षण मैं इन बेजुबानो की सेवा करने में लगा दिया। मैं रोज इन कुत्तों को नहलाता, खाना खिलाता व हर तरह से उनका ध्यान रखता।

ये कुत्ते खूंखार और जंगली होकर भी मेरे दस दिन की सेवा नहीं भुला पा रहे हैं परंतु खेद है कि आप प्रजा के पालक हो कर भी मेरी 10 वर्षों की स्वामीभक्ति भूल गए और मेरी एक छोटी सी त्रुटि पर इतनी बड़ी सजा सुन दी!

राजा को अपनी भूल का एहसास हो चुका था, उसने तत्काल मंत्री को आज़ाद करने का हुक्म दिया और आगे से ऐसी गलती ना करने की सौगंध ली।

कई बार इस राजा की तरह हम भी किसी की बरसों की अच्छाई को उसके एक पल की बुराई के आगे भुला देते हैं।

यह कहानी हमें क्षमाशील होना सिखाती है, ये हमें सबक देती है कि हम किसी की हज़ार अच्छाइयों को उसकी एक बुराई के सामने छोटा ना होने दें।

शांति के लिए भी एक मंत्रालय बनाने की जरूरत

भारत के लिए यह विमर्श विशेष महत्व का है। 'अहिंसा परमो धर्मः,' 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और गांधी का सत्याग्रह केवल आदर्श नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति के वैकल्पिक मूल्य भी हैं। भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों से समझौता किए बिना भी शांति शिक्षा, संघर्ष-समाधान, मानवीय कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्रों में नई पहल कर सकता है। यदि भारत 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश विश्व समुदाय को दे सकता है, तो शांति को सार्वजनिक नीति का विषय बनाने की बहस का नेतृत्व भी कर सकता है। केवल एक नया मंत्रालय बना देने से युद्ध समाप्त नहीं होंगे। युद्धों के पीछे भू-राजनीतिक हित, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा और वैचारिक टकराव जैसे अनेक कारण होते हैं। फिर भी संस्थाएँ समाज की प्राथमिकताओं का प्रतीक होती हैं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनने के बाद पर्यावरण नीति को नई पहचान मिली और आपदा प्रबंधन के लिए अलग संस्थागत व्यवस्था विकसित हुई, उसी प्रकार शांति के लिए समर्पित संस्थान भी यह संदेश देंगे कि राष्ट्र केवल युद्ध जीतने की नहीं, बल्कि शांति स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं।

बीसवीं सदी के दो विश्वयुद्धों और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी ने मानवता को विश्वास दिलाया था कि शायद अब 'युद्ध' इतिहास की बात बन जाएंगे, किंतु इक्कीसवीं सदी में ऐसा नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में है। गाज़ा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया, अफ्रीका के अनेक गृहयुद्ध और एशिया में बढ़ते सामरिक तनाव बताते हैं कि आधुनिक विश्व अभी भी हथियारों के भरोसे सुरक्षा खोज रहा है। परमाणु हथियारों का जखीरा आज भी हजारों की संख्या में मौजूद है और वैश्विक सैन्य बजट लगातार बढ़ रहे हैं। तो क्या हथियारों की बढ़ती संख्या दुनिया को अधिक सुरक्षित बना रही है?

गांधीवादी चिंतक और लेखक सतीश कुमार ने इसी प्रश्न को नए दृष्टिकोण से उठाया है। अपने एक लेख में उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार लगभग हर देश में रक्षा मंत्रालय हैं, उसी प्रकार प्रत्येक देश में 'शांति मंत्रालय' भी होना चाहिए। ऐसा मंत्रालय समाज में संवाद, मध्यस्थता, शांति शिक्षा, अहिंसक प्रतिरोध, सामुदायिक मेल-मिलाप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का काम कर सकता है। यदि सरकारें युद्ध की तैयारी के लिए विशाल संस्थागत ढाँचे विकसित कर सकती हैं, तो शांति की तैयारी के लिए भी संस्थागत व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

पहली दृष्टि में यह विचार आदर्शवादी लग सकता है, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों

में इसकी प्रासंगिकता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। दुनिया के लगभग सभी देशों के पास रक्षा मंत्रालय, सेनाएँ, युद्ध रणनीतियाँ और हथियारों के आधुनिकीकरण की योजनाएँ हैं, किंतु शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ संवाद, मेल-मिलाप, संघर्ष-निवारण और शांति शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अलग मंत्रालय हो।

हर वर्ष 21 सितंबर को दुनिया 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाती है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएन) ने 1981 में इसकी शुरुआत इस उद्देश्य से की थी कि विश्व समुदाय युद्ध और हिंसा से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सह-अस्तित्व की संस्कृति को मजबूत करे। वर्ष 2001 में 'यूएन' ने सर्वसम्मति से इस दिन को 'वैश्विक संघर्ष-विराम' और 'अहिंसा दिवस' के रूप में भी मान्यता दी, लेकिन दुर्भाग्य से जिस दुनिया में शांति के नाम पर एक दिन समर्पित है, उसी दुनिया में वर्ष के शेष दिनों में युद्धों की तैयारी अधिक व्यवस्थित ढ़ंग से होती दिखती है। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया का सैन्य व्यय लगभग 2.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया था, जो अब तक का सर्वाधिक है। यह लगातार दसवाँ वर्ष था, जब वैश्विक रक्षा व्यय में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत सबसे अधिक रक्षा व्यय करने वाले देशों में शामिल हैं। इसके विपरीत 'यूएन' की अनेक मानवीय और शांति-स्थापना एजेंसियाँ संसाधनों की कमी से जूझती रहती हैं। यह विरोधाभास बताता है कि विश्व राजनीति की प्राथमिकताएँ किस दिशा में झुकी हुई हैं।

युद्ध की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से अधिक राष्ट्र के आम नागरिक चुकाते हैं। 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त' (यूएनएचसीआर) के अनुसार दुनिया में 12 करोड़ से अधिक लोग युद्ध, हिंसा और उत्पीड़न के कारण अपने घर छोड़ने को विवश हैं। गाज़ा, यूक्रेन और सूडान जैसे क्षेत्रों में स्कूल, अस्पताल और नागरिक बस्तियाँ नष्ट हुई हैं। लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हुए हैं और असंख्य परिवार विस्थापन का जीवन जी रहे हैं। आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं को नहीं, बल्कि समाजों के विश्वास, मानवीय गरिमा और भविष्य को भी समाप्त करते हैं।

युद्ध का एक और गंभीर पक्ष पर्यावरणीय विनाश है। आधुनिक सेनाएँ भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन का उपयोग करती हैं। बमबारी से जंगल, कृषि भूमि और जलस्रोत नष्ट होते हैं। औद्योगिक प्रतिष्ठानों के ध्वस्त होने से विषैले रसायन वातावरण में फैलते हैं और 'ग्रीनहाउस गैसों' का उत्सर्जन बढ़ता है। सतीश कुमार का प्रस्ताव है कि रक्षा बजट का एक हिस्सा शांति निर्माण के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए। शांति मंत्रालय का कार्य केवल युद्ध रोकना नहीं, बल्कि शांति शिक्षा, संवाद, मध्यस्थता, सामुदायिक मेल-मिलाप, अहिंसक प्रतिरोध, संघर्ष-निवारण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना होगा। दरअसल, शांति को संस्थागत रूप देने का विचार नया नहीं है। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा अंततः प्रतिहिंसा को जन्म देती है। स्वतंत्रता आंदोलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहाँ करोड़ों लोगों ने बिना हथियार एक साम्राज्य को चुनौती दी। गांधी का स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं था; वह ऐसे समाज की परिकल्पना थी जहाँ संघर्षों का समाधान संवाद और नैतिक शक्ति से हो।

गांधी की इसी परंपरा को विनोबा भावे, दादा धर्माधिकारी, जयप्रकाश नारायण और नारायण देसाई जैसे अनेक विचारकों ने आगे बढ़ाया और समाज में संवाद, रचनात्मक कार्यक्रमों और अहिंसक संघर्षों को लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति माना। इन सभी का विश्वास था कि स्थायी सुरक्षा हथियारों से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण समाज, लोकतांत्रिक भागीदारी और अहिंसक संस्कृति से आती है। इस दृष्टि से 'शांति मंत्रालय' का प्रस्ताव गांधीवादी चिंतन का समकालीन संस्थागत विस्तार प्रतीत होता है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन और दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल ने भी मानवता को यही चेतावनी दी थी। 1955 के प्रसिद्ध 'रसेल-आइंस्टीन घोषणापत्र' में उन्होंने विश्व नेताओं से आग्रह किया था कि वे युद्ध की बजाय मानव अस्तित्व को प्राथमिकता दें। घोषणापत्र का सबसे प्रसिद्ध वाक्य आज भी प्रासंगिक है - 'अपनी मनुष्यता को याद रखिए और बाकी सब भूल जाइए।'

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
अनुचित कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। जीवनसाथी से आपको उचित सलाह मिलेगी, जो आपके काफी काम आयेगी।

वृषभ
आज जिस अवसर को काफी समय से ढूँढ रहे थे, वह आपको आज प्राप्त हो सकता है। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त हो सकते हैं।

मिथुन
कार्यक्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रयोग कर पायेंगे। फाइनेन्स को लेकर समस्या दूर होगी। जरूरतमन्दों की मदद करने से पीछे न हटें।

कर्क
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नयी नौकरी के प्रस्ताव मिलने के योग बन रहे हैं।

सिंह
अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। शुगर के रोगी अपने स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। प्रियजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

कन्या
कार्यशैली में सुधार होने से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पति-पत्नी के बीच आपसी सामञ्जस्य बढ़ेगा। किसी बड़ी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा।

तुला
धन के कारण फँसे हुये मामलों का निराकरण हो सकता है। व्यापार में पहले की गयी मेहनत का परिणाम प्राप्त होगा। जीवनसाथी आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहने वाला है।

वृश्चिक
आप नये कार्यक्रमों को लेकर अत्यन्त उत्साहित रहेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी, लेकिन भीतर से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं।

धनु
आपका मन आनन्दित रहेगा। कारोबारियों में मशीनरी आदि को लेकर समस्या होगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ मिलेगा। परिवार के लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा।

मकर
करियर में आगे बढ़ने के उत्तम अवसर मिलेंगे। समाज में लोग आपको काफी अच्छी दृष्टि से देखेंगे। परिजन आपके व्यवहार से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामले आज सुलझ सकते हैं।

कुंभ
लोग आपके सभ्य व्यवहार से आकर्षित होंगे। सभी कार्य पूरी एकाग्रता से करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

मीन
वैवाहिक जीवन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। विद्यार्थियों की शिक्षा में बाधा आ सकती है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय शुभ है। पुराने निवेश से धन लाभ होगा।

संक्षिप्त समाचार

गंगा देवी महिला कॉलेज में दिनकर जयंती का आयोजन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गंगा देवी महिला महाविद्यालय कंकड़बाग में हिंदी दिवस-सह दिनकर जयंती का आयोजन किया गया। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सभी शिक्षक एवं

शिक्षिकाओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की`हिंदी दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में काव्य -पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें ईशा कुमारी संध्या कुमारी मुस्कान कुमारी खुशी कुमारी निशा कुमारी माही कुमारी अनुषा कुमारी ने काव्य पाठ कियो हिंदी विभाग की सेमेस्टर 7 की छात्रा रितु प्रिया, नेहा कुमारी एवम सुरुचि ने अपने नृत्य प्रस्तुति के द्वारा सबका मन मोह लिया। प्राचार्या डॉक्टर श्यामा राय ने राष्ट्रकवि दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए छात्राओं को उनके व्यक्तित्व से सीखने के हेतु प्रेरित किया एवं दिनकर के साहित्य को पुनः पुनः पढ़ने की गुजारिश छात्राओं से की' हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर आशा कुमारी ने दिनकर की कविताओं की सार्थकता पर अपने विचार रखे एवं उनकी कविता का पाठ किया' इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभाग के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही`

मोर में श्री गणेश कला संस्थान की 72वीं वार्षिक प्रस्तुति

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के मोर गांव में श्री गणेश कला संस्थान की 72वीं वार्षिक प्रस्तुति के तहत तीन दिवसीय नाट्य मंचन का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष अरविंद कश्यप के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर कलाकारों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। कार्यक्रम के तहत 23 सितंबर को 'कफन की सौगंध', 24 सितंबर को 'अमीना बाई का कोठा' और 25 सितंबर को 'जल्लाद' नाटक का मंचन किया जाएगा। तीनों नाटकों को लेकर कलाकार लगातार अभ्यास कर रहे हैं।आयोजकों के अनुसार, नाटकों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और मानवीय संवेदनाओं को मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। श्री गणेश कला संस्थान की वार्षिक प्रस्तुति को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

कोचिंग के लिए घर से निकली छात्रा लापता

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के के एक गांव से 17 वर्षीय छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने एक युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बरामदगी की गुहार लगाई है।आवेदन के अनुसार, छात्रा सुबह करीब 11 बजे कोचिंग जाने की बात कहकर घर से निकली थी और देर शाम तक वापस नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला। बाद में गांव के लोगों से जानकारी मिली कि उसे घोपतपुर निवासी एक युवक के साथ जाते देखा गया है। परिजनों ने बताया कि युवक उनकी नाबालिग बेटी को अपने साथ मोबाइल लेकर चला गया है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी, एक पर प्राथमिकी

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत भगवानगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता रंजीत प्रसाद ने बताया कि छापेमारी दल ने दोपहर 3:35 बजे ग्राम देवरिया में जांच की। जांच के दौरान सुरेश बिंद (40 वर्ष, पिता - भगवान बिंद) के घरेलू परिसर में मुख्य एलटी लाइन में टोका फंसाकर अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते पाया गया।मांगने पर संबंधित व्यक्ति द्वारा बिजली का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके से चोरी में प्रयुक्त पीवीसी तार को जब्त कर लिया गया है। जांच में परिसर का कुल भार 87 वाट पाया गया। इससे साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को लगभग 10,960 रुपये के राजस्व की क्षति का आकलन किया गया है।इस संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत भगवानगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। छापेमारी दल में मानव बल विनोद कुमार, धीरज कुमार, रवि कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

धनरुआ में युवती लापता, भगाने का आरोप

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के बीजापर गांव से एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने पुनपुन के एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है।आवेदन के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजे सरिता देवी की 18 वर्षीय बेटी रूबी कुमारी नदवां बाजार से सामान लाने के लिए घर से निकली थी और शाम तक घर नहीं लौटी। खोजबीन के दौरान पता चला कि उसे पोठही (पुनपुन) निवासी हिमांशु कुमार (22 वर्ष, पिता - नरेंद्र कुमार पासवान) अपने साथ ले गया है। परिजनों ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर बेटी की बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ससुराल वालों पर जानलेवा हमले का आरोप

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन के पास जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित जितेन्द्र पासवान ने अपने दो सालों और उनकी पत्नी समेत चार लोगों पर लाठी-डंडे से हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए धनरुआ थाने में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार, दोपहर 12:13 बजे पीड़ित अपने मकान परिसर में पूजा कर रहे थे, साथ में उनकी 13 वर्षीय बेटी भी थी। पूजा समाप्त कर घर के अंदर जा रहे थे, तभी उनका छोटा साला कौशलेन्द्र पासवान और मंझला साला शैलेन्द्र पासवान (दोनों पिता - वीरेन्द्र पासवान, गांव - हरसुइया खुर्द, थाना - खिदरपुर, मसौढ़ी) पीछे से लाठी से हमला करने लगे। आरोप है कि शैलेन्द्र की पत्नी पूजा देवी भी मारपीट में शामिल थी।हमले में पीड़ित की आंख के ऊपर चोट लगी और खून बहने लगा, जिससे वे बेहोश होकर गिर पड़े। पीड़ित का कहना है कि घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी में कैद है, जिसका पेन ड्राइव उन्होंने आवेदन के साथ संलग्न किया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के पीछे जबरन जमीन हड़पने की नीयत है। इलाज के लिए एनएमसीएच जाने के बाद घर लौटने पर ससुर वीरेन्द्र पासवान द्वारा धमकाने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।धनरुआ पुलिस ने आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ई-रिक्शा के नाम पर 1.65 लाख की ठगी

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ई-रिक्शा दिलाने के नाम पर 1 लाख 65 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित सतीश कुमार पिता - भोला महतो, निशियांवा ने इस संबंध में मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार, उसने इन्द्रपुरी कॉलोनी मसौढ़ी स्थित आर.के.इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर संतोष कुमार से ई-रिक्शा खरीदा था। इसके लिए 65 हजार नकद और 1 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से कुल 1.65 लाख रुपये का भुगतान किया। आरोप है कि दुकानदार ने उस समय कागजात बाद में देने की बात कही। कई बार दुकान पर जाने और संपर्क करने के बाद भी न तो गाड़ी के कागजात दिए गए और न ही गाड़ी हैंडओवर की गई। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसे लगातार टाल-मटोल किया जा रहा है।पुलिस ने आवेदन के आधार पर मसौढ़ी थाना कांड संख्या- 886/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रवासी मजदूर की पत्नी दो बच्चों के साथ लापता

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदा गांव में प्रवासी मजदूर हरेराम कुमार की पत्नी दो बच्चों के साथ गायब हो गई है। मजदूर ने बताया कि वह बेंगलुरु में मजदूरी करने के लिए गया था। इसी दौरान वह अपनी कमाई पत्नी के बैंक अकाउंट में डाल रहा था। उसने पत्नी के नाम से जमीन भी खरीदी थी। बेंगलुरु में जब वह काम कर रहा था, इस दौरान पत्नी और बच्चे के गायब होने की सूचना मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है ।जांच पड़ताल की जा रही है । फिलहाल तीनों का कोई सुराग नहीं मिला है।

बाढ़ में कर्मा पूजा विसर्जन के दौरान भाई बहन समेत 11 डूबे

चार को बचाया गया, छह की तलाश जारी, एक का शव बरामद

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनुमंडल अंतर्गत कर्मा पूजा को लेकर मूर्ति विसर्जन करने के दौरान बाढ़, अथमलगोला और बख्तियारपुर थाना अंतर्गत भाई बहन समेत ग्यारह गंगा नदी में डूबने लगे, जिनमें से चार को बचा लिया गया वहीं सात डूब गए, वहीं एक युवक का शव बरामद हुआ है। बाढ़ थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस घाट में कर्मा धर्मा पूजा को लेकर मूर्ति विसर्जन करने आए तीन युवक डूबने लगे, जिनमें से एक युवक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया, वहीं दो युवक गंगा नदी में डूब गए। डूबे दोनों युवक की पहचान गुलाबबाग नया टोला निवासी पीयूष कुमार (10 वर्ष) पिता प्रेम पंडित और सुजीत कुमार (15 वर्ष) पिता बबलू चौधरी के तौर पर हुई है। पूजा देवी ने बताया कि वह अपने बेटे को मूर्ति विसर्जन के लिए भेजी थी उसके पिता पीछे से गंगा घाट जा रहे थे, इसी दौरान युवक का दोस्त भी मूर्ति विसर्जन के लिए आया हुआ था मूर्ति विसर्जन के बाद उसने उसे स्नान करने के लिए कहा और सभी एक साथ स्नान करने लगे और स्नान के दौरान तीन युवक डूबने लगे जिनमें से एक को बचा लिया गया लेकिन उनका बेटा पीयूष डूब गया। अंचलाधिकारी रानी कुमारी ने कहा कि दो युवक गंगा में डूब गए हैं मौके पर रेस्क्यू किया जा रहा है एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है स्थानीय गोताखोर मौके पर दोनों युवक की खोजबीन कर रहे है। वहीं अथमलगोला थाना अंतर्गत उस्मानपुर के वार्ड नंबर 9 में भाई बहन कर्मा पूजा विसर्जन के दौरान डूब गए, दोनों की तलाश जारी है। थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई है। बख्तियारपुर थाना अंतर्गत चंपापुर गांव के नजदीक गंगा नदी में कर्मा धर्मा पूजा को लेकर मूर्ति विसर्जन करने गए छः युवक डूबने लगे जिनमें से तीन को स्थानीय लोगों ने बचा लिया लेकिन तीन डूब गए। जिसमें से एक का शव मिला है बाकी दो युवक की तलाश की जा रही है। मृतक युवक की पहचान देदौर गांव के बबलू बगीचा निवासी साहिल कुमार पिता रामेश्वर मोची के तौर पर हुई है। डूबे दो युवक गोलू कुमार पिता अनिल कुमार, दूसरा बलवीर कुमार पिता निर्मल मोची है। बलबीर कुमार एक ही भाई था। बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि छः युवक मूर्ती विसर्जन करने गए थे एक युवक का शव बरामद हुआ है दो युवक की तलाश की जा रही है, अंचलाधिकारी को मामले की सूचना दी गई है एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है।

पिपरा थानाध्यक्ष पर मछली विक्रेता से मारपीट का आरोप, भाकपा-माले ने डीएसपी से की कार्रवाई की मांग

25 को विरोध प्रदर्शन का ऐलान

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पिपरा थानाध्यक्ष पर शराबबंदी के नाम पर मछली विक्रेता के साथ बेवजह मारपीट और झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगा है। मामले को लेकर भाकपा-माले ने बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल से मिलकर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की है, वहीं 25 सितंबर को 12 बजे प्रदर्शन का ऐलान किया है। आवेदन के अनुसार, 12 सितंबर की शाम गश्ती दल राजघाट नवादा में सुरेश महतो की मछली दुकान पर पहुंचा और शराब बेचने का आरोप लगाया। दुकान की जांच की बात कहने पर पुलिस ने सुरेश महतो और किरण चन्दा कुमारी को गाली-गलौज करते हुए जबरन गाड़ी में बैठाकर थाना ले गई। आरोप है कि थाने में पहले से ही 5-6 लोगों को पकड़कर रखा गया था।थाने पर जानकारी लेने पहुंची खुशबू कुमारी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। परिजनों का आरोप है कि सुरेश महतो के साथ थाने में बुरी तरह मारपीट की गई, जिससे उनका हाथ टूट गया, जबकि उनकी पत्नी किरण देवी और दो बेटियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। बाद में सभी को थाना से छोड़ दिया गया।पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि थानाध्यक्ष की इस तरह की मनमानी कार्रवाई से आम जनता में भारी आक्रोश है, जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका बनी हुई है।

पानी गिराने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले

दोनों पक्ष के चार-चार लोग गंभीर रूप से घायल, दो को बेहतर इलाज के लिए पटना किया गया रेफर

पंडारक/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एनटीपीसी थाना क्षेत्र अंतर्गत रैली पंचायत के महाराजगंज गांव में पुराने जमीनी दुश्मनी और रास्ते पर पानी गिराने को लेकर दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। घटना में दोनों पक्षों के 08 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि तीन अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। एक पक्ष के विकास कुमार, बबलू कुमार और सुकेश कुमार, तीनों पिता स्वर्गीय सत्येंद्र यादव, गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष के अंकित कुमार, दुर्गा कुमार और उनके पिता नागेंद्र प्रसाद घायल बताए गए हैं। गंभीर रूप से घायल अंकित कुमार और दुर्गा कुमार को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घायल सुकेश कुमार के सिर में गंभीर चोट आई है। बताया गया कि सिर फटने के कारण उन्हें करीब 10 से 12 टांके लगाए गए हैं, जबकि उनके हाथ में भी गंभीर चोट लगी है। सुकेश कुमार की मां लक्ष्मी देवी भी मारपीट में घायल हुई हैं और उन्हें इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल लाया गया। वहीं बबलू कुमार की पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। विकास कुमार के सिर में भी गंभीर चोट लगी है। दोनों पक्षों का कहना है कि विवाद पानी गिराने को लेकर शुरू हुआ। एक पक्ष के लोगों ने पानी गिराने से मना किया, जिसके बाद कहासुनी बढ़ गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।

अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेला की तैयारी पूरी

23 दंडाधिकारी और 90 पुलिस बल तैनात

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आगामी 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। मेले के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और बाहर से आने वाले पिंडदानियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। जिला प्रशासन के द्वारा 23 संवेदनशील स्थानों पर 23 दंडाधिकारी, 90 पुलिस बल और 6 वरीय नोडल पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। वहीं पुनपुन घाट पर तीन पालियों में 18 कर्मियों को नियंत्रण कक्ष में तैनात किया गया है। प्रशासन ने देश-विदेश से आने वाले पिंडदानियों के लिए शुद्ध पेयजल, ठहरने की व्यवस्था, यातायात सुविधा, साइनेज और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी व पुलिस बल की तैनाती का निर्देश दिया है। विधि-व्यवस्था के नियंत्रण के लिए मेला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका प्रभार राजस्व अधिकारी, पुनपुन धर्मेंद्र कुमार को दिया गया है।

भाग्य नहीं, संघर्ष और पुरुषार्थ का संदेश देते हैं दिनकर : प्रो. शांडिल्य

पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के हिन्दी विभाग एवं क्द्धअउ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती के अवसर पर 'दिनकर साहित्य में राष्ट्र, समाज और मानवीय संवेदना' विषय पर गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि दिनकर की कविताएं मनुष्य को भाग्य के भरोसे बैठने के बजाय संघर्ष और पुरुषार्थ के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उनकी रचनाएं विपरीत परिस्थितियों में भी निराश न होकर कर्म और साहस के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं। प्रो. शांडिल्य ने दिनकर की प्रसिद्ध पंक्ति 'सिंहासन खाली करो कि जनता आती है' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पंक्ति केवल सत्ता को चुनौती देने वाली हुंकार नहीं, बल्कि जनशक्ति, जागरूकता और लोकतांत्रिक चेतना का सशक्त उद्घोष है। दिनकर ने साहित्य के माध्यम से आम जनता की शक्ति और उसके अधिकारों को स्वर दिया। उनकी रचनाओं में शोषण, अन्याय और सामाजिक असमानता के विरुद्ध आवाज उठाने तथा जनमानस में आत्मसम्मान और जागरूकता पैदा करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) सुनीता गुप्ता ने कहा कि दिनकर की रचनाएं राष्ट्रीय चेतना की प्रखर वाहक हैं। उनकी कविता का स्वाभाविक आवेग व्यक्ति को जड़ता और निष्क्रियता से बाहर निकालकर संघर्ष, कर्म और जागरण की ओर ले जाता है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शशि भूषण चौधरी ने दिनकर के साहित्य में राष्ट्रबोध, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान कुमार अमिताभ ने दिनकर की प्रसिद्ध कृति 'रश्मिरथी' के तृतीय सर्ग का भावपूर्ण एवं ओजस्वी पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

मसौढ़ी में वर्दी का चमका सितारा, 28 एएसआई बने एसआई, डीएसपी ने की पिपिंग सेरेमनी

डीएसपी ने कंधे पर स्टार लगाकर दी बधाई

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में बुधवार को पिपिंग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 28 सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) को अवर निरीक्षक (एसआई) के पद पर पदोन्नति दी गई। मौके पर मसौढी थानाध्यक्ष विवेक भारती, थाना पर्यवेक्षक अरविंद साहनी मौजूद रहे, डीएसपी राघव दयाल ने नवपदोन्नत पुलिस पदाधिकारियों के कंधे पर एसआई का स्टार लगाकर उन्हें बधाई दी और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पदोन्नति पाने वालों में मसौढ़ी, धनरुआ सहित अनुमंडल के विभिन्न थानों में पदस्थापित पुलिसकर्मी शामिल हैं। इस मौके पर डीएसपी ने कहा कि लंबे समय से पुलिस सेवा में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने वाले इन पुलिसकर्मियों को यह पदोन्नति मिली है। अब ये सभी अनुसंधान अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे। आने वाले समय में इनमें से कई अधिकारियों को थानाध्यक्ष की भी जिम्मेदारी दी जा सकती है। डीएसपी ने सभी नवपदोन्नत अधिकारियों से आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने और तकनीकी जांच पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी नई जिम्मेदारियों पर खरा उतरते हुए विभाग का नाम रोशन करें।

मवेशी कारोबारी की मौत पर सस्पेंस गहराया, हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के मरांची गांव निवासी मवेशी कारोबारी रंजीत महतो की मौत को लेकर रहस्य गहरा गया है। रंजीत की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई या फिर उसकी हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया, इसे लेकर स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृतक के स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि रंजीत की हत्या के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया।स्वजनों के मुताबिक, रंजीत महतो इन दिनों अपने ससुराल सूर्यगढ़ा में छिपकर रह रहा था। इसी दौरान पुराने मवेशी कारोबारी रामप्रवेश सिंह हत्याकांड में उसकी कथित संलिप्तता सामने आने के बाद मरांची पुलिस उसकी गिरफ्तारी की तैयारी में थी। पुलिस की कार्रवाई की भनक मिलने पर रंजीत ने आत्मसमर्पण करने का संदेश भेजा था। आत्मसमर्पण की इस योजना में उसके साढ़ू और मुखिया पति सरगुन महतो की भूमिका बताई जा रही है। बताया गया कि योजना के अनुसार रंजीत को सूर्यगढ़ा स्थित ससुराल से लखीसराय स्टेशन के लिए निकलना था और बड़हिया स्टेशन पर उतरना था। वहां से सरगुन महतो की गाड़ी से उसे पचमहला थाना ले जाकर आत्मसमर्पण कराने की बात थी। इसी बीच उसकी मौत की खबर सामने आने के बाद पूरे मामले पर सवाल खड़े हो गए हैं।

भूमिहीनों का महामेला: अभियान बसेरा के शिविरों में उमड़ी भूमिहीन गरीबों की भीड़, अपने आशियाने की जगी उम्मीद

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धूप में तपते चेहरे, हाथों में आवेदन के कागज और आंखों में अपने घर का सपना। बुधवार को मसौढ़ी अंचल की विभिन्न पंचायतों में आयोजित 'अभियान बसेरा' के विशेष शिविरों का नजारा कुछ ऐसा ही था। वर्षों से जमीन और आशियाने के अभाव में जीवन गुजार रहे भूमिहीन परिवार अपने लिए भूमि मिलने की उम्मीद में शिविरों में पहुंचे। शासन के निर्देश पर मसौढी प्रखंड के मुख्यालय पर विशेष शिविर लगाए गए। सुबह से ही लोग आवेदन जमा करने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। अंचल प्रशासन की टीम ने शिविरों में पहुंचकर निर्धारित फॉर्मेट में आवेदन लिए और जरूरी दस्तावेज जमा कराए। अंचलधिकारी ऋषिकेश कुमार ने बताया कि विभागीय गाइडलाइन के अनुसार 10 नवबंर तक आवेदन स्वीकार किए जायेंगे, अभी तक 1000 से अधिक आवेदन जमा हो चुके हैं। सभी आवेदनों का निष्पक्ष तरीके से भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र पाए जाने वाले परिवारों को निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी, ताकि वे अपना घर बना सकें। शिविरों को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी और अंचल अमीन समेत अंचल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।

प्रिज्म के वेडिंग्ज में 50 कंपनी-सर्विस्ड बैंक्वेट्स तक बढ़ेगा नेटवर्क

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रिज्म के वेडिंग्स और इवेंट्स बिजनेस, वेडिंग्ज ने 2026 में देश के प्रमुख शहरों में अपने कंपनी-सर्विस्ड बैंक्वेट्स के नेटवर्क को 50 वेन्यू तक बढ़ाने की योजना बनाई है। कंपनी अब तक देशभर में 25 बैंक्वेट्स सफलतापूर्वक लॉन्च कर चुकी है और इन्हें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। इस विस्तार के तहत गुरुग्राम, कोलकाता, जयपुर, गाजियाबाद, पटना और मुंबई जैसे शहरों पर फोकस किया जाएगा, जहाँ इस मॉडल को पहले ही अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। यह विस्तार भारत के तेजी से बढ़ते सेलिब्रेशन, इवेंट्स और बैंक्वेटिंग सेक्टर में प्रोफेशनल वेन्यू मैनेजमेंट की दिशा में कंपनी के बढ़ते फोकस को दशार्ता है। कंपनी-सर्विस्ड मॉडल के तहत वेडिंग्ज अपनी टेक्नोलॉजी, हॉस्पिटैलिटी एक्सपर्टीज, सेल्स क्षमता और ऑपरेटिंग सिस्टम सीधे बैंक्वेट प्रॉपर्टीज में उपलब्ध कराता है। वहीं, प्रॉपर्टी का मालिकाना हक मालिकों के पास ही रहता है। यह मॉडल बैंक्वेट बिजनेस से जुड़ी कई आम चुनौतियों को एक साथ संभालने के लिए तैयार किया गया है। इनमें स्टाफिंग, वेंडर्स, इन्वेंट्री, सेल्स, कस्टमर सर्विस और इवेंट मैनेजमेंट शामिल हैं। साथ ही, वेडिंग और नॉन-वेडिंग तारीखों के बीच माँग में होने वाले बदलाव को भी मैनेज किया जाता है।

पिस्तौल दिखाकर धमकी और बाइक छीनने का आरोप

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के पभेड़ी गांव में जमीन के एग्रीमेंट को लेकर हुए विवाद में मारपीट, पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी और बाइक छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने धनरुआ थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि उन्होंने मौजा-पभेड़ी में 3 डिसमिल जमीन का एग्रीमेंट अपने नाम से करवाया है। आरोप है कि इसी जमीन पर गांव के ही संतोष कुमार उर्फ विशाल कुमार द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।आवेदन के अनुसार, 21 सितंबर 2026 की रात करीब 8 बजे संतोष कुमार उर्फ विशाल कुमार, सन्नी कुमार, उपेन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश प्रसाद और सुबोध ठाकुर उनके घर पर आए और गाली-गलौज करने लगे।

कब तक पूरा होगा आररोबी मसौढ़ी वासियों के जेहन मे उठ रहे कई सवाल

3 वर्षों से कछुआ गति से चल रहा 60 करोड़ का आरओबी निर्माण, जनता में पनप रहा आक्रोश

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी के लोगों के लिए जाम से मुक्ति की उम्मीद बना तरेगना दक्षिणी गुमटी एलसी-21ए का रेल ओवर ब्रिज अब खुद परेशानी का सबब बन गया है। 60 करोड़ से अधिक लागत वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना की डेडलाइन 17 जनवरी 2026 को ही खत्म हो चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण पूरा नहीं हो सका है।जानकारी के मुताबिक 522 मीटर लंबे आरओबी और 747 मीटर एप्रोच रोड का निर्माण होना है। इसका शिलान्यास 9 दिसंबर 2023 को हुआ था और काम 18 जनवरी 2024 से शुरू हुआ था। लक्ष्य था कि एक साल में लोगों को पुल की सुविधा मिल जाएगी, पर दो साल बाद भी लोग अधूरे निर्माण के बीच जाम, धूल और कीचड़ झेलने को मजबूर हैं। रेलवे लाइन के पूर्वी छोर पर आरओबी का स्ट्रक्चर लगभग तैयार है, लेकिन पहुंच पथ का काम अधूरा पड़ा है। पश्चिमी हिस्से में भी पाइलिंग और फाउंडेशन से जुड़े कई काम बाकी हैं। नतीजा, पुल बनने के बाद भी उस पर आवागमन शुरू होने की कोई सूरत नहीं दिख रही।गुमटी बंद होते ही दोनों तरफ सैकड़ों वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले लोग, मरीज और एंबुलेंस तक घंटों जाम में फंस जाते हैं। बारिश में स्थिति और बिगड़ जाती है, निर्माण स्थल के पास जलजमाव और कीचड़ से चलना मुश्किल हो जाता है। मसौढ़ी के पश्चिमी इलाके के लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। शहर से जुड़ने वाला मुख्य रास्ता बाधित होने से लोगों को 2-3 किलोमीटर अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। धीमी गति से चल रहे निर्माण का असर स्थानीय कारोबार पर भी पड़ा है। धूल-गर्दा और जाम के कारण ग्राहकों की आवाजाही घटी है। दुकानदारों में अशोक यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय केसरी, संतोष केसरी एवं स्थानीय लोगों में नवल भारती, डॉ राम जयपाल सिंह यादव समेत कई लोगों का कहना है कि आरओबी के जल्द पूरा होने के आश्वासन पर वे लंबे समय से नुकसान झेल रहे हैं, सड़क पर जहां-तहां मलवा रखकर छोड़ दिया गया है, जिसे यातायात प्रभावित हो रही है आमजन को काफी परेशानी हो रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार निर्माण में देरी के पीछे रेलवे और निर्माण एजेंसी के बीच समन्वय की कमी, बिजली-पाइपलाइन शिफ्टिंग और तकनीकी अड़चनें बताई जा रही हैं। लेकिन स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब दो साल का समय दिया गया था तो इन अड़चनों को समय पर दूर क्यों नहीं किया गया।

CMYK

संक्षिप्त समाचार

एकमा सीएचसी में एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में संचालित 102 एंबुलेंस सेवा का मंगलवार को सेवा प्रदाता कंपनी जेन प्लस प्रा. लिमिटेड, पटना के सारण जिला के सीएल सत्यप्रकाश यादव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एंबुलेंस की व्यवस्था, रखरखाव, साफ-सफाई, दवाओं एवं आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान 102 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मियों को मरीजों को समय पर एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही एंबुलेंस को हमेशा सेवा के लिए तैयार रखने,

आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। सीएल सत्यप्रकाश यादव ने कर्मियों से एंबुलेंस संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं एवं सेवा से संबंधित जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि 102 एंबुलेंस सेवा जरूरतमंद मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए मरीजों को सेवा देने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान ईएम सोनू कुमार तिवारी, विनय कुमार, प्रकाश कुमार, चालक हिमांशु पटेल, प्रवीण कुमार, पप्पू कुमार, राजेश कुमार, चंदन यादव समेत अन्य एंबुलेंस कर्मी व क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पेयजल गुणवत्ता की जांच हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्व मध्य रेल पर रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेल प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में पानी की टंकियों, वाटर कूलर, वाटर टैप, वाटर फिल्टर तथा पाइप लाइनों की नियमित सघन जांच एवं रख रखाव को प्राथमिकता दी जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अवशिष्ट क्लोरीन परीक्षण, जीवाणु

संर्वधन परीक्षण एवं रासायनिक परीक्षण किये जा रहे हैं। स्वच्छ पेयजल गुणवत्ता जांच के दौरान जहाँ भी पेयजल गुणवत्ता से सम्बन्धित प्रतिकूल परिणाम प्राप्त हो रहे हैं, वहाँ तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है। यह विशेष अभियान पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों के सभी रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालयों के सभी पेयजल स्थलों के परीक्षण तथा उनके सुधार तक जारी रहेगा। स्वास्थ्य निरीक्षकों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच एवं परीक्षण किया जा रहा है, ताकि रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। रेल प्रशासन रेल यात्रियों एवं रेलकर्मियों के स्वास्थ्य एवं सुविधा को सर्वोपरि रखते हुये स्वच्छ पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

दिनकर जयंती के साथ 'सेवा संकल्प अभियान' कार्यक्रम का आयोजन

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डॉ. श्री कृष्णा सिन्हा महिला महाविद्यालय में दिनकर जयंती के साथ ही 'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत 'महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) नलिन विलोचन के अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के फोटो पर माला और पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार ने (पूर्व मंत्री बिहार सरकार, 6 बार नगर विधायक) ने किया। अपने व्याख्यान में कहा कि मातृशक्ति के अभाव में सृष्टि का विनाश हो जाएगा ।इसीलिए महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति हर किसी को जागरूक होना होगा ।जब हम घर से निकलते हैं तो हम अपनी माता का चरण छूकर निकलते हैं स्त्री, माता, बहन, पत्नी एवं बेटी लक्ष्मी दुर्गा का रूप है, इत्यादी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर मोदी ने अपने जन्मदिवस पर इसी शक्ति को ध्यान में रखते हुए

'सेवा संकल्प अभियान' अंतर्गत सेवा मेरा योगदान अभियान चलाया है। जिससे भारत की नारी स्वस्थ्य हो स्वच्छ रहे तभी स्वस्थ्य समाज का निर्माण हो सकता है। डॉ. लाल बाबू प्रसाद (डिप्टी मेयर मोतिहारी नगर निगम) ने कहा कि स्त्रियाँ देवी दुर्गा की रूप है हम दुर्गा की पूजा करते हैं औरअपने घर की शक्ति के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना होगा। मोतिहारी शहर की मशहूर डॉक्टर हेना चंद्रा ने नारी के स्वास्थ्य और उनके सम्मान के साथ - साथ उनकी अस्मिता पर विचार रखी। धन्यवाद ज्ञापन उत्तम मिश्रा ने किया। मौके नीता शर्मा (जिला अध्यक्ष) संजय ठाकुर (सह संयोजक पिछड़ा मोर्चा) विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिंह इत्यादि के साथ डॉक्टरों की एक टीम आई थी । जिसमें डॉ. अरुणिमा, डॉ. सिल्की सलोनी, शिल्पी कुमारी ए एन एम, पूजा कुमारी ए एन एम ने मिलकर महाविद्यालय की शिक्षकों तथा छात्राओं का चेकअप किया और उन्हें दवा दिया ।मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी तथा छात्राएं उपस्थित थी।

मोतिहारी के आसमान में सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम का हवाई प्रदर्शन

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम 25 सितंबर 2026 को मोतिहारी, बिहार में अपने एरोबेटिक प्रदर्शन के माध्यम से दर्शकों को रोमांचक हवाई कौशल, सटीकता और अनुशासन का प्रदर्शन प्रस्तुत करेगी। 2026 के प्रशिक्षण सत्र के सफल समापन के उपरांत सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम अपनी नवीनतम टीम संरचना के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई प्रदर्शनों की श्रृंखला के अंतर्गत मोतिहारी पहुंच रही है। इस वर्ष टीम में 5 नए सदस्य शामिल हुए हैं, जो अनुभवी टीम के साथ मिलकर सूर्यकिरण की उत्कृष्टता और पेशेवर मानकों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम भारतीय वायु सेना के 9 लाल और सफेद हॉक एमके 132 विमानों के साथ प्रदर्शन करती है। भारत में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा लाइसेंस के तहत निर्मित ये विमान विभिन्न जटिल एरोबेटिक मैन्युवर्स के दौरान असाधारण उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करते हैं। लूप, बैरल रोल, उल्टी उड़ान और प्रतिष्ठित उ्ठअ मैन्युवर सहित विभिन्न करतबों के दौरान पायलटों के बीच उच्च स्तर की सटीकता, समन्वय और टीमवर्क देखने को मिलता है। कुछ एरोबेटिक मैन्युवर्स के दौरान विमानों के बीच की दूरी 5 मीटर से भी कम होती है। ऐसी परिस्थितियों में प्रत्येक मैन्युवर पायलटों के उच्च स्तर के प्रशिक्षण, अनुशासन, कौशल और आपसी विश्वास का प्रमाण होता है। हवाई प्रदर्शन को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए हॉक एमके 132 विमानों में स्वदेशी रूप से विकसित रंगीन स्मोक पॉड्स लगाए गए हैं। भारतीय वायु सेना के बेस रिपेयर

डिपो, नासिक द्वारा विकसित इस प्रणाली के माध्यम से विमान आसमान में केसरिया, सफेद और हरे रंग की धुआं-धाराओं के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज के रंगों को प्रदर्शित करते हैं। वर्ष 1996 में स्थापित सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम को एशिया की एकमात्र 9-विमानों वाली एरोबेटिक टीम होने का गौरव प्राप्त है। टीम ने भारत में 800 से अधिक हवाई प्रदर्शन किए हैं तथा चीन, श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, सिंगापुर, वअए और दुबई सहित विभिन्न देशों में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एयर शो में भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व किया है। भारतीय वायु सेना की 'Ambassadors of the Indian Air Force' के रूप में सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम देश और विदेश में भारतीय वायु सेना की व्यावसायिकता, अनुशासन और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती है। अपने प्रदर्शनों के माध्यम से टीम युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें भारतीय वायु सेना की कार्य संस्कृति और मूल्यों से परिचित कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। Su-30 MKI पायलट ग्रुप कैप्टन अजय दसरथी के नेतृत्व में टीम सटीकता, अनुशासन और निरंतर उत्कृष्टता की भावना का प्रतीक है। 9 विमानों को एक इकाई के रूप में उड़ाने वाले प्रत्येक मैन्युवर में पायलटों के बीच समन्वय, विश्वास और टीमवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।मोतिहारी में होने वाला यह प्रदर्शन बिहार के लिए विशेष महत्व रखता है। सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के मेडिकल ऑफिसर फ्लाइट लेफ्टिनेंट आदर्श चौधरी बिहार के ही निवासी हैं। मोतिहारी में होने वाला यह हवाई प्रदर्शन युवाओं और आम नागरिकों को भारतीय वायु सेना की कार्यप्रणाली, पेशेवर उत्कृष्टता और उच्च प्रशिक्षण मानकों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर प्रदान करेगा। विशेष रूप से सशस्त्र बलों में करियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए यह प्रदर्शन भारतीय वायु सेना की समृद्ध विरासत और मूल्यों से परिचित होने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। 9 हॉक विमानों को एक साथ सटीक फॉर्मेशन में उड़ते हुए और आसमान में तिरंगे के रंग बिखेरते हुए देखना मोतिहारी के लोगों के लिए एक विशेष अनुभव होगा। यह प्रदर्शन भारतीय वायु सेना की उड़ान क्षमता के साथ-साथ अनुशासन, टीमवर्क और उत्कृष्टता के उन मूल्यों को भी प्रदर्शित करेगा, जो सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम की पहचान हैं।

विप्र. निर्वाचन: आचार संहिता पालन में डीएम की राजनीति दलों से सहयोग की अपील

निर्वाचन आयोग के निदेश पर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्नातक व शिक्षक निर्वाचन के तिथि की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया गया है। उक्त बातें डीएम सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने राजनैतिक दलों के साथ आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी होते ही आचार संहिता स्वतः लागू माना जाता है। सारण में केवल शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तहत विधान परिषद सदस्य का चुनाव आयोजित किया जाना है। इसके लिए आयोग द्वारा सारण कमिश्नर मनीष कुमार को निवार्ची पदाधिकारी तथा क्षेत्रांतर्गत पांचों जिला क्रमशः सारण, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चंपारण के जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी और कमिश्नर के सचिव को सहायक निवार्ची पदाधिकारी अधिसूचित किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन का पर्चा

कमिश्नरी कार्यालय में दाखिल किया जाएगा।

आचार संहिता का होगा सख्ती से अनुपालनः

एसएसपी रोशन कुमार ने बताया कि समान्य निर्वाचन के आचार संहिता के सभी नियम इस चुनाव में भी लागू रहेंगे। उन्होंने सभी लोगों से चुनाव को शांतिपूर्ण, सहभागितापूर्ण और निर्विवाद और सफल संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया।

कैलेंडर की दी गयी जानकारीः

उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने आयोग द्वारा जारी कैलेंडर की जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षक चुनाव के लिए 29 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी। 6 अक्टूबर तक नामांकन, 7 अक्टूबर को स्क्रुटनी, 9 अक्टूबर को नाम वापसी, 23 अक्टूबर को मतदान और 27 अक्टूबर को मतगणना होगी। उन्होंने नामांकन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि प्रत्याशी का नाम राज्य के किसी भी विधानसभा क्षेत्र के वोटर लिस्ट में शामिल होना आवश्यक है। जबकि उसके 10 प्रस्तावकों के नाम संबंधित चुनाव हेतु तैयार किए गए वोटर लिस्ट में शामिल होना चाहिए। वहीं किसी भी तरह के आपराधिक मामले दर्ज होने पर इसकी सूचना उपयुक्त प्रपत्र में देनी होगी। साथ ही समय-समय पर तीन बार इस विवरण को दो समाचार पत्र और दो न्यूज चैनल पर प्रकशित करना अनिवार्य होगा। उन्होंने नामांकन के समय भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की विस्तार से जानकारी दी।

28 सदस्यीय थाई दल ने वैशाली के ऐतिहासिक एवं बौद्ध स्थलों का किया भ्रमण

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आज दिनांक 22 सितंबर 2026 को थाईलैंड से आए 28 सदस्यीय विदेशी पर्यटन दल का वैशाली भ्रमण कराया गया। बिहार फाउण्डेशन बैंकाक चैप्टर की ओर से बिहार भ्रमण पर आए इस दल में विदेशी टूर ऑपरेटर, एयरलाइन एवं थाई पर्यटन परिषद से

जुड़े प्रतिनिधि शामिल हैं। कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, बिहार के निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत दल ने वैशाली के प्रमुख ऐतिहासिक एवं बौद्ध स्थलों का भ्रमण किया। दल को वैशाली स्थित बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया तथा वैशाली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्ध महत्व से अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान दल के सदस्यों ने वैशाली की ऐतिहासिक विरासत, भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों तथा यहां की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में विशेष रुचि दिखाई। जिला प्रशासन द्वारा दल के निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के सुचारु संचालन तथा भ्रमण मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। उल्लेखनीय है कि थाईलैंड से आए इस दल का बिहार के विभिन्न प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है, जिसके तहत गया, नालंदा, वैशाली एवं पटना के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया जा रहा है।

मनरेगा योजनाओं में वित्तीय अनियमितता के मामले में पांच कर्मियों पर कार्रवाई

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जन्दाहा प्रखंड की ग्राम पंचायत रसुलपुर पुरुषोत्तम में मनरेगा योजनाओं से संबंधित शिकायत की जांच कराई गई। जांच के दौरान परिवाद में वर्णित 09 योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर कुल 5,81,099 रुपये की राशि की वसूली की कार्रवाई की गई। डीएम के निर्देश के आलोक में मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित कर्मियों एवं पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग की गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुनवाई एवं स्पष्टीकरण की समीक्षा के उपरांत दोष की प्रकृति एवं गंभीरता को देखते हुए उप विकास आयुक्त, वैशाली द्वारा विभागीय प्रावधानों के तहत दण्ड अधिरोपित किया गया है। इस क्रम में तत्कालीन कार्यक्रम पदाधिकारी, जन्दाहा उमेश कुमार तथा लेखापाल, प्रखंड-जन्दाहा बबलू कुमार के मूल मानदेय से 25 प्रतिशत की कटौती पांच वर्ष की अवधि के लिए किए जाने का दण्ड अधिरोपित किया गया है। वहीं, कनीय अभियंता, प्रखंड-जन्दाहा सुजीत कुमार, तत्कालीन पंचायत तकनीकी सहायक सुबोध कुमार सिंह तथा तत्कालीन पंचायत रोजगार सेवक विजय कुमार साह का अनुबंध रद्द/सेवा समाप्त करते हुए चयन मुक्त किए जाने की कार्रवाई की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। योजनाओं के क्रियान्वयन में अनियमितता पाए जाने पर जांच के उपरांत नियमानुसार जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भारत-नेपाल जिला स्तरीय सीमा समन्वय समिति की बैठक आयोजित

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सीमा पार की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी सहयोग की एवं समन्वय के उद्देश्य से रक्सौल आईसीपी के हाल मे इंडो नेपाल वार्डर कॉर्डिनेशन कमिटि की उच्चस्तरीय बैठक का अयोजन किया गया। इस बैठक नेपाली सीमावर्ती जिले के पदाधिकारी एवं पूर्वी चम्पारण तथा पश्चिम चम्पारण जिला के वरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में सीमा सुरक्षा, जाली नोट, आर्म्स, ड्रग्स एण्ड नारकोटिक्स, लिकर, तम्बाकू एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी नियंत्रण, कॉस बोर्डर काईम कन्ट्रोल, मोस्ट वांटेड अपराधियों के धर पकड़, विदेशी नागरिकों और संदिग्ध लोगों की अवैध आवाजाही एंव अवांछित गतिविधि पर रोक तथा आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान और आपसी सहयोग संबंधित मुद्दों पर गहन विमर्श किया गया। बैठक

की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण एवं परसा जिला के सीडीओ के द्वारा किया गया। बैठक के उपरांत संयुक्त रूप से दोनों जिलाधिकारी ने बताया कि वार्ता काफी सौहार्दपूर्ण और सकरात्मक माहौल में हुई है जिससे आने वाले समय में क्रॉस बॉर्डर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में काफी सहयोग मिलेगी। बैठक में पर्सा एवं बारा जिला के सीडीओ सहित नेपाली शिष्टमण्डल के साथ पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी, बगहा के पुलिस अधीक्षक,अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण, सदर एसडीओ मोतिहारी, एसडीओ रक्सौल,डीसीएलआर रक्सौल,एसडीपीओ ,डीएफओ, उत्पाद अधीक्षक पूर्वी चंपारण, एसएसबी कमांडेंट, सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

पुलिस जांच के बाद पीड़ित को अभियुक्त ने धमकाया

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दाहौर गांव में पुलिस जांच के बाद अभियुक्त ने पीड़ित को जान मारने की धमकी दिया है। इस संबंध में पीड़ित सनी कुमार ने बताया कि थाने में लिखित सूचना देकर मारपीट कर परेशान करने को लेकर कार्रवाई के लिए गुहार लगाई थी।पुलिस जब जांच कर वापस लौटी तो आक्रोशित अभियुक्त ने उसके घर पर चढ़कर गाली गलौज की और जान मारने की धमकी दी । पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पूर्व उसके पिता को मारपीट कर आरोपी ने जख्मी कर दिया था।

दो दिनों से महिला लापता, अपहरण की आशंका से मचा हड़कंप

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। खिरिमोड़ थाना क्षेत्र के बहेरिया निरखपुर टोला से एक महिला के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के अचानक गायब होने के बाद परिजन परेशान हैं। वहीं, परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए खिरिमोड़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बहेरिया निरखपुर टोला निवासी महिला करीब दो दिनों से अपने घर से लापता है। परिजनों ने पहले अपने स्तर से आसपास के इलाके, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन महिला का कोई सुराग नहीं मिला। लगातार तलाश के बावजूद जानकारी नहीं मिलने पर परिजन किसी अनहोनी की आशंका से चिंतित हो गए। इसके बाद परिजनों ने खिरिमोड़ थाना पहुंचकर महिला के लापता होने की लिखित सूचना पुलिस को दी। परिजनों ने महिला के अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस से उसकी सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। इस संबंध में पूछने पर थानाध्यक्ष ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि महिला खुद कहीं गई है या उसके साथ कोई अप्रिय घटना हुई है। महिला की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर भी जानकारी जुटाई जा रही है।

नवतन गांव में उत्पाती बंदरों का आतंक, तीन ग्रामीणों को किया घायल

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना क्षेत्र के माने पंचायत अंतर्गत नवतन गांव में इन दिनों उत्पाती बंदरों का आतंक बढ़ गया है। बंदरों के हमले में नवतन गांव निवासी गगन देव सिंह (60), नीरज राम (22) और राकेश प्रसाद (20) समेत कई ग्रामीण घायल हो चुके हैं। बंदरों के काटने से घायल तीनों लोगों को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल, छपरा भेजकर टीका लगवाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, करीब 40 की संख्या में उत्पाती बंदरों का तीन झुंड नवतन गांव सहित आसपास के घरों में घूमकर आतंक मचा रहा है।

एनबीएस प्री-टास को लेकर सदर अस्पताल में कार्यशाला आयोजित

28 सितंबर से शुरू होगा प्री-टास अभियान, 15 प्रखंडों में रात 10 बजे के बाद लिया जाएगा रक्त का नमूना

हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में बुधवार को नाइट ब्लड सर्वे (एनबीएस) के तहत प्री-टास के सफल संचालन को लेकर लैब टेक्नीशियनों (एलटी) के लिए एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आगामी 28 सितंबर से जिले में प्री-टास अभियान की शुरूआत होने जा रही है। कार्यशाला में चेहराकलां के एलटी अजीत कुमार ने मास्टर ट्रेनर के रूप में तकनीकी सत्र का संचालन किया। तकनीकी सत्र के दौरान मास्टर ट्रेनर अजीत कुमार ने फाइलेरिया परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) की पहचान और सटीक जांच प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि

माइक्रोफाइलेरिया रात में ही परिधीय रक्त संचार (पेरीफेरल ब्लड सकुर्लेशन) में सक्रिय होते हैं, इसलिए रक्त संग्रहण का समय रात 10 बजे से देर रात तक तय किया गया है। कर्मियों को एसेप्टिक तकनीक के साथ फिंगर प्रिक करने और 60 माइक्रोलीटर रक्त की तीन समान बूंदों से थिक ब्लड स्मीयर तैयार करने का तरीका बताया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्लाइड पर ब्लड फिल्म को ओवल (अंडाकार) शेप में ही बनाएं और उसी अनुपात में स्टेनिंग करें। मास्टर ट्रेनर ने सख्त हिदायत दी कि तैयार की गई स्लाइड को कभी भी सीधे धूप में न सुखाएं, बल्कि कमरे के तापमान पर छाया में ही एयर ड्राई करें; क्योंकि सीधी धूप से रक्त कणिकाएं और परजीवी नष्ट हो जाते हैं।

उत्क्रमित स्कूलों में न जमीन, न भवन, विज्ञान शिक्षक भी नदारद

दुल्हिनबाजार के मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालयों की समीक्षा बैठक में शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ की पहल पर बुधवार को रामलखन सिंह यादव उच्च विद्यालय, दुल्हिनबाजार में प्रखंड के सभी मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भी मौजूद रहे। विद्यालयवार बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2016 में उत्क्रमित किए गए उच्च माध्यमिक विद्यालयों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल सामने आए। बताया गया कि प्रखंड के एक भी उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास अपनी भूमि और स्वतंत्र भवन नहीं है। वहीं, अधिकांश विद्यालयों में विज्ञान विषय के

शिक्षक भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में केवल विद्यालयों को कागज पर उत्क्रमित कर देने से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कैसे मिलेगी, यह सवाल बैठक में प्रमुखता से उठा। विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि सरकार ने इन विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालय का दर्जा तो दे दिया, लेकिन आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए। उन्होंने कहा, 'संसाधनों के अभाव में ये विद्यालय वास्तव में 'उत्पीड़ित विद्यालय' बनकर रह गए हैं। बिना भूमि, भवन और विषयवार शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात बेमानी है।' बैठक में सभी विद्यालयों की समस्याओं पर अलग-अलग चर्चा की गई। बेहतर शैक्षणिक वातावरण, नियमित पठन-पाठन तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। भूमि, भवन, शिक्षकों समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी को संबंधित विभाग और सरकार के समक्ष उठाने की बात कही गई। बताया गया कि इससे पूर्व पालीगंज प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा पदाधिकारियों के साथ भी इसी प्रकार की समीक्षा बैठक आयोजित की जा चुकी है।

बच्ची से छेड़खानी मामले में आरोपित गिरफ्तार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरुआ थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर टांड गांव में 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़खानी और अपहरण के प्रयास के मामले में धनरुआ पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता के पिता ने आवेदन पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आवेदन के अनुसार, 15 जुलाई 2026 को रात करीब 8 बजे उनकी बेटी परदा पानी के लिए गई थी। लौटने के दौरान गांव के ही तीन युवकों - 1. गौतम यादव (20), 2. अमित यादव (22) और 3. रिपु यादव (21) ने चाकू के बल पर उसे पकड़ लिया और उठाकर ले भागने का प्रयास किया। बच्ची के चिल्लाने पर परिजन दौड़े तो आरोपियों ने जातिसूचक गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी,इसी कांड में नामजद अभियुक्त अमित कुमार उर्फ अमित यादव, पिता राजदेव प्रसाद उर्फ राजदेव यादव, साकिन रघुनाथपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

एमजीसीयू में हिंदी माह के अंतर्गत कविता प्रतियोगिता का आयोजन

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी विभाग द्वारा संचालित हिंदी माह के अंतर्गत कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने कविता प्रतियोगिता में भाग ले रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कविता स्वरचित होनी चाहिए मौलिक होनी चाहिए और अपने समय की संवेदना को अभिव्यक्ति करने वाली होनी चाहिए।

कविता में भावों की अभिव्यक्ति है, वह इतिहास है, कविता में जीवन है, संस्कृति है, समाज है। स्वागत वक्तव्य में हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्यामनंदन ने सभा में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी में कविता केवल मनोरंजन नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम भी है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों और कल्पनाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है। कविता के व्यक्ति के अंदर उद्वेलित भावना को शब्दों में गढ़ने का कार्य करती है। इसी के साथ सभी प्रतिभागियों को उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं। कविता प्रतियोगिता के अंतर्गत निर्णायक मंडली में शामिल डॉ.उमेश पात्रा, सहायक आचार्य, अंग्रेजी विभाग ने कहा कविता मनुष्य की भावनाओं और संवेदनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति है। यह जीवन के सुख-दुख संघर्ष और अनुभवों को शब्दबद्ध करती है। डॉ.सुनील दीपक घोड़के, सहायक आचार्य, मीडिया विभाग ने हिंदी भाषा के एकीकरण और कविता पर विचार साझा किया और डॉ. मोहिनी श्रीवास्तव सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग ने कहा कि कविता केवल कल्पनाओं का संयोजन नहीं है बल्कि उसमें भावनाएं भी होती हैं।इस अवसर पर मंच का संचालन शोधार्थी, हिंदी विभाग शिवम कुमार सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा, हिंदी अधिकारी (अतिरिक प्रभार) ने किया। कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. बबलू पाल भी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे प्रथम पुरस्कार अंजली कुमारी (हिंदी विभाग) द्वितीय पुरस्कार सोनी कुमारी (हिंदी विभाग) तृतीय पुरस्कार विनय कुमार यादव (मीडिया विभाग) को मिला।

जीविका ने महिलाओं को दिया आत्मनिर्भरता का आधार

उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियां सम्मानित

नई आजीविका गतिविधियों पर जोर
वार्षिक आमसभा में आय-व्यय का लेखा-जोखा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। कुटुंबा स्थित नारी एकता सीएलएफ कार्यालय परिसर में बुधवार को नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की पांचवीं वार्षिक आमसभा आयोजित हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय और उपलब्धियों की समीक्षा के साथ वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर चर्चा कर सहमति बनाई गई। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जीविका दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और जीविका की 'बढ़ते कदम प्रार्थना' के सामूहिक गायन से हुआ। बीपीएम धनंजय कुमार ने महिलाओं को नई आजीविका गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार और आयवर्धक गतिविधियों के जरिए महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर परिवार व समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

जिला कार्यालय की युवा पेशेवर (बीमा एवं वैकल्पिक बैंकिंग) रत्ना राज ने स्वयं सहायता समूहों में बीमा की उपयोगिता और आजीविका सुरक्षा की जानकारी दी। पीएनबी कुटुंबा के शाखा प्रबंधक ओम प्रकाश भारती तथा बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार ने व्यवसाय विस्तार के लिए हरसंभव बैंकिंग सहयोग का भरोसा दिलाया। सम्मानित दीदियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जीविका से आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ आत्मविश्वास और परिवार में निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ी है। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रवि रंजन, लेखापाल अर्जुन कुमार, सामुदायिक समन्वयक आरती कुमारी, पल्लवी कुमारी, अरविंद कुमार चौधरी, सुनीता कुमारी सहित समिति की अध्यक्ष, निदेशक मंडल की सदस्याएं और बड़ी संख्या में जीविका दीदियां मौजूद थीं।

दुष्कर्म की घटनाओं के खिलाफ अंबा में भाकपा-माले का प्रतिरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। जमुई समेत बिहार के विभिन्न जिलों में महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं के विरोध में बुधवार को भाकपा-माले ने अंबा प्रखंड मुख्यालय में प्रतिरोध मार्च निकाला। प्रखंड सचिव व सांसद प्रतिनिधि बीरेंद्र कुमार मेहता के नेतृत्व में निकले मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए महिला सुरक्षा को लेकर सरकार और प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की। मार्च के बाद आयोजित सभा में वक्ताओं ने राज्य में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। कहा कि दुष्कर्म की घटनाओं पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि ऐसे मामलों में स्पीडी ट्रायल कर दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए। साथ ही महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा की ठोस गारंटी सुनिश्चित करने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की स्थायी तैनाती तथा पीड़ित परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई। इस मौके पर जिला कमेटी सदस्य संजय मेहता, मथुरा प्रसाद, गोवर्धन विश्वकर्मा, सीताराम शर्मा, सरखी चन्द राम, विंदेश्वर पासवान, सुदामा पासवान, रविन्द्र साव, रामराज राम, बैजनाथ प्रजापति, राजेन्द्र मेहता, धनंजय कुमार सिन्हा, रामजी मेहता, उमेश प्रजापति, सुनील ठाकुर, अलखदेव पासवान, रामस्वरूप मेहता और अवधेश मेहता समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

दिव्यांग बच्चों के लिए विभाग दे रहा सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद द्वारा समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 18 आयु वर्ग के अस्थि, दृष्टि एवं श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं के लिए जिला चिकित्सा दल के माध्यम से प्रखंडवार जांच शिविर सह मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य संबंधित आयु वर्ग के दिव्यांग छात्र-छात्राओं की चिकित्सीय जांच एवं दिव्यांगता का समुचित मूल्यांकन कर आवश्यकतानुसार उन्हें शिक्षा विभाग एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सुविधाओं तथा सहायक उपकरणों से आच्छादित करना है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, ओबरा, 22 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,

दाउदनगर, 23 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा, 24 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह, 25 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रफीगंज, 26 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बारूण, 28 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुटुम्बा, 29 सितंबर 2026 को सदर अस्पताल, औरंगाबाद, 30 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नवीनगर, 01 अक्टूबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मदनपुर तथा 03 अक्टूबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, देव में जांच शिविर सह मूल्यांकन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित प्रखंडों के अभिभावकों एवं विद्यालयों से अपील की गई है कि 3 से 18 आयु वर्ग के अस्थि, दृष्टि एवं श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं को निर्धारित तिथि एवं स्थल पर शिविर में उपस्थित कराते हुए उनका जाँच एवं मूल्यांकन सुनिश्चित कराएं। इससे पात्र छात्र-छात्राओं को उनकी आवश्यकता के अनुरूप शैक्षणिक सहयोग, चिकित्सीय परामर्श एवं सहायक उपकरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं से लाभान्वित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक समन्वय एवं व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

चेंव में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान, जनभागीदारी से दिया स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चेंव स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार दोपहर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत 'स्वच्छता ही सेवा-2026' के अंतर्गत जनभागीदारी से स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जीविका दीदियों, ग्रामीणों, स्वच्छता कर्मियों एवं पंचायत कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रखंड समन्वयक मनोज कुमार ने स्वच्छता संवाद के दौरान गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, खुले में कचरा नहीं फेंकने तथा निर्धारित व्यवस्था के माध्यम से कचरे का उचित निपटारा करने की जानकारी दी। उन्होंने जीविका दीदियों से

स्वच्छता का संदेश प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत के बिरहा गायक मगध सम्राट अखिलेश लाल यादव ने गीत-संगीत एवं गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उनकी प्रस्तुति से ग्रामीणों में अभियान को लेकर उत्साह देखने को मिला। मुखिया प्रतिनिधि जैनुल अंसारी ने कहा कि स्वच्छ गांव केवल सरकारी अभियान से नहीं, बल्कि आम लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। प्रत्येक परिवार यदि अपने घर के साथ आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए, तो पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभी ने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया। मौके पर दीपक कुमार, रविंद्र शर्मा, धनवंती कुमारी, चंदन कुमार, मृत्युंजय कुमार, रविंद्र कुमार, अजय कुमार, पंकज चौधरी, मोहम्मद नौशाद एवं नीरज पाठक सहित स्वच्छता कर्मी, डब्लयूपीयू कर्मी एवं ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे।

काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज डाकखाना गली में प्राचीन शिव मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी के मुख्य पुजारी डा देव कुमार मिश्र का बिनय खत्री के नेतृत्व में गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्होने कहा कि माता - पिता का सेवा करना सबसे पुनीत कार्य है। माता- पिता के प्रति आस्था रखे। और सही मार्ग अपनाये। बाबा का संदेश सभी निरोग रहे। उन्होने स्तुति सुनाकर लोगो को आस्था के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ मे आये सहयोगी रूपेश पाठक

ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री , उतर प्रदेश के मुख्य मंत्री सहित कई गणमान्य लोगो की पूजा- अर्चना कराया है। इस मौके पर उपचेयरमैन प्रतिनिधी दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, बबल सोनी, नागेंद्र शर्मा, बिनय गुप्ता, राणा विवेक सिंह, सत्येंद्र बाबा, डा शिशिर विश्वास,बिटू सिंह, शुभम सिंह, विकी कश्यप, शशि सोनी, अंकित तरूण, संदीप अग्रवाल, उदय गुप्ता, सौरभ भारद्वाज,सुनील सिंह, धीरज खत्री, संतोष गुप्ता, राजन सोनी, धर्मेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

एक नजर

दिव्यांगता जांच शिविर में 43 बच्चों की जांच

हसपुरा (औरंगाबाद)। बिहार शिक्षा परियोजना, औरंगाबाद के निर्देशानुसार बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य जांच को लेकर दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में औरंगाबाद से पहुंचे चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार, डॉ. रंजन कुमार एवं डॉ. सुमित कुमार ने 3 से 18 वर्ष आयु वर्ग के अस्थि, दृष्टि एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजनों की चिकित्सीय जांच की। शिविर में कुल 43 युवक-युवतियों की दिव्यांगता जांच की गई। जांच के दौरान दृष्टि, श्रवण एवं शारीरिक दिव्यांगता सहित कुल 38 दिव्यांगजनों तथा फाइलेरिया से ग्रसित 8 लोगों को प्रमाण पत्र के लिए चयनित किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के महत्व तथा इससे मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं लाभों की जानकारी दी गई। शिविर के सफल आयोजन में बीआरसी के कन्हैया लाल यादव, धर्मेंद्र कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, फिरोज आलम, अताउल्लाह खां तथा बुनियाद केंद्र की फातिमा का महत्वपूर्ण योगदान दिया

पिपराही में खड़ी ट्रक से टायर और बैटरी चोरी, जांच में जुटी पुलिस

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के पिपराही गांव में खड़ी ट्रक से अज्ञात चोरों ने टायर और बैटरी चोरी कर ली। मामले को लेकर पिपराही गांव निवासी प्रेम कुमार ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में बताया गया है कि 22 सितंबर 2026 की रात ट्रक संख्या बीआर24जीबी3409 को पिपराही गांव में खड़ा किया गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने ट्रक का टायर और बैटरी चोरी कर लिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि चोरों की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए छानबीन कर रही है।

रफीगंज में दुर्गा पूजा पंडालों की अग्नि सुरक्षा को लेकर बैठक

रफीगंज (औरंगाबाद)। दुर्गा पूजा के दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर बुधवार को प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज परिसर में पूजा पंडालों के आयोजकों, मालिकों एवं प्रबंधकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक सहायक अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी एवं अग्निशमन कर्मियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में पूजा पंडालों में आग से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों, अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था तथा विभागीय निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने पंडालों में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने की अपील की। साथ ही सभी पूजा पंडालों के आयोजकों एवं प्रबंधकों को 29 सितंबर 2026 को दोपहर 2 बजे अग्निशमनालय औरंगाबाद में प्रस्तावित जिलास्तरीय बैठक में उपस्थित होने की जानकारी दी गई। बैठक में प्रखंड अग्निशमनालय रफीगंज के प्रभारी मुन्ना कुमार, प्रधान अग्निक उपेंद्र कुमार, विजय कुमार, अग्निक चालक रणधीर कुमार, अग्निक कुंदन कुमार, सुषमा कुमारी, इजहार आलम, सौरव कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

छात्रा से छेड़खानी के विरोध में ऐपवा ने फूंका पुतला

पकरीबरावां। जमुई में नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना के विरोध में बुधवार को अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) और भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत प्रखण्ड मुख्यालय के वारिसलीगंज मोड़ पर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यालय से मार्च निकालकर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का पुतला फूंका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रा से छेड़खानी के आरोपितों को कड़ी सजा देने, महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनकाउंटर राज बंद करो की आदि की मांग की। कार्यकर्ताओं ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नाटक बंद करो, बेटियों को सुरक्षा दो' समेत अन्य नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के वारिसलीगंज विधानसभा प्रभारी अजीत कुमार मेहता और ऐपवा नेत्री रोशनी कुमारी ने कहा कि महिलाओं और बेटियों के खिलाफ होने वाली यौन हिंसा पर रोक लगाने के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में अपराधियों के बीच कानून का भय कम हुआ है। नेताओं ने पीड़िता को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पांच लाख रुपये मुआवजा देने की भी मांग की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी अपराध के मामले में कानून और संविधान के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए लोगों से आवाज उठाने का आह्वान किया। मौके पर प्रखंड सचिव महावीर मांझी, जिला कमेटी सदस्य अरुण कुशवाहा, डॉ. निजाम, अनिल सिंह, बच्ची देवी, माया दुलारी, रामनंदन मांझी समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।

संपूर्ण जीवन पद्धति है आयुर्वेद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय औषधालय के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. संजय कुमार एवं डॉ. केएन मिश्रा ने धन्वंतरी देव के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन बीएमडी विकास कुमार ने किया। इस दौरान चिकित्सकों ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक पद्धति और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर ध्यान देने की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में आयुर्वेद

कई बीमारियों की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना जरूरी है। लोगों को प्रकृति के साथ छेड़छाड़ नहीं करने और आयुर्वेदिक जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा, बीसीएम सनी कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, डॉ. ए.के. केसरी, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. आकाश रंजन, डाटा ऑपरेटर रंजीत कुमार, निर्भय कुमार, अजहर, नीतीश कुमार, गणेश कुमार, लैब इंचार्ज नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, रविंद्र कुमार, बड़ा बाबू अवधेश कुमार, सुनील कुमार, राघवेंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच की नई कमेटी गठित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद) । बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता मंच की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को नारायण लॉज में की गई। नई कमिटी का गठन किया गया। मंच के अध्यक्ष रूपेश सोनी ने अध्यक्षता की। मंच से जुड़े सदस्यों एवं सहयोगियों ने भाग लिया। आगामी नकल अभिनय प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंच के पदाधिकारियों का चयन किया गया। रूपेश सोनी को अध्यक्ष, सागर तांतिया को सचिव तथा शिव कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता को पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर, व्यवस्थित एवं भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में अधिक से अधिक लोक कलाकारों एवं टीमों को शामिल करने के लिए प्रयास किया जाएगा। उद्देश्य है कि स्थानीय कलाकारों और नई प्रतिभाओं को अपनी

कला प्रस्तुत करने का अधिक अवसर मिल सके। बैठक में विशेष रूप से नकल प्रतिभागियों की सुविधा और सम्मान पर जोर दिया गया। कलाकारों को प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उनके आराम, आवश्यक व्यवस्थाओं, मंच संचालन एवं अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम को अनुशासित एवं सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सदस्यों से सुझाव भी लिए गए। बैठक में संजय भारती, बबलू डीलर, राजीव कुमार भारती, शंभु कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार, अनुज कुमार, लड्डू कुमार, राहुल कुमार, अनिल कुमार, मंटू कुमार, रितेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, मुन्ना कुमार, बिकी कुमार, रविरंजन कुमार, शिव कुमार, सोनू गुप्ता, आयुष कुमार, अरमान आलम, अनिल कुमार, मृतुंजय कुमार, मुन्ना कुमार,अजीत कुमार एवं संजीव कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंच के सदस्यों ने कहा कि बम रोड नकल अभिनय प्रतियोगिता का उद्देश्य दाउदनगर की समृद्ध नकल अभिनय परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना तथा कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान करना है। सामूहिक सहयोग से इस वर्ष की प्रतियोगिता को और अधिक सफल एवं यादगार बनाने का संकल्प लिया गया।

विपरीत परिस्थितियों में धैर्य व अनुशासन बनाए रखना जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। प्रखंड के लाला अमौना खेल मैदान में ग्राम रक्षादल का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। प्रशिक्षु प्रतिदिन सुबह मैदान में पहुंचकर शारीरिक अभ्यास और विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं।

प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह छह बजे से 10 बजे तक चलने वाले प्रशिक्षण की शुरुआत राष्ट्रगान से होती है और समापन राज्य गीत के साथ किया जाता है। इस दौरान परेड, शारीरिक दक्षता, आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार और लाठी संचालन का अभ्यास कराया जा रहा है। आपदा अथवा आपात स्थिति में लोगों की सहायता करने के तरीकों के साथ ग्राम रक्षादल की जिम्मेदारियों और कानून से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी जा रही है। प्रशिक्षण का संचालन पूर्व सैनिक जावेद अहमद और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्काउट संतोष कुमार शर्मा कर रहे हैं। प्रशिक्षुओं को विपरीत परिस्थितियों में धैर्य और अनुशासन बनाए रखने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। सुबह के समय मैदान में परेड और शारीरिक अभ्यास को लेकर उत्साह का माहौल रहता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रखंड सचिव कविता कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष कुमार गौरव ने प्रशिक्षुओं से ईमानदारी और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु पूरी लगन से अपनी जिम्मेदारियों के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार ग्राम रक्षादल के सदस्यों की मांगों और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करेगी।

स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत बुधवार को 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत भदवा एवं चरकावा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संपूर्ण स्वच्छता से संबंधित संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के कर्मियों एवं जीविका दीदियों की सहभागिता से स्वच्छता संवाद, जागरूकता अभियान, पदयात्रा एवं स्वच्छता शपथ सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस

दौरान लोगों को सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई रखने, कचरे का उचित प्रबंधन करने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में स्वच्छता पर्यवेक्षक रणधीर कुमार, मोहम्मद मूसा, संटू कुमार, वीणा कुमारी, मोहम्मद मेराज, रामकुमार यादव, रामेश्वर चौधरी, संजू यादव, नारायण कुमार, अनिल कुमार, अरविंद कुमार एवं मदन कुमार सहित अन्य कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

भूमिहीनों को मिलेगी वासभूमि, 28 सितंबर तक लिए जाएंगे आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। अभियान बसेरा के अंतर्गत वासभूमिहीन परिवारों को गृहस्थल (वासभूमि) उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिले की सभी पंचायतों में विशेष शिविरों का व्यापक रूप से आयोजन किया जा रहा है। पंचायत सरकार भवनों एवं संबंधित अंचल कार्यालयों में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से संभावित वासभूमिहीन लाभुकों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। आवेदन प्राप्त करने के साथ ही आवेदकों

को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पावती उपलब्ध कराने तथा ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के संबंध में भी आमजनों को जानकारी दी जा रही है। राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में 22 सितंबर से 28 सितंबर तक विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वासभूमिहीन पात्र परिवारों को आवेदन करने के लिए किसी दूरस्थ स्थान अथवा राज्य मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े और उन्हें अपने स्थानीय स्तर पर ही आवेदन जमा करने की सुविधा उपलब्ध हो। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिले के सभी पंचायत सरकार भवनों में विशेष शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। संबंधित अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने तथा शिविरों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संबंधित अंचल कार्यालयों में भी वासभूमिहीन परिवारों से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि अभियान बसेरा के अंतर्गत वासभूमि की आवश्यकता रखने वाले पात्र परिवार अपने संबंधित पंचायत सरकार भवन में आयोजित विशेष शिविर अथवा अंचल कार्यालय में निर्धारित अवधि के दौरान आवेदन अवश्य करें तथा उपलब्ध ऑनलाइन सुविधा का भी लाभ उठाएं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि अभियान के माध्यम से जिले के पात्र वासभूमिहीन परिवारों तक योजना का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से पहुंचाया जा सके।

आम सूचना

मैं उमाशंकर कुमार, पिता- स्व. ब्रह्मचारी सुरेन्द्र मित्र, ग्राम+पोस्ट- गोपालबाद थाना- सरमेरा, जिला- नालंदा पिन 811104 का निवासी हूँ। मेरे पास 3.125 डिसमिल जमीन का टुकड़ा रानीपुर (पटना) में है जिसका खाता सं. 511, खेसरा सं.- 4005, डीड नं.- 25279 एवं निबंधन तिथि 11.10.2010 है जो खो गया है। जिसका सनहा गाँधी मैदान थाना पटना में कराया है, जिसका सनहा नं.- SDE No- 1193/26, दि.21.09.26 है। मैं इस प्रॉपर्टी पर SBI, B.S.E.B., Branch में गिरवी रख कर लोन ले रहा हूँ। जिस किसी व्यक्ति को मिले तो कृपया करके सूचित करें। मो. 9835231400

वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर सीएम ने किया माल्यार्पण, संग्रहालय का निरीक्षण

3डी डॉक्यूमेंट्री के जरिये देखी शौर्य गाथा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जगदीशपुर। 1857 के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की ऐतिहासिक नगरी जगदीशपुर पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को वीर कुंवर सिंह के किला एवं संग्रहालय परिसर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने किला परिसर में बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संग्रहालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां प्रदर्शित ऐतिहासिक वस्तुओं एवं वीर कुंवर सिंह से जुड़ी स्मृतियों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 3डी डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बाबू वीर कुंवर सिंह की शौर्य गाथा को भी देखा। उन्हें वीर कुंवर सिंह की स्मृति में मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किला मैदान परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। किला मैदान में प्रवेश के दौरान

किन्नर समाज की ओर से शंखनाद कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया तथा उनके ललाट पर तिलक लगाया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल पर प्रदर्शित जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी ली। तय कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर बाद शारदा ब्रजराज खेल मैदान स्थित हेलीपैड पर उतरा। वहां से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें किला मैदान लाया गया। मुख्यमंत्री करीब आधे घंटे तक किला मैदान परिसर में रहे। इस दौरान उन्होंने वीर कुंवर सिंह की ऐतिहासिक विरासत और संग्रहालय में संरक्षित स्मृतियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में बिहार के मुख्य सचिव, डीजीपी, मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा, मंत्री संजय सिंह टाइगर, मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, एमएलसी सोनू राय, विधायक राधाचरण साह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राकेश रंजन उर्फ राकेश ओझा, पूर्व विधायक सुनील पांडेय, आशा देवी समेत एनडीए गठबंधन के विभिन्न दलों के जिलाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री के जगदीशपुर आगमन को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह था। लोगों को उम्मीद थी कि ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह किला परिसर को पर्यटक स्थल का दर्ज़ा देने के साथ इसके विकास, संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर सरकार की ओर से कोई बड़ी घोषणा की जाएगी। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान ऐसी कोई घोषणा नहीं होने से स्थानीय लोगों में मायूसी देखी गई। क्षेत्रवासी लंबे समय से वीर कुंवर सिंह के किला एवं संग्रहालय को पर्यटन के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने की मांग करते रहे हैं। लोगों का कहना है कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में बाबू वीर कुंवर सिंह की ऐतिहासिक भूमिका को देखते हुए जगदीशपुर के किला परिसर को बेहतर पर्यटन सुविधाओं से विकसित किए जाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी, भोजपुर के जिलाधिकारी मुनेश कुमार मीणा और एसपी अवधेश दीक्षित ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था की कमान संभाल रखी थी। हेलीपैड और किला मैदान के आसपास करीब पांच किलोमीटर के दायरे को अस्थायी रूप से नो-ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया गया था। सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ कार्यक्रम स्थल पर आने-जाने वालों की निगरानी भी की गई।

'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर पूर्व रेलवे में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। पूर्व रेलवे के सतर्कता विभाग द्वारा बुधवार को निवारक सतर्कता अभियान के तहत 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषयवस्तु पर सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व रेलवे की महाप्रबंधक गीतिका पांडेय ने कहा कि लोक सेवा में उत्कृष्टता के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक हैं। सतर्कता को केवल प्रवर्तन तंत्र के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे निवारक कार्रवाई, व्यवस्थागत सुदृढ़ीकरण तथा संभावित कमजोरियों को दूर करने के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए। संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। बेलूर मठ के स्वामी वेदातीतानंद महाराज ने शासन में

नैतिकता तथा लोक प्रशासन में मूल्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के धीरज खेत्रपाल ने भ्रष्टाचार की रोकथाम, जांच तथा अभियोजन की स्वीकृति से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। केंद्रीय सतर्कता आयोग के पूर्व निदेशक राजीव वर्मा ने समकालीन सतर्कता कार्यप्रणालियों, सतर्कता ढांचे में हो रहे बदलावों तथा सीवीसी सतर्कता नियमावली में हालिया विकासक्रम पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का समापन लोक सेवा में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सदाचार के प्रति प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक एस पी सिंह, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष, हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक विशाल कपूर, सियालदह के मंडल रेल प्रबंधक राजीव सक्सेना, वरिष्ठ सतर्कता अधिकारियों के साथ साथ पूर्वोत्तर रेलवे, मेट्रो रेल, दक्षिण पूर्व रेल्वे और विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मछली पकड़ने गए बुजुर्ग का बांध में मिला शव

झाझा/जमुई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। झाझा प्रखंड क्षेत्र के द्वारपहड़ी थाना क्षेत्र के योगियाटीला गांव स्थित एक बांध में बुधवार को बुजुर्ग का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी द्वारपहड़ी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष क्षेबर राम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया। इसके बाद मृतक की पहचान लालसिक यादव (60)के रूप में हुई। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया।थानाध्यक्ष के अनुसार लालसिक यादव मंगलवार की शाम मछली मारने की बात कहकर घर से निकले थे।

मालदा मंडल ने मनाई रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में आयोजित राजभाषा पखवाड़ा के तहत ई- पत्रिका' बढ़ते कदम' के हिंदी दिवस संदेश का विमोचन एवं हिन्दी संगोष्ठी का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मालदा रेल मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित हिंदी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार एवं सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित शाखा अधिकारियों ने भी दिनकर जी के तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान वक्ताओं द्वारा

दिनकर के साहित्यिक योगदान तथा हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति उनके महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार प्रस्तुत किए गए। बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, मालदा के अनुदेशक पवन कुमार पोद्दार द्वारा रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध रचना 'उर्वशी' पर विश्लेषणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया और हिंदी : जनसंवाद का नया माध्यम विषय पर हिंदी संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदी के बढ़ते प्रयोग तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए जनसंवाद को अधिक प्रभावी बनाने में हिंदी की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। विषय पर वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श प्रवीण कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह एवं वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) निलेश कुमार गौरव ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मालदा मंडल के विभिन्न विभागों के शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार, साहित्यिक अभिरुचि तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। मालदा मंडल द्वारा राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

महिलाओं के न्याय और अधिकारों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमुई। बुधवार को जिले के दौलतपुर स्थित सामुदायिक भवन में महिला एवं बाल विकास निगम अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा नारी अदालत सह सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दौलतपुर की मुखिया सह नारी अदालत अध्यक्ष रानी देवी की गरिमामयी उपस्थिति में नारी अदालत की भूमिका, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीण महिलाओं ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस अवसर पर न्याय सखियों के बीच ड्रेस का वितरण भी किया गया। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि नारी अदालत महिलाओं से जुड़े पारिवारिक एवं सामाजिक विवादों के समाधान में संवाद, आपसी

समझ एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सहयोग प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है। इसके माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने तथा उपलब्ध सहायता एवं सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं ग्रामीण समुदाय को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित संबल एवं सामर्थ्य से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर (सखी), शक्ति सदन, सखी निवास एवं कामकाजी महिला आवास सहित महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्रता एवं संबंधित सेवाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक मुकेश कुमार, मनो-सामाजिक परामर्शदाता शालू सिन्हा एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ विकाश कुमार सहित नारी अदालत के सभी सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को न्याय एवं सहायता की स्थानीय व्यवस्था से जोड़ना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं की जानकारी पहुंचाकर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है।

शिक्षक से मारपीट के विरोध में निजी स्कूल-कोचिंग बंद, निकाला मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मीनापुर के एक विद्यालय में अभिभावक द्वारा शिक्षक के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में बुधवार को जिले के निजी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई ठप रही। इंडियन एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स के आह्वान पर आयोजित बंदी में बड़ी संख्या में शिक्षण संस्थानों ने सहभागिता की। शिक्षकों के सम्मान और सुरक्षा की मांग को लेकर मीनापुर में मार्च भी निकाला गया।

99 प्रतिशत संस्थानों ने किया समर्थन

इंडियन एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स के वाइस प्रेसिडेंट राकेश सम्राट ने बंदी को सफल बताते हुए दावा किया कि जिले के करीब 99 प्रतिशत निजी विद्यालयों ने इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के साथ मारपीट की घटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि शिक्षकों के सम्मान और गरिमा से जुड़ा विषय है। बंदी के समर्थन में मीनापुर में मार्च निकाला गया। इसमें मुजफ्फरपुर शहर के अलावा औराई, बोचहां, गायघाट, मीनापुर, पारू, सरैया, मड़वन, सकरा और कुढ़नी समेत विभिन्न प्रखंडों के विद्यालय निदेशक, प्राचार्य और शिक्षक शामिल हुए। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी मार्च में भाग लेकर शिक्षकों के सम्मान के पक्ष में अपनी आवाज उठाई।

अभिभावकों से सहयोग की अपील

मार्च में शामिल अभिभावकों ने कहा कि अधिकांश अभिभावक विद्यालय और शिक्षकों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार रखते हैं। कुछ लोगों की अनुशासनहीनता के कारण सभी अभिभावकों या विद्यार्थियों को गलत नजर से नहीं देखा जाना चाहिए। एसोसिएशन ने भी अभिभावकों से किसी शिकायत की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों के समक्ष बात रखने की अपील की। राकेश सम्राट ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था तभी बेहतर रह सकती है, जब शिक्षक, विद्यार्थी, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन के बीच सम्मान और विश्वास बना रहे। शिक्षक के साथ मारपीट या दुर्व्यवहार किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने प्रशासन से ऐसी घटनाओं में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि शिक्षकों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिल सके।

25 बाइकर्स के स्वागत के लिए आ सकते हैं मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में संयोजक एवं सह संयोजक मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यों को जिले के प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक हर घर पहुंचाने का लक्ष्य कार्यक्रम है। आगामी कार्यक्रम आंगन का मिलन जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रो में बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। आंगनबाड़ी के लाभार्थियों से संवाद किया जाएगा। आंगन का मिलन संयोजक सीमा गुप्ता एवं सह संयोजक महिला मोर्चा पूजा सिंह ने बताया कि 29 सितबर से 1 अक्टूबर तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन' और पोषण व स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विशेष कार्यक्रम अयोजित किये जाएंगे। वडनगर से वाराणसी से जो 25 बाइकर्स प्रधानमंत्री के गांव से जल लेकर आ रहे हैं। झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज से बिहार के औरंगाबाद में प्रवेश करेंगे। बाइकर्स को स्वगत करने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री का संभवतः आगमन हो सकता है। तेयारियों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, रंजीत कुशवाहा, जिला मंत्री अशोक पांडे, सुबोध कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, डॉ पूर्णिमा सिंह, उषा सिंह, कमला देवी, सोनम भारती, गुड़िया सिंह, रेणु देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

बाढ़ से प्रभावित किसान अनुदान के लिए आवेदन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का त्वरित सर्वेक्षण एवं सत्यापन कराते हुए पात्र किसानों को नियमानुसार कृषि इनपुट अनुदान का लाभ उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सोन एवं अन्य नदियों के बढ़े जलस्तर के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में फसल प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हुई है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार जिले में लगभग 3,939 हेक्टेयर फसल क्षेत्र प्रभावित होने का अनुमान है। कृषि विभाग द्वारा प्रभावित फसल क्षेत्रों का सर्वेक्षण एवं सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। प्रभावित क्षेत्रों में दाउदनगर, हसपुरा, गोह, रफीगंज एवं नबीनगर प्रखंड शामिल हैं। फसल क्षति से प्रभावित पात्र किसानों को कृषि इनपुट अनुदान का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। किसान 29 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फसल क्षति के वास्तविक आकलन एवं पात्रता के सत्यापन के लिए जीपीएस आधारित फोटोग्राफी एवं स्थल सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके माध्यम से प्रभावित फसल क्षेत्र एवं क्षति का वास्तविक आकलन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि नियमानुसार पात्र किसानों को निर्धारित प्रावधानों के तहत कृषि इनपुट अनुदान का लाभ उपलब्ध कराया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित एवं पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। आवेदन करने में किसी प्रकार की कठिनाई होने अथवा आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए किसान संबंधित कृषि पदाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।किसानों की सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए इन पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, दाउदनगर बीएओ अनिल कुमार, हसपुरा बीएओ रंजीत कुमार, गोह बीएओ राहुल कृष्णमूर्ति, रफीगंज बीएओ अमृता, नबीनगर नोडल कृषि समन्वयक आशुतोष कुमार, राकेश रंजन, रजनीकांत भारती से संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा सभी प्रभावित एवं पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे 29 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन आवेदन कर दें, ताकि फसल क्षति के सत्यापन के उपरांत नियमानुसार कृषि इनपुट अनुदान का लाभ उपलब्ध कराने की कार्रवाई समयबद्ध रूप से की जा सके।

भोजपुर से जाएंगे हजारों युवा : राजेश्वर पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा/भोजपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के भोजपुर जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आज 24 सितंबर 2026 को पटना के वेटरनरी कॉलेज मैदान में लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के साथ युवाओं का संवाद कार्यक्रम 'यूथ बोले तो' आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवा शामिल होकर शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, तकनीक और अपने भविष्य से जुड़े विषयों पर संवाद करेंगे। राजेश्वर पासवान ने कहा कि भोजपुर से जिला कार्यक्रम प्रभारी हुलास पाण्डेय के नेतृत्व मे सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षों, पार्टी पदाधिकारियों ने अपने हजारों युवा के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। भोजपुर से युवाओं को पटना ले जाने के लिए सैकड़ों वाहनों की व्यवस्था की गई है। सभी वाहनों को दोपहर 12 बजे तक सकड्डी बाजार, टोल प्लाजा कुल्हड़िया से पहले, बाईं तरफ निर्धारित स्थान पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। वहां से सभी वाहन एक साथ पटना के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भोजपुर के विभिन्न हॉस्टल, छात्रावास, शैक्षणिक संस्थानों एवं इंस्टीट्यूट से भी बड़ी संख्या में युवा पटना पहुंचेंगे और श्री चिराग पासवान जी के साथ होने वाले संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने भोजपुर के सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि भोजपुर का हर युवा इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचे और चिराग पासवान की बातों को सुने तथा अपनी समस्याओं और सुझावों को उनके सामने रखे। उन्होंने कहा कि जब युवा बोलेगा, तो उसकी आवाज सदन तक पहुंचेगी। युवाओं की समस्याओं का समाधान संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। युवा आयोग के गठन की मांग भी युवाओं के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है और इस दिशा में मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि 'यूथ बोले तो' कार्यक्रम युवाओं को अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करेगा और युवाओं की शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता तथा भविष्य से जुड़े मुद्दों पर खुलकर संवाद होगा।

केशरवानी समाज ने मनाई कश्यप मुनि जयंती

बखरी (बेगूसराय) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। केशरवानी समाज के कुलगुरु महर्षि कश्यप मुनि की जयंती सोमवार की देर शाम केशरी धर्मशाला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत कश्यप मुनि के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कश्यप मुनि के जीवन, आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दिलीप केशरी ने की। उन्होंने समाज के लोगों से कश्यप मुनि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने और समाज की एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया। मौके पर महासचिव गुड्डू केशरी, उपाध्यक्ष अभिमन्यु केशरी, रामदयाल केशरी, विकास केशरी, गौरव कुमार, अनुराग केशरी, पियूष केशरी, कुंदन केशरी, ओमप्रकाश केशरी, सचिन केशरी,महिला सभा की अध्यक्ष मेरी केशरी, संध्या केशरी, प्रियंका केशरी समेत अन्य महिलाएं भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

दरभंगा में दो पुलिस पदाधिकारी निलंबित

गंभीर मामलों की जांच में लापरवाही और कार्रवाई में अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। दरभंगा में गंभीर मामलों के अनुसंधान में लापरवाही और पुलिस कार्रवाई में अनियमितता के आरोप में दो पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। सीनियर एसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने महिला थाना और साइबर थाना में पदस्थापित दोनों पुलिस पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिस पदाधिकारियों पर गंभीर मामलों की जांच में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरतने का आरोप था। इसके अलावा पुलिस कार्रवाई में भी अनियमितता की शिकायत सामने आई थी। मामले की समीक्षा के बाद सीनियर एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए दोनों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। महिला थाना में तैनात पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ गंभीर मामलों के अनुसंधान में लापरवाही बरतने की बात सामने आई। वहीं साइबर थाना में पदस्थापित दूसरे पुलिस पदाधिकारी पर भी अनुसंधान और पुलिस कार्रवाई से जुड़ी अनियमितता के आरोप लगे। अधिकारियों के स्तर पर मामले की समीक्षा के बाद दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस विभाग में गंभीर मामलों के अनुसंधान को लेकर अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया और नियमों का पालन करने के निर्देश दिए जाते हैं। ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में सीनियर एसपी की ओर से यह कदम उठाया गया है। निलंबन की कार्रवाई के बाद संबंधित मामलों के अनुसंधान और अब तक की गई पुलिस कार्रवाई की भी समीक्षा की जा सकती है। पुलिस अधिकारियों की ओर से रिकॉर्ड और केस से जुड़े दस्तावेजों की जांच के आधार पर आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी। सीनियर एसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने पुलिस पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का संदेश दिया है। दो पुलिस पदाधिकारियों के निलंबन की कार्रवाई के बाद अब संबंधित मामलों में आगे की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी।

नाबालिग के यौन शोषण का आरोप

बखरी। थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग किशोरी की मां द्वारा बखरी थाना में आवेदन दिया गया कि उनकी पुत्री के साथ कोचिंग में पढ़ाने वाले युवक द्वारा शारीरिक शोषण किया गया है। आवेदन के अनुसार पीड़िता बखरी स्थित कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करती थी। आरोपी सौरभ कुमार द्वारा उसे बहला-फुसलाकर संपर्क में लिया गया। आरोप है कि आरोपी द्वारा पीड़िता को बुलाकर गलत काम की गई। परिजनों द्वारा पूछताछ करने पर घटना की जानकारी सामने आई। किशोरी की मां का आरोप है कि आरोपी और कोचिंग संचालक से बात करने पर उन्हें धमकी दी गई। लिखित आवेदन पर थाना की पुलिस ने पोक्सो एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता को मेडिकल जांच हेतु महिला पुलिस के संरक्षण में सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।

सभी चिकित्सा पद्धतियों में समन्वय से ही बेहतर इलाज संभव : डीएम

राजकीय अयोध्या शिवकुमारी महाविद्यालय में 11वें आर्युवेद दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय में ग्यारहवें आयुर्वेद दिवस का उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी रिची पांडेय ने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धतियों में समन्वय स्थापित कर ही रोगों का बेहतर इलाज किया जा सकता है। एलोपैथी और आयुर्वेद में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, दोनों के समन्वय से पूरे देश के स्वास्थ्य सिस्टम को ठीक किया जा सकता है। डीएम ने कहा कि आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है, जो प्राचीन काल से लोकप्रिय है। कोरोना काल में आयुर्वेद ने अपनी सफलता का झंडा गाड़ा है। छात्रों को गुरु-शिष्य परंपरा को बनाए रखने और संवाद जारी रखने की सलाह दी। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि कोई भी चिकित्सा पद्धति प्रतिस्पर्धी नहीं होती, दोनों को कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए। प्राचार्य डॉ. श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरे विश्व में आयुर्वेद औषधियों और चिकित्सकों की मांग बढ़ी है। सदर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह ने भी आयुर्वेद का समर्थन किया। होराइजन-04 के तहत वैज्ञानिक सत्र में दिल्ली के चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद संस्थान के डॉ. महेश कुमार ने आयुर्वेद में शल्य कर्म और अग्निकर्म पर व्याख्यान दिया। बीएचयू के प्रोफ़ेसर एमेरिटस डॉ. चंद्रभूषण झा ने रस शास्त्र के माध्यम से हेल्थ प्रमोशन पर टिप्स दिए। तीसरे सत्र में छात्रों ने पेपर प्रेजेंटेशन किया। इस मौके पर डीएम को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन डॉ. सुशांत कुमार व डॉ. रमन रंजन ने किया, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गार्गी प्रसाद शुक्ल ने किया।

दिनकर जयंती पर बेगूसराय को मिली बड़ी सौगात

गिरिराज सिंह की पहल लाई रंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर बेगूसराय को बड़ी शैक्षणिक सौगात मिली है। बिहार मंत्रिपरिषद ने बेगूसराय में 'रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय' की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विश्वविद्यालय में पदाधिकारी एवं कर्मियों के वेतनादि के लिए 15 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। बताया गया कि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर बेगूसराय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने 22 जून 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर यह मांग रखी थी, फिर 19 जुलाई को आईओसीएल स्टेडियम के कार्यक्रम में दोहराया। उसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की घोषणा की थी। घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने स्थायी परिसर के लिए 15 एकड़ भूमि चिह्नित कर उच्च शिक्षा विभाग को प्रतिवेदन भेजा, जिससे प्रक्रिया तेज हुई। यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा, शोध, साहित्य और भारतीय चिंतन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा और राष्ट्रकवि दिनकर की साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाएगा। इससे स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा व शोध के बेहतर अवसर मिलेंगे और बेगूसराय की शैक्षणिक पहचान को नई दिशा मिलेगी।

दिनकर जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जयंती पर बुधवार को जिला प्रशासन और कला-संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह दिनकर भवन, स्वर्ण जयंती पुस्तकालय, दिनकर चौक जीरोमाइल, दिनकर ग्राम सिमरिया और दिनकर आवास सिमरिया में प्रतिमा व स्मृति स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी रिची पांडेय, एसपी मनीष, विधायक कुंदन कुमार, बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक सत्य प्रकाश, महापौर पिंकी देवी, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद समाहरणालय के कारगिल विजय सभा भवन में 'रश्मिरथी की प्रासंगिकता आज के समय में' विषय पर व्याख्यान सत्र हुआ। मुख्य वक्ता बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार वर्मा 'रवि' और प्रो. सिद्धेश्वर काश्यप ने दिनकर के साहित्य में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना और समकालीन संदर्भों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाट्य मंचन और कवि सम्मेलन भी हुए, जिसमें साहित्यप्रेमियों और नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

एलएनएमयू छात्र संघ चुनाव को लेकर संचालन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में आगामी छात्र संघ चुनाव हेतु गठित संचालन समिति की बैठक प्रॉक्टर कार्यालय में कुलानुशासक के संयोजकत्व में आयोजित की गई, जिसमें छात्र कल्याण-अध्यक्ष प्रो अशोक कुमार मेहता, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम डब्ल्यूआईटी के निदेशक प्रो अजय कुमार झा, उप कुलानुशासक डॉ कामेश्वर पासवान, पीजी एथलेटिक्स के अध्यक्ष डॉ प्रियंका राय आदि उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन, परीक्षा, पर्व-त्योहारों एवं विश्वविद्यालय अवकाश तालिका को ध्यान में रखते हुए चुनाव संचालन के कार्यक्रम एवं तिथि आदि का निर्धारण किया जाए। वहीं सभी अंगीभूत कॉलेजों के प्रधानाचार्यों एवं स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों से भी आग्रह किया जाए कि वे मतदाता सूची की तैयारी के साथ ही दो सप्ताह के भीतर अपना स्पष्ट मंतव्य भी मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो मुनेश्वर यादव को उपलब्ध करा दें, ताकि चुनाव की तिथि का निर्णय लिया जा सके। चुनाव संचालन के लिए प्रशासनिक सहयोग हेतु दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय के चुनाव नोडल पदाधिकारियों को अधिकृत किया जाए कि वे अपने-अपने जिला पदाधिकारी एवं आरक्षी अधीक्षक से संपर्क कर पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के साथ ही शांतिपूर्ण चुनाव आयोजन के लिए सक्रिय सहयोग कर सकें। कुलानुशासक ने बताया कि इस संबंध में चारों जिला के चुनाव नोडल पदाधिकारियों को शीघ्र ही पत्र भेजा जा रहा है।

ओज के चैतन्य पुरुष थे दिनकर : प्रो. चंद्र भूषण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। रमा बल्लभ जालान बेला महाविद्यालय बेला एवं राष्ट्रभाषा हिंदी विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्र कवि दिनकर जयंती समारोह बुधवार को मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र कुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दिनकर की तस्वीर पर माल्यार्पण सह दीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य ने मंचासीन अतिथि को पाग, चादर, माला, दिनकर स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ रामचंद्र चंद्रेश ने कहा कि हिंदी साहित्य संसार एवं भारतीय इतिहास में अमर है। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व महान था। राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण कार्य किया है। दिनकर ने अपना चिंतन राष्ट्र और राष्ट्रीयता को ही समर्पित किया था। दिनकर जी राष्ट्र और समाज के लिए काल जयी रचना कार थे। उन्होंने हिंदी भाषा को समृद्ध किया है। मुख्य अतिथि हिंदी प्रोफ़ेसर साहित्यकार डॉ रामचंद्र सिंह चंद्रेश ने कहा कि राग और आग के चितेरे राष्ट्रकवि दिनकर दुख दलदल के ही प्रस्फुटित कमल थे। उन्होंने प्रथम रचना राष्ट्रीय चेतना को फैलाने के लिए ही बारदोली विजय लिखी और अंतिम 'हारे को हरीनाम'। साहित्यकार राजन कार्तिकेय ने दिनकर की राष्ट्रीय चेतना संदर्भित तथ्यों को रखते हुए दिनकर शीर्षक कविता का पाठ किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. चंद्र भूषण चौधरी ने कहा कि दिनकर चेतना के चैतन्य पुरुष थे। ओज और ऊर्ज़ा के उद्गाता साधना के अमर साधक, कला के पुजारी, साहित्य संस्कृति के साधक थे। अध्यक्षीय अभिभाषण में डॉ नरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि दिनकर जी ने अपनी हुंकार से समाज को जागृत किया। सचमुच दिनकर जी पौरुष के पूंजीभूत ज्वाला थे। इनके निबंधों में भी राष्ट्र चिंतन है। राष्ट्र के निर्माण में दिनकर का चिंतन अनुकरणीय है। विचार प्रस्तुत करने वालों में कवित्री रितु कुमारी, रूपा कुमारी, राजन कार्तिक, अशोक भगत, अतुल मिश्रा, मुकेश झा, काव्य सुमन चढ़ाये। कार्यक्रम संचालन परिषद अध्यक्ष हीरालाल साहनी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो शिवनारायण राय ने किया। इस सभा में प्रोलाल टूना झा, प्रो कामेश्वर यादव, प्रो अमरनाथ झा, प्रो असलम बहादुर यादव एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। इसके अलावा बैजनाथ, सुरेश, अनिल कुमार ठाकुर, वीरेंदर एवं सुजीत, वीरेंद्र, विनय, शिवम, अनीश चंद्र, मोहन, गुंजा कुमारी, मौसम एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिए।

शिक्षण संस्थानों में मनाई गई दिनकर जयंती

भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के सभी विद्यालयों में बुधवार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।विद्यालयों में राष्ट्रकवि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच काव्य पाठ एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने दिनकर जी की कविताओं का सस्वर पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, विश्वनाथ कुमार, प्रकाश रंजन ,विवेक कुमार, गोपाल राय,प्रमोद साह सहित अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक कर्मा सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भगवानपुर। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक तीन दिवसीय कर्मा-धर्मा पर्व मंगलवार को पूरी रात श्रद्धा और भक्ति के साथ हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ। पर्व को लेकर सुबह से ही ग्रामीण इलाकों में उत्सवी माहौल बना रहा। घरों से लेकर पूजा स्थलों तक महिलाओं और युवतियों की चहल-पहल देखने को मिली। पर्व के अवसर पर बहनों ने विधि-विधान और पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि एवं खुशहाल जीवन की कामना की। कई गांवों में बहनों की टोली पारंपरिक गीत गाते हुए पूजा स्थल और पोखर तक पहुंची, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोकगीतों की गूंज से वातावरण पूरी तरह उत्सवी नजर आया। पारंपरिक रस्म के तहत बहनों ने अपने भाइयों का हाथ पकड़कर उन्हें पोखर तक ले गईं। इसके बाद पोखर में स्नान और पूजा-अर्चना से जुड़े विभिन्न अनुष्ठान पूरे किए। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से पूजा संपन्न होने के बाद बहनों ने अपने भाइयों के सुखद एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना, खास बात यह रही कि पर्व में बुजुर्ग महिलाओं के साथ नई पीढ़ी की बेटियों और युवतियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बुजुर्गों से पर्व की विधि और पारंपरिक रस्मों की जानकारी लेकर नई पीढ़ी भी इस लोक परंपरा को आगे बढ़ा रही है। कई घरों में महिलाओं व युवतियों ने समूह में कर्मा-धर्मा की प्रतिमा बनाकर और पूजा स्थल को सजा-धजाकर पूजन किया तथा रात्रि जागरण किया।

विश्वविद्यालय को सूचना देकर कॉलेज शुरू कर सकेगा सर्टिफिकेट कोर्स

एलएनएमयू विद्वत परिषद् की बैठक में लिए गए कई निर्णय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विद्वत परिषद् की महत्त्वपूर्ण बैठक कल देर शाम कुलपति आवास पर हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई, जिसमें प्रो हरे कृष्ण सिंह, प्रो अशोक कुमार मेहता, डॉ दिव्या रानी हंसदा आदि ऑफलाइन तथा अन्य सदस्य ऑनलाइन उपस्थित थे। गणपूर्ति की साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हांसदा ने सदस्यों का स्वागत एवं संचालन करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियां की विस्तृत चर्चा की। सर्वप्रथम विद्वत परिषद् बैठक की कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई। बिहार लोक भवन, पटना द्वारा प्राप्त 'एडॉप्शन ऑफ द सिलेबस ऑफ़ इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम एज ए वैल्यू ऐडेड कोर्स इन सेमेस्टर फर्स्ट फॉर पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स इन' का सदस्यों ने अनुमोदन किया। एमआरएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य द्वारा अपने कॉलेज में इंडियन नॉलेज सिस्टम, स्टूडेंट काउंसलिंग, क्लिनिकल न्यूट्रिशन एंड डायटेटिक्स, फॉरेंसिक साइंस, 'हेल्थ, हाइजीन एंड सैनिटेशन', 'फोक म्यूजिक एंड फोक आर्ट्स डॉक्यूमेंटेशन, 'डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट एंड जी आई एस' तथा 'हिन्दी, मैथिली, संस्कृत, बांग्ला, उर्दू, पर्शियन एवं इंग्लिश ट्रांसलेशन' में सर्टिफिकेट प्रोग्राम प्रारंभ करने के प्रस्ताव पर विचार- विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि एमआरएम कॉलेज सहित अन्य कॉलेज के इच्छुक प्रधानाचार्य भी मूलभूत सुविधाओं एवं शिक्षकों आदि की उपलब्धता के आधार पर विश्वविद्यालय को सूचना देकर अपने कॉलेज में उक्त स्व वित्तपोषित सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ कर सकते हैं। वहीं सीएम कॉलेज, दरभंगा में 'एमए इन एजुकेशन' की पढ़ाई संबंधी पारित प्रस्ताव के साथ ही प्रो एच के सिंह के प्रस्ताव पर उक्त कोर्स की विश्वविद्यालय स्तर पर बीएड (रेगुलर) विभाग में भी पढ़ाई प्रारंभ करने की अनुमति दी गई। इन कोर्सों के अकाउंट का संचालन कोर्स कोआर्डिनेटर की रिपोर्ट के आलोक में प्रधानाचार्य एवं बर्सर के संयुक्त हस्ताक्षर से होगा। इन सभी कोर्सों के फीस निर्धारण हेतु एमआरएम कॉलेज, दरभंगा की प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो पुष्पम नारायण के संयोजकत्व में चार सदस्यीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया, जिसके अन्य सदस्यों में वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रो हरे कृष्ण सिंह, सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद एवं एमकेएस, चंदौना के प्रधानाचार्य प्रो सिद्धार्थ शंकर सिंह शामिल किए गए। यह समिति अपना प्रतिवेदन 3 से 5 दिनों में समर्पित करेगी, जिसके आलोक में 5 दिनों में डीएसडब्ल्यू कॉलेजों को पत्र भेज देंगे।

विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन को लेकर आयुक्त ने दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। प्रमंडलीय सभागार, दरभंगा में निर्वाची पदाधिकारी, 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-सह-आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा की अध्यक्षता में बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस दौरान आयुक्त ने उपस्थित पत्रकारों एवं संवाददाताओं को निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं निर्धारित कार्यक्रम से अवगत कराया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आयुक्त ने बताया कि बिहार विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 05-दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारणी के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन के लिए 29 सितंबर 2026 को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 07 अक्टूबर 2026 को की जाएगी। वहीं, अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 09 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। आयुक्त ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 अक्टूबर 2026 को मतदान कराया जाएगा तथा 27 अक्टूबर 2026 को मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी प्रक्रियाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं नियमों के अनुरूप संपन्न कराई जाएंगी। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नाम निर्देशन पत्र सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने संबंधित सभी अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन से जुड़े पक्षों से निर्धारित समय-सारणी एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की। आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आयोग के निर्देशों के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से भी निर्वाचन संबंधी आधिकारिक सूचनाओं को प्राथमिकता के साथ प्रसारित करने तथा मतदाताओं एवं निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े लोगों तक सही एवं प्रमाणिक जानकारी पहुंचाने में सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी कौशल कुमार, सहायक समाहर्ता कल्पना रावत, आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल, अविनाश चंद्र, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, दरभंगा प्रमंडल, आकाश ऐश्वर्य, सहायक योजना पदाधिकारी प्रीति कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

दीक्षांत समारोह के आयोजन पर विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। संस्कृत विश्वविद्यालय में प्रस्तावित दीक्षांत समारोह 2026 के सफल आयोजन के लिए बुधवार को कुलपति प्रो लक्ष्मीनिवास पांडेय की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में कई मुद्दे पर गहन विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि समारोह के लिए गठित आयोजन समिति सदस्यों को बैठक कर विभिन्न समितियों के लिए प्रस्ताव कुलपति के समक्ष उपस्थापित करना है। ताकि इस ओर आगे की प्रक्रिया बढ़ाई जा सके। फिलहाल 24 एव 26 अक्टूबर या फिर छठ पूजा के बाद दीक्षांत आयोजित करने पर विचार किया गया। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि समारोह स्थल समेत अन्य जरूरी गतिविधियों के सुचारू सम्पादन पर भी चर्चा की गई। बैठक में सभी विभागों के अध्यक्ष, डीन, परीक्षा नियंत्रक, कुलसचिव, सीसीडीसी, भूसंपदा पदाधिकारी, शिक्षा शास्त्र निदेशक, ओएसडी (शैक्षणिक) समेत अन्य उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। भारतीय जनता पार्टी जिला दरभंगा पश्चिमी के जिला कार्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के आगामी एवं शेष बचे कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रमुख कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा ने की। बैठक में सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी दिनों में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों आंगन उत्सव, सेवा हेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, सेवा मेरा योगदान, सपनों का भारत की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रमों को सफल, सुव्यवस्थित एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित करने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बिंदुवार चर्चा की गई। बैठक में अब तक संपन्न कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों के लिए निर्धारित जिम्मेदारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष अभयानंद झा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा, जनभागीदारी और सुशासन का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के शेष कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता एवं समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक आधार कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से मजबूत होता है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें। बैठक में उपस्थित प्रमुख कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान के आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव भी रखे तथा संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, महामंत्री संतोष पोद्दार, सुजीत मल्लिक, जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, सुनील चौधरी, जिला मंत्री राहुल पासवान, बालेंदु झा, मीना झा, राजेश चौधरी, विनोद सिंह यादव, बबलु मिश्रा सहित मंडल अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बेगूसराय स्टेशन पहुंचे पूर्व मध्य रेल के सीसीएम

बेगूसराय। पूर्व मध्य रेल हाजीपुर से एएख़ दिलीप कुमार शुक्रवार को बेगूसराय स्टेशन पहुंचे, जहां दर्शन अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल ड्डटठएए सदस्य दिलीप कुमार सिन्हा भी उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने बेगूसराय-मुंगेर मार्ग से हावड़ा के लिए ट्रेन चलाने की मांग रखी। साथ ही पूर्व में स्वीकृत 47उ लोहिया नगर लाइट फुट ओवरब्रिज का निर्माण अविलंब शुरू करने, बेगूसराय स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 4-5 का निर्माण, प्लेटफॉर्म के बैलास्ट लेस ट्रैक का काम शुरू करने, अमृत भारत योजना में स्वीकृत बेगूसराय व बरौनी स्टेशन के निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। उन्होंने बेगूसराय, बरौनी सहित सभी प्रमुख स्टेशनों पर राष्ट्रकवि दिनकर की कविताएं सचित्र लगाने का भी आग्रह किया।

बदलते मौसम के अनुरूप खेती की तकनीक में बदलाव जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप किसानों को अपनी खेती की तकनीक और फसल प्रबंधन में भी बदलाव करना होगा। यदि किसान बदलते मौसम के अनुरूप खेती की प्रक्रिया नहीं अपनाते हैं तो कृषि धीरे-धीरे घाटे का सौदा साबित हो सकती है। उक्त बातें अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने बुधवार को हसनपुर बागर पैक्स परिसर में आयोजित किसान संगोष्ठी सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति अनुकूल खेती को बढ़ावा देना जरूरी है। मौसम के बदलाव को ध्यान में रखते हुए फसल का चयन, बुआई का समय, सिंचाई तथा उर्वरक एवं कीटनाशी के प्रयोग की सही तकनीक अपनाकर किसान उत्पादन बढ़ाने के साथ खेती को अधिक लाभप्रद बना सकते हैं। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग द्वारा बतायी जा रही आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की अपील की। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने मिट्टी के स्वास्थ्य और संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता धीरे-धीरे कम करते हुए जैविक खाद के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। जैविक खाद के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में मदद मिलती है तथा मिट्टी की जल अवशोषण क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने जैविक कीटनाशी के प्रयोग पर भी बल देते हुए कहा कि इससे पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहायता मिलती है। प्रशिक्षण के दौरान मोहित झा ने इफको डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग की विधि, मात्रा तथा इससे होने वाले लाभ के संबंध में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संतुलित मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग तथा फसल की आवश्यकता के अनुसार पोषक तत्व उपलब्ध कराने की तकनीक बतायी।

डूबने से दो लड़कियों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बुधवार की सुबह करमा-घरमा पर्व की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गयीं जब पूजा का झूर विसर्जित करने गयीं दो लड़कियों की मौत डूबने से हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुटुंबा प्रखंड के सिंघना गांव में 17 वर्षीय आकांक्षा कुमारी की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य किशोरियों को ग्रामीणों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत में सुधार हो रहा है। मृतका की पहचान सिंघना गांव निवासी दीपक सिंह की पुत्री आकांक्षा कुमारी के रूप में हुई है। हादसे में घायल किशोरियों में राजेश सिंह की पुत्री छाया कुमारी, स्व. बबलू सिंह की पुत्री पायल कुमारी और स्व. रंजन सिंह की पुत्री पुष्पांजलि कुमारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार चारों किशोरियों ने मंगलवार को करमा-धरमा पर्व का उपवास रखा था। पूजा-पाठ संपन्न होने के बाद बुधवार की सुबह सभी पूजा का झूर लेकर पास के तालाब में विसर्जन करने गयी थीं। झूर विसर्जित करने के बाद चारों किशोरियां तालाब में नहाने लगीं। इसी दौरान वे गहरे पानी में चली गयीं और डूबने लगीं। मौके पर मौजूद अन्य किशोरियों ने शोर मचाया। किशोरियों की चीख-पुकार सुनकर मुकेश सिंह दौड़ पड़े और एक-एक कर तीन किशोरियों को तालाब से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। लेकिन आकांक्षा कुमारी गहरे पानी में डूबने के बाद लापता हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और उसकी तलाश शुरू की। कुछ ही देर बाद आकांक्षा का शव तालाब से बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं हसपुरा थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में बुधवार की सुबह कर्मा पूजा के बाद पूजन सामग्री विसर्जन के दौरान पोखरे में स्नान करने गई 13 वर्षीय किशोरी की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान डुमरा गांव निवासी संजय साव की पुत्री सारधा कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रद्धा कुमारी बुधवार की सुबह करीब पांच बजे डुमरा स्थित सूर्य मंदिर के समीप पोखरे में स्नान करने गई थी। इसी दौरान वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

सर्पदंश से दो किसानों की मौत

हसपुरा(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को सर्पदंश से दो किसानों की मौत हो गयी। बताया जाता है कि दाउदनगर थाना क्षेत्र के कनाप गांव निवासी 60 वर्षीय राम अवतार यादव अपने धान की फसल में खाद का छिड़काव करने बधार में गए जहां खेतों में लगी धान फसल के मेड़ पर खाद छिड़काव के लिए जा रहे थे कि विषैला सांप ने उन्हें काट दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों के सहयोग से घर वाले की जानकारी दी। परिजनों ने इलाज कै लिए हसपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। वहीं हसपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर कैथी गांव निवासी स्व. रामचंद्र सिंह के 57 वर्षीय पुत्र किसान भीम सिंह की मृत्यु सांप के काटने से हो गई। परिजनों के अनुसार भीम सिंह गांव से पश्चिम आहर की ओर धान की फसल देखने गए थे। इसी दौरान खेत में उनके पैर में सांप ने काट लिया। सांप के काटने की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सोनहथु पंचायत के पैक्स अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है।

एससी-एसटी अत्याचार मामले में पीड़ितों को मिला दो करोड़ का मुआवजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 एवं नियमावली-1995 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की तृतीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को मुआवजा राशि का भुगतान, पेंशन योजना, गैर-सरकारी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के प्रावधान तथा विशेष लोक अभियोजक के कार्यों एवं न्यायालय में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 1.99 करोड़ रुपये (1,99,56,250 रुपये) व्यय कर कुल 245 पीड़ितों (एफआईआर स्तर पर 175 एवं आरोप पत्र स्तर पर 70) को मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। इसके अतिरिक्त अगस्त 2026 तक हत्या के मामलों से संबंधित कुल 25 आश्रितों को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जा चुका है। अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा के प्रावधान के तहत जिले के गैर-सरकारी स्कूलों में 25 प्रतिशत गरीब/अनुसूचित जाति के बच्चों के नामांकन की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी/समग्र शिक्षा द्वारा सूचित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले के निजी विद्यालयों में कुल 1,817 गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न मामलों/कांडों पर चर्चा की गई। दाउदनगर थाना कांड संख्या-705/25 में पुलिस अधीक्षक द्वारा सूचित किया गया कि कांड में सुसंगत धारा का समावेश कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा विशेष लोक अभियोजक को मामलों में त्वरित कार्यवाही कर निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जाए तथा पात्र पीड़ितों को समय सीमा के अंदर मुआवजा व राहत राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल बिजली मिस्त्री की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। रफीगंज-गुरारू पथ पर बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल बिजली कर्मी उदित कुमार की बनारस ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। 40 वर्षीय उदित कुमार रफीगंज नगर पंचायत में निजी कंपनी के अधीन बिजली कर्मी के रूप में कार्यरत थे। बीते शुक्रवार को हादसे के बाद रफीगंज से मगध मेडिकल कॉलेज गया और फिर बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। मिस्त्री की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी की करीब एक वर्ष पहले ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। अब पति-पत्नी दोनों के निधन के बाद उनकी दो मासूम बेटियां नंदनी और नीतू के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। दोनों बच्चियों की पढ़ाई और उनके भविष्य की चिंता सता रही है। शिशु संघ के अध्यक्ष सुभाष यादव ने मृतक के परिजनों के लिए सरकार और प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा दोनों बच्चियों के भविष्य के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई।

यातायात नियमों के उल्लंघन में तीन करोड़ से अधिक की वसूली

गोल्डन आवर में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेंगे 25 हजार रुपये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गया। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, अतिक्रमण हटाने तथा घायलों एवं मृतकों के आश्रितों को मुआवजा प्रदान करने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले के राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चिन्हित 30 दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। एनएच-139 एवं एनएच-19 पर कई स्थानों जैसे जसोईया मोड़, फार्म मोड़, ओरा पुल आदि पर भीयूपी/फ्लाईओवर निर्माण एवं रंबल स्ट्रिप/साइन बोर्ड लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अन्य स्थानों पर पीबीएमसी योजना के तहत कार्य प्रगति पर है। विशेष जांच अभियान एवं शमन राशि (फाइन) की स्थितिः वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में कुल 31,994,712 रुपये की शमन राशि वसूली गई है। सड़क दुर्घटना के घायलों को 'गोल्डन आवर' में अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीरों को सम्मानित करने एवं 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की योजना (17 जुलाई 2026 से प्रभावी) के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह आदि उपस्थित थे।

विशेष अभियान के तहत 55 लोग गिरफ्तार, छह शराब भट्ठियां ध्वस्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 55 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 29 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में तीन, हत्या के प्रयास में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 39 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। वहीं 71 लीटर देसी शराब, 12 लीटर विदेशी, तीन बाइक, एक ट्रैक्टर एवं 100 सीएसटी बालू जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1126 वाहनों से 95500 रूपये की वसूल की गई। इसी क्रम में 27 वारंटों एवं दो कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा छह शराब भट्ठियों को ध्वस्त करने के साथ 8000 लीटर महुआ फूल को विनष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने को भाजपा की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक कार्यों और उपलब्धियों को औरंगाबाद जिले के साथ-साथ प्रखंड, मंडल, पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा हर घर तक इसकी जानकारी पहुंचाने के लक्ष्य पर चर्चा की गई। अभियान के संयोजक और सह संयोजकों के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाले लाभों के लाभार्थियों के साथ संवाद किया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजक सीमा गुप्ता और सह संयोजक महिला मोर्चा की पूजा सिंह को बनाया गया है। बताया गया कि 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में वडनगर से वाराणसी तक 25 बाइक सवारों के पहुंचने के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि ये बाइक सवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गांव से जल लेकर आ रहे हैं और झारखंड के पलामू जिले के हरिहरगंज से बिहार में प्रवेश करेंगे। बाइक सवारों के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के संभावित आगमन पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता और रंजीत कुशवाहा, जिला मंत्री अशोक पांडे और सुबोध कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, डॉ. पूर्णिमा सिंह, उषा सिंह, कमला देवी, सोनम भारती, गुड़िया सिंह और रेणु देवी उपस्थित रहीं।

बाल श्रम के विरुद्ध सख्ती, एक बाल श्रमिक विमुक्त

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले में बाल श्रम के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अंतर्गत श्रम अधीक्षक अंजू कुमारी द्वारा गठित धावा दल ने गोह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में गोह प्रखंड क्षेत्र के हमीदनगर मोड़ स्थित रौशन छोला चाट एवं पकौड़ी दुकान से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया। विमुक्त बाल श्रमिक को तत्काल सहायता के रूप में 3,000 रूपये की राशि प्रदान की गई। इसके उपरांत बाल श्रमिक को नियमानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। मामले में दोषी नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

सीएसआईआर-यूजीसी नेट में सिन्हा कॉलेज के दो पूर्व छात्रों ने हासिल की जेआरएफ रैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के गणित विभाग के दो पूर्व विद्यार्थियों अजय कुमार और अनुराग हर्ष ने सीएसआईआर-यूजीसी नेट जून 2026 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर महाविद्यालय एवं गणित विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। गणित विभाग के एमएससी गणित सत्र 2017-19 के पूर्व विद्यार्थी अजय कुमार ने यूजीसी-जेआरएफ में 102वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि एमएससी गणित सत्र 2022-24 के पूर्व विद्यार्थी अनुराग हर्ष ने यूजीसी-जेआरएफ में 103वीं रैंक हासिल की है। दोनों विद्यार्थियों की सफलता पर महाविद्यालय में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। ऐसी उपलब्धियां महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष सुदीप कुमार ने भी अजय कुमार और अनुराग हर्ष को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों की सफलता गणित विभाग के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से साबित किया है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की जा सकती है। महाविद्यालय परिवार ने दोनों सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई

औरंगाबाद (बिहार)-824101

पत्रांक-A/C-216/2026 दिनांक-22.09.2026

आम-सूचना

महाविद्यालय के पत्रांक-A/C-216/2026, दिनांक-16.09.2026 के आलोक में प्रकाशित की गयी निविदा को तकनीकी कारणों से आज दिनांक-22.09.2026 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

प्राचार्या

किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय

औरंगाबाद (बिहार)

टेंपो और स्कूटी से 156 लीटर शराब जब्त, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा(औरंगाबाद)। रिसियप पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 156.1 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक टेंपो और एक स्कूटी जब्त कर दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई थाना मोड़ के पास की गई। सूचना के आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध टेंपो को रोककर तलाशी ली। वाहन से 300 एमएल की कुल 411 बोतल (123.3 लीटर) देसी टनाका शराब बरामद हुई। मौके से तस्कर नवीनगर थाना क्षेत्र के अनंदुआ निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार कर टेंपो जब्त कर लिया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई सरसी गांव के समीप एनएच-139 पर सघन वाहन चेकिंग के दौरान हुई। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली नीले रंग की स्कूटी को रोककर जांच की। इससे 200 एमएल की 164 बोतल (32.8 लीटर) 'रॉयल झारखंड' शराब बरामद हुई। इस मामले में जम्होर थाना क्षेत्र के नतरौल निवासी प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर स्कूटी जब्त कर ली गई। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

सत्यापित रिपोर्ट शीघ्र आयोग को भेजने का निर्देश

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार द्वारा मांगी गई सूचनाओं और प्रतिवेदन की समीक्षा करना था। समीक्षा के दौरान मौलिक राजस्व दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन कराने तथा अद्यतन सत्यापित रिपोर्ट शीघ्र आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने गहन सत्यापन कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अद्यतन प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करने का निर्देश दिया।

वज्रपात की चपेट में आने से पति की मौत, पत्नी झुलसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। वज्रपात की चपेट में आने से पति की मौत हो गई जबकि पत्नी को गंभीर अवस्था में इलाज़ के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के देवजरा थाना अंतर्गत घोड़ाडिहरी गांव की है। बुधवार को उस गांव के आहर पिंड पर आम के पेड़ के नीचे बैठे दंपति पर अचानक वज्रपात हुआ और घटनास्थल पर ही पति की मौत हो गई जबकि पत्नी बुरी तरह झुलस गई। मौके पर मृतक के बच्चे समेत गांव के अन्य लोग भी थे लेकिन वे बारिश से पहले घर चले गए थे। घटना के बाद युवक को जिंदा समझकर परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान घोड़ाडिहरी निवासी बलराम भुइयां के 30 वर्षीय पुत्र विजय भुइयां के रुप में की गई है। वहीं महिला की पहचान कविता देवी के रुप में की गई है। बताया जाता है कि विजय भुइयां आम पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। इसी क्रम में अचानक बारिश के साथ पेड़ पर वज्रपात की घटना घटित हुई जिसमें पति की मौत हो गई जबकि पत्नी ज़ख्मी हो गई। बताया जाता है कि बारिश की आशंका से पत्नी कविता देवी अपने पति विजय भुइयां को बुलाने गई थी। थानाध्यक्ष कुशो कुमार घटना की जानकारी मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे और घटना का जायजा लिया। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि मृतक के आश्रितों को भरन पोषण के लिए नियम और प्रावधान के आलोक में आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजा की राशि के लिए अनुशंसा की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि

मो.- 09818366269

वासभूमिहीन लाभुकों को स्थायी स्तर पर मिलेगी जमीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय के सभा कक्ष में अभियान बसेरा के अंतर्गत वासभूमिहीन परिवारों को गृहस्थल (वासभूमि) उपलब्ध कराने के संबंध में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। अपर समाहर्ता ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में अभियान बसेरा के अंतर्गत जिले में वासभूमिहीन परिवारों को चिह्नित कर उन्हें नियमानुसार सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए 22 से 28 सितंबर तक जिले की सभी पंचायतों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। पंचायत सरकार भवनों में राजस्व कर्मचारी एवं संबंधित कर्मियों द्वारा वासभूमिहीन परिवारों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। आवेदन के सत्यापन एवं जांच के उपरांत पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को नियमानुसार सरकारी भूमि की बंदोबस्ती कर वासभूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार की व्यवस्था जिले के सभी अंचल कार्यालयों में भी की गई है जहां इच्छुक वासभूमिहीन परिवार अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य वासभूमिहीन पात्र परिवारों को स्थानीय स्तर पर ही आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध कराना है ताकि उन्हें आवेदन के लिए किसी दूरस्थ स्थान अथवा राज्य मुख्यालय, पटना जाने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान बसेरा के तहत आवेदन अपने संबंधित पंचायत सरकार भवन में आयोजित विशेष शिविर अथवा संबंधित अंचल कार्यालय में ही जमा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत पूर्व में भी जिले में वासभूमिहीन परिवारों को लाभान्वित किया गया है। गत 15 अगस्त को जिले में 1160 वासभूमिहीन लोगों को बंदोबस्ती का पर्चा वितरित किया गया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान अभियान के माध्यम से अब भी वासभूमिहीन रह गए ऐसे परिवारों को चिह्नित किया जा रहा है, जिन्हें भूमि के अभाव में आवास योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होती है। ऐसे परिवारों से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक जांच एवं सत्यापन के बाद पात्रता के अनुरूप नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।